''राष्ट्रीय हिंदी दैनिक अखबार''

समाचार गेट

TITLE CODE : HARHIN11569

वर्ष 02, अंक 37 पृष्ठ 08 मूल्य 01 रूपए वीरवार, 06 फरवरी 2025 samachargate@gmail.com

जरूरी सूचना

सुधी पाठकों को सूचित किया जाता है कि समाचार गेट के नाम पर अगर कोई पत्रकार आपसे पैसे की मांग करता है तो कृपया 9212339503 पर संपर्क करें। समाचार गेट में कार्य कर रहे पत्रकार सिर्फ वही हैं जिनके नाम से खबर छपती हैं।

नगर निगम, नगरपरिषद के चुनाव सिंबल पर लड़ेगी भाजपा : मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी

ट्रिपल इंजन की सरकार बनने पर हरियाणा विकास की नई ऊंचाइयों को छूएगा : नायब सिंह सैनी

नगर निकाय चुनाव और संगठनात्मक विषयों को लेकर हुई पंचकूला में भाजपा की कोर ग्रुप की बैठक

भाजपा नगर निगमों को लेकर अलग-अलग संकल्प पत्र जारी करेगी : डा. सतीश पूनिया

भाजपा विकास के नाम पर वोट मांगेगी, कांग्रेस हमारे लिए कोई चुनौती नहीं : पंडित मोहन लाल बड़ौली

समाचार गेट/ब्यूरो

चंडीगढ़। नगर निकाय चुनाव और संगठनात्मक विषयों को लेकर बुधवार को पंचकूला पार्टी कार्यालय ''पंचकमल'' में भाजपा की कोर ग्रुप की बैठक हुई। इस बैठक में प्रदेश में ट्रिपल इंजन की सरकार बनाने की रणनीति और संगठनात्मक विषयों पर व्यापक चर्चा हुई। बैठक में सहमति बनी की कि भाजपा नगर निगम और नगर परिषद के चुनाव सिंबल पर लड़ेगी। कोर कमेटी की बैठक में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी, भाजपा प्रदेश प्रभारी डा. सतीश पूनिया, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष पंडित मोहन लाल बड़ौली, राष्ट्रीय सचिव ओम प्रकाश धनखड़, केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल, सांसद सुभाष बराला, मंत्री कृष्ण बेदी, संगठन मंत्री फणीन्द्रनाथ शर्मा, प्रदेश महामंत्री डा. अर्चना गुप्ता, वरिष्ठ भाजपा नेता रामबिलास शर्मा, सुनीता दुग्गल, पूर्व मंत्री डा. कमल गुप्ता मौजूद रहे।

कोर ग्रुप की बैठक के बाद हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि भाजपा नगर निगम और नगर परिषद के चुनाव सिंबल पर लड़ेगी। उन्होंने कहा कि मेयर और चेयरमैनों के चुनाव डायरेक्ट होने हैं। चुनाव लड़ने वाले प्रत्याशियों से आवेदन मांगे गए हैं। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि बुधवार को स्थानीय निकाय चुनाव को लेकर दो बैठकें हुई हैं। सीएम आवास पर हुई पहली बैठक में सभी विधायक, जिला अध्यक्ष, चुनाव लड़े हुए प्रत्याशी, मंत्री और जिला प्रभारी और प्रदेश पदाधिकारी मौजूद रहे। उन्होंने कहा कि कोर ग्रुप की बैठक पार्टी कार्यालय पंचकमल में हुई। कोर ग्रुप की इस बैठक में नगर निकाय चुनाव को लेकर कई निर्णय लिए गए। उन्होंने कहा कि 11 फरवरी से नोमिनेशन शुरू होने हैं, इसलिए एक कमेटी बनाने का निर्णय लिया गया है। यह कमेटी जिन-जिन जिलों में चुनाव हैं वहां जाकर चुनाव लड़ने वाले प्रत्याशियों के नाम लेगी। इन नामों पर प्रदेश की कोर कमेटी की बैठक में विचार किया जाएगा।

नायब सिंह सैनी ने कहा कि कोर ग्रुप की बैठक में चुनाव प्रचार, प्रसार, संकल्प पत्र बनाने पर चर्चा हुई है। जल्द ही जिलों की कमेटी, चुनाव संकल्प समिति, चुनाव संचालन समिति और अन्य समितियों का गठन कर लिया जाएगा। चुनाव लड़ने वाले प्रत्याशियों से आवेदन मांगे जाएंगे जिस पर चुनाव संचालन समिति निर्णय लेगी। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने यह भी कहा कि हमारे पास नगरपालिका चुनाव को भी सिंबल पर लड़ने के सुझाव आए हैं जिस पर चर्चा हुई है।

मुख्यमंत्री श्री सैनी ने कहा कि प्रदेश के सभी मंत्री, विधायक, सांसद, केंद्रीय मंत्री और चुनाव लड़े प्रत्याशी नगर निकाय चुनाव में मजबूती से जुटेंगे और हम बड़ी जीत दर्ज करेंगे। उन्होंने कहा कि हरियाणा में भाजपा सरकार ने पिछले 10 वर्षों में लोगों के जीवन को सरल और सुगम बनाने का काम किया है। ट्रिपल इंजन की सरकार बनने पर हरियाणा विकास की नई ऊंचाइयों को छूएगा।

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने दिल्ली विधानसभा चुनाव पर बोलते हुए कहा कि केजरीवाल सरकार से दिल्ली की जनता तंग आ चुकी थी। केजरीवाल ने लोगों से झूठे वादे कर सत्ता हथियाने का काम किया है। अरविंद केजरीवाल के चेहरे का नकाब जनता के सामने उतर चुका है। श्री सैनी ने कहा कि आज वोटिंग के समय दिल्ली की जनता ने आम आदमी पार्टी की सरकार के प्रति अपना गुस्सा उतारा है। श्री सैनी ने दावा करते हुए कहा कि 8 फरवरी को जनता का फैसला भाजपा के पक्ष में आएगा और दिल्ली के साथ-साथ देशभर में जलेबी बंटेगी। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में दिल्ली में भाजपा की पूर्ण बहुमत की सरकार बनेगी। एक सवाल पर बोलते हुए सीएम सैनी ने कहा कि केजरीवाल और कांग्रेस पार्टी एक ही थैली के चट्टे-बट्टे हैं। मोदी सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का विरोध करने में अरविंद केजरीवाल सबसे आगे होते हैं और कांग्रेस तो सदा ईवीएम का राग अलापती रहती है।

नगर निकाय चुनाव में भाजपा की जीत तय : डा. सतीश पूनिया

भाजपा प्रदेश प्रभारी डा. सतीश पूनिया ने मीडिया से बातचीत करते हुए कहा कि नगर निकाय चुनाव में भाजपा की जीत तय है। भाजपा नगर निगम और नगर परिषद चुनाव सिंबल पर लड़ेगी। उन्होंने यह भी कहा कि नगर पालिका चुनाव सिंबल पर लड़ा जाए या नहीं इस पर विचार किया जा रहा है। डा. पूनिया ने कहा कि भाजपा नगर निगमों को लेकर अलग-अलग संकल्प पत्र जारी करेगी।

नगरपालिका प्रधान का चुनाव सिंबल पर लड़ने का विचार कर रही है पार्टी : बड़ौली

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष पंडित मोहन लाल बड़ौली ने कहा कि प्रदेश में चार नगर परिषद और 8 नगर निगम तथा नगरपालिकाओं के चुनाव होने हैं। उन्होंने कहा कि मेयर, चेयरमैन और पार्षद सिंबल पर चुनाव लड़ेंगे। श्री बड़ौली ने कहा कि नगरपालिका प्रधान का चुनाव भी सिंबल पर लड़ने का विचार किया जा रहा है। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि जिला अध्यक्ष और प्रभारी प्रत्याशियों का आवेदन लेंगे। 6 और 7 फरवरी को जिला भाजपा कार्यालयों पर कमेटी बैठेगी और 8 फरवरी को जिला की कोर कमेटी प्रत्याशियों के नामों का पैनल तैयार करेगी। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि 9 फरवरी को चुनाव लड़ने वाले प्रत्याशियों का पैनल प्रदेश की कमेटी के पास आएगा जिस पर चर्चा की जाएगी। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि नगर निगम और नगरपरिषद के चुनाव भाजपा पहले भी सिंबल पर लड़ती आई है। एक सवाल के जवाब में श्री बड़ौली ने कहा कि निकाय चुनाव में भाजपा विकास के नाम पर जनता से वोट मांगेगी। उन्होंने कहा कि प्रदेश में ट्रिपल इंजन की सरकार बनेगी और कांग्रेस हमारे लिए कोई चुनौती नहीं है।

कोर ग्रुप की बैठक में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी, भाजपा प्रदेश प्रभारी डा. सतीश पूनिया, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष पंडित मोहन लाल बड़ौली, राष्ट्रीय सचिव ओम प्रकाश धनखड़, केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल, सांसद सुभाष बराला, मंत्री कृष्ण बेदी, संगठन मंत्री फणीन्द्रनाथ शर्मा, प्रदेश महामंत्री डा. अर्चना गुप्ता, वरिष्ठ भाजपा नेता रामबिलास शर्मा, सुनीता दुग्गल, पूर्व मंत्री डा. कमल गुप्ता मौजूद रहे।

अरावली क्षेत्र में हरित रोजगार के अवसर सृजित करने की योजना : राव नरबीर सिंह

समाचार गेट/ब्यूरो

चंडीगढ़। हरियाणा के पर्यावरण, वन एवं वन्य जीव मंत्री राव नरबीर सिंह ने कहा कि सबसे पुरानी पर्वत श्रृंख्ला अरावली हरियाणा की शान है, हरियाणा सहित दिल्ली, राजस्थान व गुजरात के 1.15 मिलियन हेक्टेयर क्षेत्र में यह फैली हुई है। इसमें पर्यावरण संतुलन को बढ़ाने के लिए प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने मिशन लाइव पर्यावरण के लिए जीवन शैली व एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम की शुरुआत कर लोगों को पर्यावरण से जोड़ने की पहल स्वागत योग्य है। इस कड़ी में हरियाणा ने अरावली क्षेत्र में हरियाली को बढ़ाने के लिए साउदी अरबिया की तर्ज पर अरावली ग्रीन वाल प्रोजेक्ट की रूपरेखा तैयार की है। केंद्रीय पर्यावरण मंत्री श्री भूपेंद्र सिंह यादव कल 6 फरवरी को इस परियोजना का शुभारंभ करेंगे।

राव नरबीर सिंह ने कहा कि साउदी अरब एक रेगिस्तानी देश है परन्तु वहां पर हरित पट्टीयां विकसित कर हरियाली को बड़े आकर्षण ढंग से बढ़ाया है। इसी को देखते हुए भारत सरकार ने हरियाणा को अरावली ग्रीन वाल प्रोजेक्ट तैयार करने की जिम्मेवारी सौंपी हैं। वे स्वंय ग्रीन वाल प्रोजेक्ट का अवलोकन करने के लिए साउदी अरबिया का दौरा कर चुके हैं। उन्होंने कहा कि शीघ्र ही वे नागपुर (महाराष्ट्र) के गोरेवाड़ा वन्यजीव सफारी तथा जाम नगर, गुजरात के वनतारा परियोजना का अध्ययन करने के लिए 7 फरवरी से चार दिवसीय अध्ययन दौरे पर जाएंगे। उन्होंने कहा कि अरावली ग्रीन वॉल परियोजना के तहत हरियाणा, राजस्थान, गुजरात और दिल्ली सहित चार राज्यों में 1.15 मिलियन हेक्टेयर से अधिक भूमि का सुधार बहु-राज्य सहयोग का एक अनुकरणीय मॉडल प्रदर्शित करना है। वनों की स्वदेशी प्रजातियों के साथ वनरोपण, जैव विविधता संरक्षण, मृदा स्वास्थ्य में सुधार और भूजल पुनर्भरण को बढ़ाने पर ध्यान केंद्रित करना भी है।

अरावली में जंगल सफारी को भी दिया जाएगा बढ़ावा

उन्होंने कहा कि अरावली क्षेत्र में ग्रीन वाल प्रोजेक्ट के साथ-साथ इस पर्वत श्रृंख्ला में इको टूरिज्म को बढ़ावा देने के लिए जंगल सफारी परियोजना के प्रस्ताव पर भी हम आगे बढ़ रहे हैं। गत दिनों मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी ने जंगल सफारी परियोजना को पर्यटन विभाग की बजाय वन एवं वन्य जीव विभाग को इसे सिरे चढ़ाने की जिम्मेवारी सौंपी है। इसीलिए वे स्वंय विभाग के अधिकारियों के साथ परियोजना की अवधारणा का अध्ययन करने के लिए महाराष्ट्र एवं गुजरात के दौरे पर जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि इस परियोजना से अरावली क्षेत्र में स्थानीय लोगों के लिए हरित रोजगार के अवसर सृजित होंगे तथा जैव विविधता संरक्षण और पर्यावरण अनुकूल संसाधन प्रबंधन को बढ़ावा मिलेगा। उन्होंने कहा कि हरियाणा में युवा पीढ़ी को प्रकृति को इस नेक कार्य के प्रति जागरूक करने तथा उनके आजिविका के साधन बढ़ाने के लिए राज्य में वन मित्रों की नियुक्ति की गई है, जो स्थानीय लोगों को वनों से जोड़ रहे है।

पांच दिवसीय यूथ रेडक्रॉस शिविर का समापन

टीबी के मरीजों को रेडक्रॉस एंव रोटरी क्लब फरीदाबाद सेंट्रल के सहयोग से पोषाहार वितरित किया

समाचार गेट/संजय शर्मा

फरीदाबाद। भारतीय रैड क्रॉस सोसाइटी हरियाणा राज्य शाखा चंडीगढ़ के आदेशानुसार व जिला उपायुक्त एवं अध्यक्ष विक्रम सिंह एवं सचिव बिजेन्द्र सोरौत के मार्गदर्शन में जिला रैड क्रॉस सोसाइटी फरीदाबाद के द्वारा आज विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।

कार्यक्रमों में मुख्य अतिथि के रूप में डॉ मुकेश अग्रवाल, महासचिव भारतीय रेडक्रॉस सोसाइटी, हरियाणा राज्य शाखा, चंडीगढ़ ने शिरकत की।

सर्वप्रथम मुख्य अतिथि द्वारा रेडक्रॉस सोसाइटी फरीदाबाद द्वारा संचालित नशा मुक्ति केंद्र, सेक्टर 14, फरीदाबाद में डी एस केयर फाउंडेशन, फरीदाबाद द्वारा निर्मित रसोईघर का उदघाटन किया गया तथा नशा मुक्ति केंद्र में भर्ती मरीजों को नशा छोड़ने के लिए प्रेरित करते हुए फल वितरित किये। इसके अतिरिक्त परिषर में स्थित विभिन्न परियोजनाओ का दौरा किया।

इसके पश्चात जिला रेड क्रॉस सोसायटी फरीदाबाद तथा रोटरी क्लब फरीदाबाद सेंट्रल के सयुंक्त तत्वावधान में आर्थिक रूप से कमजोर 90 तपेदिक के मरीजों को पोषाहार तथा कम्बल वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कैबिनेट मंत्री डॉ अरविंद शर्मा ने मुख्यमंत्री को सौंपी कार्य प्रगति पुस्तिका

समाचार गेट/ब्यूरो

चंडीगढ़। हरियाणा के सहकारिता, कारागार, चुनाव, विरासत व पर्यटन मंत्री डॉ अरविंद शर्मा ने आज मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी से उनके आवास संत कबीर कुटीर में मुलाकात कर सरकार के 100 दिन की अवधि में उनके विभागों की गतिविधियों की कार्य प्रगति पुसतिका सौंपी। उन्होंने कहा कि हम प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संकल्प से सिद्धि और डबल इंजन हरियाणा सरकार, तिगुनी रफ्तार के साथ संकल्प पर मिलकर आगे बढ़ रहे हैं।

कैबिनेट मंत्री डॉ अरविंद शर्मा ने बताया कि इन 100 दिन के कार्यकाल के दौरान राज्य स्तरीय सहकारिता सप्ताह के राज्य स्तरीय आयोजन रोहतक व गुरूग्राम में करवाए गए, ताकि केंद्रीय सहकारिता मंत्री अमित शाह के सहकार से समृद्धि के संकल्प पर आमजन को जागरूक किया जा सके। इस कड़ी में गोहाना से प्रदेश भर के लिए जिला स्तरीय सहकारिता जागरूकता अभियान का भी आगाज किया।

उन्होंने बताया कि केंद्रीय संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री श्री गजेंद्र सिंह शेखावत से मुलाकात करते हुए हरियाणा के पर्यटन को दुनिया के मानचित्र पर लाने पर चर्चा की। इसके अलावा, सिंधु-सरस्वती सभ्यता के महत्वपूर्ण केंद्र राखीगढी को अंतरराष्ट्रीय पहचान के तौर विकसित करने के मकसद से राखीगढी महोत्सव का आयोजन किया गया। उन्होंने बताया कि द्वितीय महाभारत सर्किट सम्मेलन में सर्किट के दायरे में आने वाले क्षेत्रों के विकास और संजोने को लेकर प्रक्रिया को तेज किया गया। प्रदेश की जिला कारागार में कैदियों व बंदियों के मानसिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाने के लिए गीता पाठ को प्रारंभ करवाया गया तथा उनकी सुविधाओं में बढोतरी के लिए प्रयास किए गए।

उन्होंने बताया कि इस दौरान विभिन्न विभागों, बोर्ड, निगमों के अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक करते हुए नवोन्मेषी योजनाएं तैयार करने के भी निर्देश दिए गए हैं। इसमें सहकारी समितियों को मुनाफे, वीटा द्वारा शुगर फ्री उत्पाद बनाने व विरासत साइटों को आमजन के मध्य लोकप्रिय बनाना भी शामिल है। कैबिनेट मंत्री डॉ अरविंद शर्मा ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में विभागीय योजनाओं को निरन्तर आगे बढ़ाया जाएगा, ताकि आमजन को योजनाओं का लाभ दिलाना सुनिश्चित किया जा सके।

पार्टी सिंबल पर चुनाव लड़ने को लेकर कांग्रेस बैठक में लेगी फैसला : हुड्डा

समाचार गेट/ब्यूरो

चंडीगढ़। पूर्व पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने बताया है कि निकाय चुनाव को लेकर प्रदेश कांग्रेस की अहम बैठक होने जा रही है। प्रदेश अध्यक्ष चौधरी उदयभान ने वीरवार को दिल्ली में बैठक बुलाने का फैसला लिया है। इसमें चर्चा की जाएगी कि निकाय चुनाव पार्टी सिंबल पर लड़ा जाएगा या नहीं। क्योंकि मेयर चुनाव कांग्रेस सिंबल पर लड़ती आई है। मेयर के अलावा पार्षद या चेयरमैन का चुनाव चुनाव सिंबल पर लड़ा जाए या नहीं, यह फैसला बैठक में चर्चा के बाद लिया जाएगा। पत्रकारों के सवालों का जवाब देते हुए भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने कहा कि चुनाव करवाने में बीजेपी सरकार ने बहुत देरी की। सरकार लगातार इन महत्वपूर्ण चुनावों को टाल रही थी। लेकिन कांग्रेस चुनाव के लिए हमेशा से तैयार है। निकाय चुनाव पर कांग्रेस जल्द अपनी नीति पर फैसला ले लेगी।

श्रीमती नाजनीन भसीन आईजी रैंक पर पदोन्नत

पुलिस आयुक्त सोनीपत की मिली नई जिम्मेदारी

समाचार गेट/ब्यूरो

गुरुग्राम। गुरुग्राम की संयुक्त पुलिस आयुक्त श्रीमती नाजनीन भसीन को आईजी के पद पर पदोन्नत किया गया है। श्रीमती नाजनीन भसीन को पदोन्नत होने के बाद पुलिस आयुक्त सोनीपत के पद पर नियुक्त किया गया है। गुरुग्राम से सोनीपत ट्रांसफर होने पर गुरुग्राम पुलिस द्वारा श्रीमती नाजनीन भसीन के लिए विदाई पार्टी आयोजित की गई। श्रीमती नाजनीन भसीन वर्ष-2007 बैच की भारतीय पुलिस सेवा अधिकारी है और हरियाणा के विभिन्न जिला में सेवाएं दे चुकी है और वर्तमान में बतौर संयुक्त पुलिस आयुक्त, गुरुग्राम में सेवाएं दे रहे थी।श्रीमती नाजनीन भसीन को आईजी पद पर पदोन्नत होने पर पुलिस आयुक्त विकास अरोड़ा, गुरुग्राम ने उन्हें शुभकामनाएं दी है।

अपनी शादी, जन्मदिन और विवाह की वर्षगांठ की फोटो हमें भेजें।
नोट : मेल में नाम, पता और मोबाईल नंबर जरूर लिखें।
samachargate@gmail.com

प्रत्येक व्यक्ति के लिए आवश्यक टोल फ्री नम्बरों की सूची

सीएम शिकायत पोर्टल	181
विद्युत सेवा	1912
पशु सेवा	1962
पुलिस सेवा	112, 100
अग्नि सेवा	101
एमबुलैस सेवा	102
यातायात पुलिस	103
आपदा प्रबंधन	108
चाइल्ड लाइन	1098
रेलवे पूछताछ	139
भ्रष्टाचार विरोधी	1031
रेल दुर्घटना	1072
सड़क दुर्घटना	1073
सी एम सहायता लाइन	1076
क्राइम सटायर	1090
महिला सहायता लाइन	1091
पृथ्वी भूकम्प	1092
बाल शोषण सहायता	1098
किसान काल सेन्टर	1551
नागरिक काल सेन्टर	155300
ब्लड बैंक	9480044444

बेटी श्रद्धा का अंतिम संस्कार करने, दो सालों से अदालतों के चक्कर काट रहे पिता

-मालखाने के अंदर श्रद्धा के शव के अवशेष सुरक्षित

मुंबई । श्रद्धा वॉल्कर हत्याकांड को दो साल से अधिक समय हो चुका है, लेकिन पीड़ित परिवार आज भी न्याय और अंतिम संस्कार का इंतजार कर रहा है। मालखाने के अंदर एक छोटे से बक्से में श्रद्धा के शव के अवशेष सुरक्षित रखे गए हैं, जिन्हें अब तक उनके पिता विकास वॉल्कर को सौंपा नहीं गया है।



साकेत कोर्ट में यह मामला पिछले करीब पौने दो साल से लंबित है। अदालत ने अब फैसला किया है कि मार्च से केस की रोजाना सुनवाई होगी। हालांकि, इस दौरान अभी तक गवाहों के बयान भी पूरे नहीं हुए हैं, इससे न्याय की प्रक्रिया लंबी खिंचती जा रही है। श्रद्धा के पिता विकास, जो मुंबई में रहते हैं, अपनी बेटी के अंतिम संस्कार के लिए लंबे समय से अदालतों के चक्कर लगा रहे हैं। उनका कहना है कि मेरी बेटी को मुझसे छीना गया, अब कम से कम मैं उसका अंतिम संस्कार करने दिया जाए।

क्या आफताब पूनावाला को मिलेगी फांसी?

श्रद्धा के हत्या के आरोपी आफताब पूनावाला पर रेयरेस्ट ऑफ रेयर केस के तहत मुकदमा चल रहा है। लेकिन न्याय प्रक्रिया की धीमी गति को देखकर यह स्पष्ट नहीं है कि आफताब को कब और क्या सजा मिलेगी। फिलहाल, वह तिहाड़ जेल में बंद है और केस की सुनवाई का इंतजार कर रहा है।

श्रद्धा को कब मिलेगा न्याय?

श्रद्धा वॉल्कर हत्याकांड ने पूरे देश को झकझोर दिया था। अब सवाल उठता है कि क्या श्रद्धा और उसके परिवार को जल्द न्याय मिलेगा? क्या भारतीय न्याय प्रणाली फास्ट ट्रैक कोर्ट के नाम पर सच में तेजी से फैसले दे रही है?

अस्थाई कर्मचारियों का शोषण बर्दाश्त नहीं, सुप्रीम कोर्ट

-हटाए गए अस्थाई कर्मचारियों को चार सप्ताह के अंदर बहाल करने के आदेश

नई दिल्ली ।सुप्रीम कोर्ट के न्यायमूर्ति विक्रम नाथ और न्यायमूर्ति प्रसन्ना बी की खंडपीठ ने अस्थाई कर्मचारियों को लेकर एक गंभीर टिप्पणी की है। सुप्रीम कोर्ट ने सरकारी संस्थानों में अस्थाई कर्मचारियों के शोषण पर नाराजगी जताई है। सुप्रीम कोर्ट ने गाजियाबाद नगर निगम के अस्थाई कर्मचारियों की याचिका पर सुनवाई करते हुए आदेश दिया है। चार सप्ताह के अंदर जिन अस्थाई कर्मचारियों को हटाया गया है। उन सभी को बहाल किया जाए। सुप्रीम कोर्ट की खंडपीठ ने अपने आदेश में कहा है। सरकारी संस्थान अस्थाई कर्मचारियों के हक छीन रहे हैं। मनमाने तरीके से अस्थाई कर्मचारियों को बर्खास्त कर रहे हैं। कर्मचारियों को पदोन्नति और वेतन वृद्धि नहीं दी जा रही है।आउट सोर्सिंग के माध्यम से अस्थाई कर्मचारियों का शोषण किया जा रहा है।अस्थाई कर्मचारी पेंशन भविष्य निधि और स्वास्थ्य बीमा जैसे लाभ से वंचित हैं। इस मामले में सुप्रीम कोर्ट ने बहुत कड़ा रुख अपनाया है। सुप्रीम कोर्ट के इस निर्णय से अस्थाई कर्मचारियों का जो शोषण हो रहा है,उस पर विराम लगेगा।

युवक के पेट से निकाले 300 रुपये के 33 सिक्के

बिलासपुर। हिमाचल प्रदेश के बिलासपुर जिले में एक हैरान करने वाला मामला सामने आया है। यहां पर ऑपरेशन के दौरान एक युवक के पेट से 33 सिक्के बरामद किए गए हैं, जिनकी कीमत 300 रुपये है। पेट दर्द की शिकायत के बाद युवक अस्पताल पहुंचा था और जांच रिपोर्ट देखकर डॉक्टर भी हैरान रह गए।जानकारी के अनुसार, बिलासपुर के घुमारवीं शहर का यह मामला है और यहां पर निजी अस्पताल में डॉक्टर ने 33 वर्षीय युवक के पेट से ऑपरेशन के जरिए 300 रुपये के 33 सिक्के निकाले हैं। इन सिक्कों का वजन 247 ग्राम था। पेट दर्द की शिकायत के बाद परिजन युवक को 31 जनवरी को अस्पताल लाए थे। डॉक्टर ने विभिन्न टेस्ट किए और एंडोस्कोपी के बाद पता चला कि पेट में बहुत सारे सिक्के हैं। डॉक्टर ने ऑपरेशन करके युवक के पेट से दो, दस और बीस रुपये के 33 सिक्के निकाले। डॉक्टर अंकुश ने बताया कि इस युवक को सिजोफ्रेनिया नाम की बीमारी है। जानकारी के अनुसार, यह युवक घुमारवीं क्षेत्र का ही रहने वाला है।

मालामाल भिखारिन की झोपड़ी से निकले दूसरे देशों के सिक्के, गहने और रेसिंग बाइक

मुजफ्फरपुर। मुजफ्फरपुर में चोरी गई रेसिंग बाइक को ट्रेस करते हुए पुलिस जब एक भिखारी महिला के घर पहुंची तो दंग रह गई। महिला के घर से बाइक समेत विदेशी सिक्के, सोने-चांदी के गहने, 12 मोबाइल फोन मिले। महिला ने पुलिस को बताया कि यह पूरा सामान उसका दामाद चुराकर लाया था। पुलिस ने महिला को गिरफ्तार कर लिया। फिलहाल आरोपी दामाद फरार है। जिले के करजा थाना इलाके के मड़वन भोज का यह मामला है। महिला की पहचान बिहारी मांझी की पत्नी नीलम देवी के रूप में हुई, जो कि भीख मांगने का काम करती है। गिरफ्तार महिला के पास से एक चोरी की बाइक समेत आधा किलो चांदी, दर्जनों मोबाइल सेट और विदेशी सिक्के भी बरामद किए गए हैं। पुलिस ने कई अलग-अलग नामी गिरामी कंपनियों के मोबाइल फोन बरामद किए हैं। चोरी के सामान में महिलाओं के कई ऑर्नामेंट भी शामिल हैं। महिला ने बताया कि पहले वह गली मोहल्लों में फेरी लगाकर मच्छरदानी बेचा करती थी। इसके अलावा भीख भी मांगती थी। इसी दौरान घरों की रेकी कर लिया करती थी।रेकी के बाद दामाद चुटुक लाल को टारगेट के बारे में खबर देती थी और सास की रेकी पर दामाद बंद घर से माल पार कर देता था। पूछताछ में महिला ने बताया कि घर में मौजूद कीमती सामान दामाद ही चुराकर लाया था। कुवैत का सिक्का और एक ईस्ट इंडिया कंपनी का लोगो लगा भी सिक्का, विभिन्न कंपनियों के 12 मोबाइल सहित चांदी, गोल्ड के गहने जब्त किए गए हैं।

शत्रुघ्न सिन्हा ने की नॉनवेज पर प्रतिबंध लगाने की मांग, यूसीसी को बताया देश की जरुरत

जम्मू (एजेंसी)। नई दिल्ली(ईएमएस)। अभिनेता से नेता बने टीएमसी सांसद शत्रुघ्न सिन्हा ने पूरे देश में मांसाहार पर प्रतिबंध लगाने की मांग की है। उन्होंने कहा है कि केवल गोमांस ही नहीं, बल्कि सामान्य रूप से सभी प्रकार के नॉनवेज भोजन पर देशभर में प्रतिबंध लगाना चाहिए। न केवल गोमांस, बल्कि सामान्य रूप से मांसाहारी भोजन पर भी देश में प्रतिबंध लगाया जाना चाहिए। लेकिन जो नियम उत्तर भारत में लागू किए जा सकते हैं, उन्हें पूर्वोत्तर राज्यों में लागू नहीं किया जा सकता।

साथ ही उन्होंने समान नागरिक संहिता (यूसीसी) की सराहना की है। और अपनी चिंताएं भी जाहिर की हैं। टीएमसी सांसद शत्रुघ्न सिन्हा ने कहा कि उत्तराखंड में समान नागरिक संहिता लागू करना प्रथम दृष्टया में सराहनीय है। देश में समान नागरिक संहिता लागू होनी चाहिए और मुझे यकीन है कि हर कोई मेरी बात से सहमत होगा। लेकिन इसमें कई बारीकियां और खामियां हैं।

समान नागरिक संहिता के प्रावधानों का मसौदा तैयार करने से पहले एक सर्वदलीय बैठक आयोजित की जानी चाहिए।बता दें कि उत्तराखंड ने 27 जनवरी से यूसीसी को लागू करने के साथ एक ऐतिहासिक कदम उठाया है। उत्तराखंड यूनिफॉर्म सिविल कोड एक्ट, 2024 विभिन्न व्यक्तिगत कानूनों को सरल बनाएगा, जिनमें विवाह, तलाक, वंशानुक्रम और उत्तराधिकार से संबंधित कानून शामिल हैं।

गुजरात में भी यूसीसी की तैयारी

शत्रुघ्न सिन्हा का यह बयान गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल के द्वारा की गई उस घोषणा के बाद आया जिसमें उन्होंने गुजरात में यूसीसी को लागू करने की दिशा में एक पांच सदस्यीय समिति के गठन की बात कही है। यह समिति सुप्रीम कोर्ट की पूर्व न्यायाधीश रंजना देसाई की अध्यक्षता में गठित की जाएगी और इसे 45 दिनों के भीतर अपनी रिपोर्ट राज्य सरकार को सौंपनी होगी।

गुजरात सरकार ने 2022 में यूसीसी की आवश्यकता की जांच करने के लिए समिति गठित की थी, जिसका उद्देश्य इस कानून के लागू होने की संभावना पर विचार करना था।

रेप से बचाने होटल की पहली मंजिल से कूदी महिला, घायल अवस्था में शिकायत करने पहुंची थाने

कोझिकोड। केरल के कोझिकोड के एक होटल कारोबारी को रेप की कोशिश के आरोप में पकड़ा गया है।आरोपी की पहचान देवदास के रूप में हुई है, आरोपी को पुलिस ने बस यात्रा के दौरान कुन्नमकुलम से गिरफ्तार किया था। आरोप है कि देवदास द्वारा यौन उत्पीड़न की कोशिश का विरोध कर उसी के एक होटल की एक महिला कर्मचारी इमारत की पहली मंजिल से नीचे कूद गई थी। इसके बाद से देवदास फरार था। सूत्रों ने बताया कि रेप की कोशिश का मामला सामने आने के बाद जांचकर्ताओं को उसकी गतिविधियों के बारे में सूचना मिली और पुलिसकर्मियों की एक टीम ने उसका पीछा किया। आखिर में बीच रास्ते में एक बस रुकवाकर आरोपी को पकड़ा गया। पुलिस के अनुसार होटल चलाने वाले देवदास पर किराए के घर में रह रही एक महिला के कमरे में जबरन घुसने का आरोप लगाया गया था। कथित यौन उत्पीड़न की कोशिश के समय देवदास के साथ उसके दोस्त यास और सुरेश भी थे। वे दोनों अभी भी फरार हैं और उन्हें पकड़ने के लिए छापेमारी जारी है।ये चौंकाने वाली घटना तब सामने आई जब हमले से बचने के लिए इमारत की पहली मंजिल से कूदने के कारण गंभीर रूप से घायल हुई महिला पुलिस के पास पहुंची। कन्नूर निवासी पीड़िता ने कुछ महीने पहले देवदास के होटल में काम शुरू किया था। जब वह अपने फोन पर वीडियो गेम देख रही थी, तभी अचानक तीनों उसके कमरे में घुस आए और हमले से बचने के लिए उसके पास इमारत से नीचे कूदने के अलावा कोई रास्ता नहीं था।

बांग्लादेशियों ने बीएसएफ जवानों पर किए हमले, बीएसएफ ने लिया एक्शन तब दुम दबाकर भागे

-सुबह सर्च ऑपरेशन के दौरान एक बांग्लादेशी घुसपैठियां जख्मी हालात में मिला

कोलकाता (एजेंसी)। भारत-बांग्लादेश बॉर्डर पर बांग्लादेशियों ने बीएसएफ पर लगातार दो हमले किए हैं। ये हमला 4 और 5 फरवरी की बीती रात को हुआ है। बंगाल के दक्षिण दिनाजपुर में बॉर्डर पर मौजूद गांव मलिकपुर में स्मलिंग और डकैती के लिए बांग्लादेशी आए थे।

बीएसएफ ने आधी रात घुसे इन बांग्लादेशियों को चैलेंज किया,तब इन बांग्लादेशियों ने बीएसएफ जवानों को चारों ओर से घरकर तलवार और कटार चलाना शुरू किया। इसके बाद बीएफएफ जवानों ने सेल्फ डिफेंस में फायरिंग की। हमले में बीएसएफ के जवान जख्मी हुए हैं, जबकि एक बांग्लादेशी घुसपैठिया पकड़ा गया है। रिपोर्ट के अनुसार पकड़े गए बांग्लादेशी कटार, धारदार हथियार सहित अन्य सामानों से लैस थे। मात्र 6 घंटे में इन्होंने दो बार बीएसएफ पर हमला किया। दोनों ही बार बीएसएफ ने इन्हें पीट-पीटकर भगाया।

रिपोर्ट के अनुसार 5 फरवरी को सुबह फिर बांग्लादेशी बड़ी संख्या में बॉर्डर क्रॉस कर भारत की सीमा में घुसे। इन्होंने फिर से मलिकपुर गांव को निशाना बनाया। इस बार वे भारी हथियार लेकर आए थे। इन बांग्लादेशियों के पास कटार, डंडे सहित कई औजार थे। इस बार ये कंटीली तार लेकर भी अंदर आए थे। इस पर बीएसएफ ने इन्हें चुनौती दी थी, जिससे बांग्लादेशियों ने बीएसएफ जवानों पर हमला कर दिया। इन्होंने धारदार हथियार से जवानों पर हमला किया। इनसे निपटने के लिए बीएसएफ ने पहले नुकसान नहीं पहुंचाने वाली गोलियां फायर की, लेकिन पर बांग्लादेशी नहीं भागे। हैरत की बात ये है कि बांग्लादेशियों ने बीएसएफ जवानों से हथियार छीनने की कोशिश की। इस दौरान बीएसएफ का एक जवान घायल भी हो गया।

इसके बाद बीएसएफ ने इन बांग्लादेशियों पर सचमुच में गोलियों से फायरिंग की। गोलियां चलते ही बांग्लादेशी जान बचाकर भाग निकले। बता दें कि घटना के दौरान बॉर्डर पर घना कोहरा छाया था। सुबह बीएसएफ ने जब वहां सर्च ऑपरेशन शुरू किया तब एक बांग्लादेशी घुसपैठिया जख्मी हालत में मिला।

फोर्ब्स की सूची में भारत की वैश्विक स्थिति से हकीकत का खुलासा

नई दिल्ली (एजेंसी)। हाल ही में प्रकाशित फोर्ब्स की सूची में भारत को दुनिया के 10 सबसे शक्तिशाली देशों की सूची से बाहर कर दिया गया है। इसके साथ ही रुपये की ऐतिहासिक गिरावट और बेरोजगारी के बढ़ते आंकड़े भारत की अर्थव्यवस्था के लिए गंभीर चिंताओं को जन्म दे रहे हैं। ऐसे में, हमें आत्ममुग्धता से बाहर निकलकर ठोस नीतिगत सुधारों की आवश्यकता है।

भारत को विश्वगुरु और आर्थिक महाशक्ति के रूप में प्रस्तुत किया जा रहा था, लेकिन वास्तविकता इसके विपरीत है। जिन देशों की अर्थव्यवस्था भारत से छोटी है, वे भी वैश्विक शक्ति-सूचकांकों में हमसे आगे निकल चुके हैं। रूस, ब्रिटेन, जर्मनी, दक्षिण कोरिया और यहां तक कि इजराइल भी शक्ति-सूची में स्थान बनाने में सफल रहे हैं, जबकि भारत पीछे छूट गया।

अर्थव्यवस्था के मोर्चे पर रुपये की गिरावट एक गंभीर संकेत है। डॉलर के मुकाबले रुपया 87 के स्तर तक पहुंच गया है, जिससे आयात महंगा हो गया है और व्यापार संतुलन प्रभावित हुआ है। घरेलू उद्योगों को बढ़ावा देने के बजाय, भारत की बाजार नीतियां चीनी उत्पादों की भरमार से स्थानीय व्यापार को कमजोर कर रही हैं। मेक इन इंडिया जैसे अभियानों की सफलता पर प्रश्नचिह्न खड़ा होता है, क्योंकि हम अभी भी उच्च तकनीकी क्षेत्रों में आत्मनिर्भर नहीं बन पाए हैं।

सत्ता के प्रचार तंत्र ने आम नागरिकों को यह विश्वास दिलाने की कोशिश की है कि देश प्रगति कर रहा है। लेकिन बेरोजगारी दर 45 वर्षों के उच्चतम स्तर पर है और असंगठित क्षेत्र की अनदेखी से करोड़ों लोगों की आजीविका प्रभावित हो रही है। कृषि क्षेत्र में श्रमिकों की वापसी इस बात का प्रमाण है कि औद्योगिक और सेवा क्षेत्र पर्याप्त रोजगार देने में असमर्थ हैं।

भारत को आत्मसंतोष से बाहर निकलकर अपनी नीतियों की समीक्षा करनी होगी। वैश्विक शक्ति-सूची में स्थान बनाए रखने के लिए केवल प्रचार नहीं, बल्कि ठोस आर्थिक और रणनीतिक सुधारों की जरूरत है। यदि हम अपने संसाधनों का सही उपयोग करें, नवाचार और तकनीकी विकास पर ध्यान दें, तो भारत फिर से अपनी खोई हुई स्थिति हासिल कर सकता है।

मिल्कीपुर विधानसभा सीट पर सपा ने लगाया फर्जी मतदान का आरोप

अयोध्या (ईएमएस) ।अयोध्या की मिल्कीपुर विधानसभा सीट पर उपचुनाव के लिए शाम 5 बजे वोटिंग खत्म हुई ।हालांकि, अभी जो लोग मतदान के लाइन में लगे हैं, उन्हें मतदान करने का मौका मिलेगा ।सुबह 7 बजे वोटिंग शुरू हुई थी ।दोपहर 3 बजे तक 57.13 प्रतिशत वोटिंग हुई ।इस बीच, सपा प्रत्याशी अजीत प्रसाद घाटमपुर मतदान केंद्र पर पहुंचे ।भाजपा के बूथ एजेंट पर फर्जी वोट डलवाने का आरोप लगाकर धमकाया ।सांसद ने कहा कि फर्जी वोट डलवा रहे हो, मुझे जानते नहीं हो ।सपा ने बीते 8 घंटे में 86 शिकायती पोस्ट एक्स पर की हैं ।वहीं, अखिलेश यादव ने एक्स पर वोटर आईडी चेक करते पुलिस अफसरों को फोटो पोस्ट की ।अखिलेश ने कहा कि आईडी चेक करके अफसर मतदाताओं में डर पैदा कर रहे हैं ।यह अपराध है ।इसतरह के लोगों को तुरंत हटाया जाए ।वहीं एसएसपी राजकरन नय्यर ने अखिलेश के आरोप को खारिज किया ।उपचुनाव के दौरान सपा ने चुनाव आयोग से जो शिकायतें कीं, उसमें ईवीएम खराब होने से लेकर वोटर्स को डराने और चुनाव प्रभावित कराने जैसी शिकायतें शामिल हैं ।

राहुल गांधी को अपना नाम बदलकर इलेक्शन गांधी रख लेना चाहिए

केटी रामाराव ने वादों को पूरा न करने के लिए की कांग्रेस की आलोचना

हैदराबाद (एजेंसी)। भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) के कार्यकारी अध्यक्ष केटी रामाराव ने बुधवार को कहा कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी को अपना नाम बदलकर इलेक्शन गांधी रख लेना चाहिए। 2023 के विधानसभा चुनावों के दौरान पिछड़े वर्गों से किए वादों को पूरा न करने के लिए कांग्रेस की आलोचना करते हुए रामाराव ने पिछड़े वर्गों की घोषणा को 100 फीसदी झूठ बताया है।

मंगलवार के विधानसभा सत्र पर प्रतिक्रिया देते हुए रामाराव ने सोशल मीडिया पर पोस्ट पर लिखा कि कांग्रेस सरकार ने पिछड़ा वर्ग से संबंधित घोषणा के नाम पर बेशर्मी से झूठ फैलाया। उन्होंने लिखा- झूठ! बहुत झूठ! झूठ के अलावा कुछ नहीं! कल के विधानसभा सत्र ने तेलंगाना के लोगों को दो चीजें साफ कर दीं। एक विफल सरकार, जिसमें कोई स्पष्टता नहीं है और झूठ जो आपने पिछड़े वर्गों से संबंधित घोषणा के नाम पर बेशर्मी से फैलाया।

केटीआर ने विधानसभा में पेश जाति सर्वेक्षण रिपोर्ट पर कहा कि सरकार को कल पेश किए गए आंकड़ों के बारे में कोई जानकारी नहीं है, लेकिन यह साफ है कि 42 फीसदी पिछड़े वर्ग आरक्षण की दिशा में काम करने का आपका कभी इरादा नहीं था। आपकी कांग्रेस सरकार का यू-टर्न लेना और फिर बेशर्मी से केंद्र सरकार पर जिम्मेदारी डालना यह दिखाता है कि आप कितने प्रतिबद्ध हैं। एक बार फिर साबित हो गया कि आपकी सभी गारंटी, वादे और घोषणाएं सिर्फ राजनीतिक दिखावे के अलावा कुछ नहीं हैं।

केटीआर ने राहुल गांधी से कहा कि आपको अपना नाम बदलकर इलेक्शन गांधी रख लेना चाहिए। आपकी पिछड़े वर्ग को लेकर की गई घोषणा पूरी तरह से झूठ है और आपकी प्रतिबद्धता सिर्फ दिखावा है। विधानसभा में केटीआर ने कांग्रेस सरकार पर 42 फीसदी आरक्षण के लिए विधेयक पेश करने में विफल रहने का आरोप लगाया था और कहा कि उन्होंने कामारेड्डी बीसी घोषणा बैठक में किए गए वादे के मुताबिक पिछड़ों को धोखा दिया है।

बढ़ती आतंकी घटनाओं को लेकर गृहमंत्री ने की अधिकारियों के साथ बैठक

मार्च-अप्रैल में हो सकती है पंचायत चुनावों की घोषणा

जम्मू (एजेंसी)। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने जम्मू कश्मीर में सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। पिछले कुछ समय से बढ़ती आतंकी घटनाओं को लेकर शाह ने सुरक्षा एजेंसियों के अधिकारियों के साथ बातचीत की और फीडबैक लिया।

गौरतलब है कि सोमवार को आतंकवादियों ने टीए के सेवानिवृत्त कर्मी की गोली मारकर हत्या कर दी थी जबकि परिवार के दो अन्य लोग घायल हो गए थे। अमित शाह ने मंगलवार को जम्मू कश्मीर में आतंकी निरोधी अभियानों को लेकर सेना, जम्मू कश्मीर पुलिस, सीआरपीएफ एवं अन्य बलों समेत सुरक्षा एजेंसियों के अधिकारियों के साथ जम्मू कश्मीर के हालात पर चर्चा की। इससे पहले 19 दिसम्बर को हुई बैठक में उन्होंने निर्देश दिया था कि सभी सुरक्षाबल आपस में तालमेल और समन्वय कायम कर आतंकियों को ढेर करने के लिए अभियान चलाएं। पिछले कुछ समय से रियासी, डोडा, किश्तवाड़, कठुआ, जम्मू और राजौरी जिलों में आतंकी घटनाएं बढ़ी हैं जिसने सुरक्षा एजेंसियों की मुश्किलें बढ़ गई हैं। इसी के मद्देनजर सुरक्षाबलों ने इन जिलों में तलाशी अभियान तेज कर दिया है ताकि आतंकवादियों का सफाया किया जा सके। गौरतलब है कि आगामी मार्च-अप्रैल में पंचायत चुनावों की घोषणा हो सकती है और दो विधानसभा क्षेत्रों में उपचुनाव भी होना है।

सूत्रों के मुताबिक जून में वार्षिक अमरनाथ यात्रा शुरू होने से पहले चुनाव आयोग की कोशिश है कि पंचायत चुनाव करवाए जाएं। पंचायत चुनावों को लेकर मतदाता सूचियों में संशोधन चल रहा है और अब अंतिम प्रकाशन किया जाएगा जिसमें नए युवा मतदाताओं को भी जोड़ा गया है। इसके चलते जम्मू कश्मीर के हालात को लेकर गृहमंत्री ने सुरक्षा व्यवस्था को लेकर चर्चा की।

तेलंगाना और कर्नाटक में जातिगत सर्वेक्षणों से कांग्रेस का हुआ नुकसान?

-स्थानीय निकाय चुनावों में इसकी सिफारिशों को लागू करने की उठ रही मांग

भोपाल/रायपुर (एजेंसी)। नई दिल्ली (ईएमएस)। देशभर में जातिगत जनगणना की मांग करते हुए राहुल गांधी ने तेलंगाना जातिगत सर्वेक्षण को एक प्रमुख उदाहरण बताया। सर्वेक्षण से पता चला कि राज्य की आबादी में पिछड़े वर्ग (बीसी) 46 फीसदी हैं, कांग्रेस को नुकसान पहुंचा सकती है, क्योंकि तेलंगाना में आगामी निकाय चुनावों में इसकी सिफारिशों को लागू करने की मांग उठ रही है। अगर उनकी मांगों पर ध्यान नहीं दिया गया, तो पिछड़े वर्ग के नेताओं ने प्रदेश भर में बड़े पैमाने पर आंदोलन की धमकी दी है, जिससे सीएम रेवंत रेड्डी की कांग्रेस सरकार पर दबाव बढ़ गया है। सिर्फ तेलंगाना में ही नहीं, बल्कि कर्नाटक में भी कांग्रेस जातिगत सर्वेक्षण रिपोर्ट से जूझ रही है। 2018 में तैयार की गई रिपोर्ट को सार्वजनिक करने के मुद्दे पर कांग्रेस खुद बंटी नजर आ रही है।

तेलंगाना के सामाजिक, आर्थिक, शिक्षा, रोजगार, राजनीतिक और जाति सर्वेक्षण, जिसे जाति जनगणना कहा जाता है, पिछड़े वर्ग मुस्लिम पिछड़े वर्गों को छोड़कर, तेलंगाना की आबादी का 46.25 फीसदी हैं, जिससे वे राज्य में सबसे बड़ा सामाजिक समूह हैं। पिछड़ों के बाद, रिपोर्ट से पता चलता है कि अनुसूचित जाति (एससी) 17.43 फीसदी, अनुसूचित जनजाति (एसटी) 10.45 फीसदी और मुस्लिम पिछड़े वर्ग तेलंगाना की आबादी का 10.08 फीसदी हैं। कांग्रेस नेता राहुल गांधी का नारा है जितनी आबादी, उतना हक। सर्वेक्षण के निष्कर्षों के साथ पिछड़े हिंदू और मुस्लिम मिलकर तेलंगाना की आबादी का लगभग 48 फीसदी हैं, अब आगामी स्थानीय निकाय चुनावों में आरक्षण बढ़ाने की मांग के लिए उत्प्रेरक का काम कर रहे हैं। कांग्रेस द्वारा देशभर में जाति जनगणना की मांग, जिसके सबसे बड़े समर्थक सांसद राहुल गांधी हैं, उन्होंने 2024 के लोकसभा चुनाव में पार्टी के लिए अच्छा काम किया है।

तेलंगाना पिछड़ा वर्ग आयोग के पूर्व अध्यक्ष वकुलभरणम कृष्ण मोहन राव के साथ मिलकर तेलंगाना की कांग्रेस सरकार से आगामी स्थानीय निकाय चुनावों में पिछड़ा वर्ग के लिए 42फीसदी आरक्षण लागू करने की मांग की है। उन्होंने अपनी मांग पूरी न होने पर बड़े पैमाने पर आंदोलन की चेतावनी भी दी है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि पिछड़ा वर्ग को नौकरियों और विधायी निकायों में उनका उचित हिस्सा नहीं दिया गया तो वे विद्रोह कर सकते हैं।

एक रिपोर्ट के मुताबिक पिछड़ा वर्ग निकायों ने आरोप लगाया है कि ग्रेटर हैदराबाद नगर निगम क्षेत्र के कई घरों को सर्वेक्षण में शामिल नहीं किया गया है। पिछड़ा वर्ग समुदाय के नेताओं के साथ-साथ के चंद्रशेखर राव के नेतृत्व वाली भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) ने भी सर्वेक्षण के निष्कर्षों को लागू करने की मांग की है। बीआरएस एमएलसी के कविता, जो के चंद्रशेखर राव की बेटी ने बताया कि तेलंगाना सरकार द्वारा आयोजित जाति जनगणना का परिणाम आया। सरकार ने घोषणा की है कि 46.3 फीसदी पिछड़े वर्ग हैं, साथ ही 10.2 फीसदी मुस्लिम पिछड़े वर्ग हैं इन सभी को मिलाकर 56.3 फीसदी है। हम कांग्रेस सरकार से मांग कर रहे हैं कि स्थानीय निकाय चुनावों से पहले, इस 56.3 फीसदी को आरक्षण दें, जो डेटा आपने दिया है।

तेलंगाना का यह कदम ऐसे समय में आया है जब रिपोर्ट में खुलासा हुआ है कि कर्नाटक का जाति सर्वेक्षण सात साल से धूल खा रहा है और कांग्रेस इसे सार्वजनिक करने पर बंटी हुई है। सूत्रों ने पहले बताया था कि कर्नाटक के उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार और कुछ उच्च जाति के मंत्रियों ने कांग्रेस आलाकमान को 16 जनवरी को कैबिनेट की बैठक में जाति सर्वेक्षण रिपोर्ट पेश करने से रोकने के लिए मजबूर किया था लेकिन कांग्रेस आलाकमान के हस्तक्षेप के बाद इसे रोक दिया गया था। अंतिम समय में यू-टर्न ने कर्नाटक जाति सर्वेक्षण पर कांग्रेस के भीतर आम सहमति की कमी को उजागर किया, जिसे राहुल गांधी ने बार-बार पूरे देश का एक्स-रे बताया है। अब, तेलंगाना में जाति सर्वेक्षण को लेकर विपक्ष के भड़कने और कर्नाटक में कांग्रेस पार्टी के विभाजित होने के कारण, पार्टी स्वयं को अपनी ही बनाई स्थिति में फंस गई है।

प्रोजेक्ट निमाया महिला सशक्तिकरण की दिशा में युगान्तरकारी कदम : डॉ. रवि हान्डा

समाचार गेट/ब्यूरो

फरीदाबाद। सेक्टर 86 स्थित इंसटिट्यूट ऑफ मैनेजमेंट एंड टेक्नोलॉजी (आई एम टी) परिसर में एस्कार्ट्स कुबोटा लिमिटेड द्वारा कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व पहल के तहत प्रोजेक्ट निमाया के माध्यम से प्रशिक्षित छात्राओं का भव्य दीक्षान्त समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस अवसर पर नव्या नवेली नंदा, सम्यक चक्रवर्ती, गीता गोयल, प्रिति चौधरी तथा एस्कार्ट्स कुबोटा लिमिटेड के प्रतिनिधि कुमार अमन तथा अशोक देसाई का संस्थान के निदेशक डॉ. रवि हान्डा तथा संस्थान की उप प्राचार्या डॉ. पारुल खन्ना ने शाल तथा गुलदस्ते से स्वागत किए। संस्थान के निदेशक डॉ. रवि हान्डा ने अपने संबोधन में कहा कि एस्कार्ट्स कुबोटा लिमिटेड द्वारा कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व पहल के तहत प्रोजेक्ट निमाया के माध्यम से प्रदान किए जाने वाले प्रशिक्षण महिला सशक्तिकरण की दिशा में युगान्तरकारी कदम साबित होगें तथा हमारे देश भारत के विश्व गुरु बनने का मार्ग प्रशस्त होगा। दीक्षान्त समारोह में कुशल प्रशिक्षण प्राप्त लगभग 400 छात्राओं को विभिन्न श्रेणियों के प्रमाण पत्र प्रदान किए गए।

रविन्द्र फागना क्रिकेट अकादमी ने वर्षा क्रिकेट अकादमी को 208 रन से हराया

X Undefeated Army
8th All India
Ravinder Phagna
Under/17 Day/Night
Cricket Tournament 2025
MAN OF THE MATCH
X Undefeated Army
8th All India
Ravinder Phagna
Under/17 Day/Night
Cricket Tournament 2025
FIGHTER OF THE MATCH

समाचार गेट/संजय शर्मा

फरीदाबाद। एक्स अंडीफिटेड आर्मी 8वां ऑल इंडिया रविंद्र फागना -17 डेनाइट क्रिकेट टूर्नामेंट रविंद्र फागना क्रिक्रेट भूमि ग्राउंड फरीदाबाद पर खेला गया यह मैच वर्षा क्रिकेट अकादमी और रविन्द्र फागना क्रिकेट अकादमी के बीच खेला गया। इस मैच मैं रविन्द्र फागना क्रिकेट अकादमी ने वर्षा क्रिकेट अकादमी को 208 रन से हराया, यह मैच 40 ओवर का था और वर्षा क्रिकेट अकादमी ने पहले टॉस जीतकर गेंदबाजी करने का निर्णय लिया। रविंदर फागना क्रिकेट अकादमी की ओर से बल्लेबाजी करते हुए टीम ने 40 ओवर में 6 विकेट के नुकसान पर 298 रन का लक्ष्य दिया । रविन्द्र फागना क्रिकेट अकादमी की ओर से बल्लेबाजी करते हुए मनीष कुमार ने 78 गेंद पर 8 चौके की मदद से 68 रन, और संयम सिंह ने 20 गेंदों पर 3 चौके, 3 छक्के की मदद से 50 रन बनाए। वर्षा क्रिकेट अकादमी की ओर से गेंदबाजी करते हुए हेमंत गोठवाल ने 7 ओवर में 43 रन देकर 3 विकेट, श्लोक शुक्ला ने 8 ओवर में 55 रन देकर 2 विकेट ओर कनिष्क यादव ने 1 विकेट हासिल किए। इस लक्ष्य का पीछा करते हुए वर्षा क्रिकेट अकादमी ने 27.3 ओवर में 10 विकेट के नुकसान पर 90 रन बनाकर हार का सामना करना पड़ा। वर्षा क्रिकेट अकादमी की और से बल्लेबाजी करते हुए वंश रामांवल ने 33 गेंद पर 2 चौके, की मदद से 19 रन, अकरम ने 22 गेंदों पर 3 चौके, की मदद से 14 रन बनाए। रविन्द्र फागना क्रिकेट अकादमी की ओर से गेंदबाजी करते हुए आशीष बंबी और अनुज भारद्वाज ने 33 विकेट, हिमांशु रावत ओर ऋषभ ने 22 विकेट लिया। मैन ऑफ द मैच अनुज भारद्वाज व फाइटर ऑफ द मैच हेमंत गोठवाल को घोषित किया गया।

38वे सूरजकुंड मेले में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर 1600 से अधिक पुलिसकर्मी रहेगें तैनात

600 के करीब सीसीटीवी कैमरे की निगरानी में सुरक्षा व्यवस्था पर रहेगी पैनी नजर

पुलिस उपायुक्त मुख्यालय अभिषेक जोरवाल होगें सुरक्षा व्यवस्था के नोडल अधिकारी

समाचार गेट/सुमित गोयल

फरीदाबाद। सूरजकुंड में आयोजित किया जा रहा 38वां शिल्प 2025 मेला 07 फरवरी से आरम्भ होगा। जिसके लिए फरीदाबाद पुलिस सुरक्षा व्यवस्था के संबंध में व्यापक प्रबंध कर लिए गए है। पुलिस आयुक्त सतेंद्र कुमार गुप्ता ने कहा कि सूरजकुण्ड मेले के दौरान देश-विदेश से लाखों की संख्या में आगंतुकों द्वारा मेला का भ्रमण किया जाएगा। इसके अतिरिक्त अतिमहत्वपूर्ण/महत्वपूर्ण व्यक्तिगणों का भी मेले में आगमन होगा। साथ ही कई सांस्कृतिक प्रोग्रामों का भी आयोजन होगा। जिसके लिए फरीदाबाद पुलिस ने सुरक्षा व्यवस्था के लिए पूर्ण तैयारी कर ली है। पुलिस उपायुक्त स्तर के अधिकारी को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। जिसकी देखरेख में मेले की सुरक्षा व्यवस्था होगी। मेले की सुरक्षा में 1600 से अधिक पुलिसकर्मचारी तैनात रहेगें।

पुलिस प्रवक्ता ने अधिक जानकारी देते हुए बताया कि मेले की सुरक्षा व्यवस्था के लिए अभिषेक जोरवाला पुलिस उपायुक्त मुख्यालय को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। जिनकी सहायता के लिए 12 एसीपी/डीसीपी रैंक के अधिकारियों को तैनात किया गया है साथ ही फरीदाबाद पुलिस की तरफ से 1600 से अधिक पुलिसकर्मी नियुक्त किए गए हैं। मेला में लगाई गई ड्युटियां 2 शिफ्टों में रहेंगी। सुरक्षा व्यवस्था के मध्य नजर मेले को 6 पुलिस जोन में बाटा गया है, प्रत्येक जोन का सुपरविजन एक एसीपी/डीसीपी स्तर के अधिकारी का होगा। मेला में वीवीआईपी गेट सहित कुल 5 प्रवेश द्वार बनाए गए है। जहां पर सुरक्षा के मध्य नजर डीएफएमडी लगाए गए है साथ ही एचएचएमडी सहित सुरक्षाकर्मी भी तैनात किए गए है। मेला परिसर में 10 मचान लगाई गई है। जहां पर पुलिसकर्मचारी दूरबीन के साथ निगरानी रखेंगें। इसके साथ ही मेला परिसर के विभिन्न जोन में 10 पिकेट लगाई गई है, जहां पर प्रत्येक पिकेट पर कमांडो कर्मचारी असला व वॉकी टॉकी सेट सहित नियुक्त रहेगें। इसके अतिरिक्त सिविल पारचात में भी पुलिस कर्मचारियों की ड्युटियां लगाई गई है।

मेले में 600 के करीब उच्च गुणवत्ता वाले सीसीटीवी कैमरों के माध्यम से आने-जाने वाले प्रत्येक व्यक्ति की गतिविधियों पर सुरक्षा की दृष्टी से बारीकी से नजर रखी जाएगी। सुरक्षा व्यवस्था के मध्य नजर अपराध शाखा व महिला पुलिसकर्मियों को सिविल पारचात में तैनात किया गया है। एंटी डिस्पोजल टीम व डॉग स्कॉड टीम की भी ड्युटियां 24 घंटे के लिए लगाई गई हैं। मेला की सुरक्षा में चारदिवारी के साथ 3 शिफ्ट में 6 नाके लगाए गए है साथ ही बाहरी सुरक्षा व यातायात प्रबंधन के लिए अलग से 10 नाके तथा 8 बैरिकेट प्वॉईट पर सुरक्षाकर्मी नियुक्त किए गए है।

मेला परिसर में ड्रोन के माध्यम से भी मेला क्षेत्र की निगरानी की जाएगी। मेले में आगुंतकों की सुविधा के मद्देनजर पुलिस कंट्रोल रुम बनाया गया है। जहां पर कोई भी व्यक्ति किसी भी प्रकार की पुलिस मदद व आपात स्थिति में संपर्क करके पुलिस की सहायता प्राप्त कर सकता है इसके साथ ही खोया पाया काउंटर भी बनाया गया है जहां पर किसी वस्तू या व्यक्ति के गुम होने की सूचना दी जा सकती है।

यातायात व्यवस्था के मध्य नजर पार्किंग व्यवस्था को सुदृढ़ बनाया गया है। इस बार मेले में 10 सामान्य पार्किंग बनाई गई है। जहां पर यातायात पुलिस कर्मचारियों द्वारा सुचारु रुप से वाहनों की पार्किंग कराई जाएगी। यातायात व्यवस्था को सुचारु रुप से बनाए रखने के लिए 4 पीसीआर व 6 राइडर की ड्यूटियां लगाई गई है। जो दिन-रात 2 शिफ्टों में लगातार ड्यूटियां करेंगी। आमजन भी मेले के दौरान यातायात व्यवस्था को बनाए रखने में पुलिस का सहयोग करें।

सूरजकुण्ड मेला को लेकर फरीदाबाद पुलिस की यातायात एडवाइजरी

सुरजकुण्ड मेला के दौरान सुबह 07.00 बजे से मध्य रात्रि 12.00 बजे तक पाली से सूटिंग रेंज, अनखीर से सूरजकुण्ड, NHPC से सूरजकुण्ड व पहलादपुर दिल्ली बॉर्डर सूरजकुण्ड फरीदाबाद में भारी वाहनों का प्रवेश रहेगा निषेध

सूरजकुण्ड मेले में आमजन के लिए वाहन पार्किंग करने के लिए बनाई गई है 10 सामान्य पार्किंग



Office of Deputy Commissioner of Police
Traffic, Faridabad
Sector-12, Faridabad
Email id-dcptraffic.fbd-hry@nic.in
Telephone No. 0129-2222223

TRAFFIC ADVISORY

38वा सूरजकुण्ड शिल्प मेला दिनांक 07.02.2025 से 23.02.2025 तक सूरजकुण्ड , फरीदाबाद मे आयोजित किया जाना है। इस दौरान सुबह 7.00 बजे से लेकर रात्रि 12.00 बजे तक पाली से सूरजकुण्ड, सूटिंग रेन्ज से सूरजकुण्ड, अनखीर चौक से सूरजकुण्ड, एन. एच.पी.सी. चौक से सूरजकुण्ड व प्रहलादपुर दिल्ली बार्डर से सूरजकुण्ड की तरफ आने वाले रोड पर भारी वाहनो का आवागमन प्रतिबधित रहेगा।

♦इस दौरान सभी प्रकार के भारी वाहन प्रतिबधित रहेगे, केवल आवश्यक साम्रगी जैसे फल, सब्जी, दूध, दवाईया इत्यादि वाहनो को ही इन सडको पर जाने की अनुमति रहेगी।

♦आमजन एंव अन्य वाहन चालको से अनुरोध है कि इस समयावधि के दौरान गुरुग्राम से आने वाले वाहन चालक पाली से एम.वी.एन की तरफ न जाकर पाली चौक से सीधे सैनिक कलोनी मोड आकर अनखीर चौक से होकर बडखल के माध्यम से दिल्ली की तरफ निकले।

♦इसी प्रकार बल्लबगढ से पाली के रास्ते से आने वाले वाहन चालक पाली चौक से एम.वी एन. नाका वाली सडक पर न जाकर दिल्ली जाने के लिये सैनिक कालोनी मोड से सीधे अनखीर चौक के रास्ते बडखल होकर दिल्ली की तरफ निकले।

♦प्रहलादपुर दिल्ली बार्डर से फरीदाबाद की तरफ आने वाले वाहन चालक सीधे सूरजकुण्ड न जाकर बदरपुर बार्डर के रास्ते से फरीदाबाद मे हाईवे से प्रवेश करे।

♦एन.एच.पी.सी. चौक से सूरजकुण्ड के रास्ते आने वाले वाहन चालक फरीदाबाद शहर मे आने के लिये नेशनल हाईवे का प्रयोग करे।

समाचार गेट/सुमित गोयल

फरीदाबाद। बता दे कि 07 से 23 फरवरी तक 38वें सूरजकुण्ड अंतर्राष्टीय क्राफ्ट मेले का आयोजन सूरजकुण्ड फरीदाबाद में किया जा रहा है। इस दौरान देश व विदेश के विभिन्न हिस्सों से लाखों की संख्या में आगंतुकों के आगमन की संभावना है, जिस संबंध में यातायात व्यवस्था का सुचारु रुप से संचालन करने के लिए यातायात फरीदाबाद पुलिस द्वारा यातायात एडवाइजरी जारी की गई है। पुलिस प्रवक्ता ने बतलाया कि सुरजकुण्ड मेला के दौरान सुबह 07.00 बजे से मध्य रात्रि 12.00 बजे तक पाली से सूटिंग रेंज, अनखीर से सूरजकुण्ड, एनएचपीसी से सूरजकुण्ड, सूटिंग रेंज दिल्ली बॉर्डर से सूरजकुण्ड व पहलादपुर दिल्ली बॉर्डर सूरजकुण्ड फरीदाबाद में भारी वाहनों का प्रवेश निषेध रहेगा। अत: भारी वाहन चालक उपरोक्त मार्गों पर जाने से बचे और निम्न दर्शित प्रकार मार्गों का चयन करें:-

इस दौरान सभी प्रकार के भारी वाहन प्रतिबंधित रहेगे, केवल आवश्यक साम्रगी जैसे फल, सब्जी, दूध, दवाईयां इत्यादि वाहनों को ही इन मार्गों पर जाने की अनुमति रहेगी। आमजन एंव अन्य वाहन चालकों से अनुरोध है कि इस समयावधि के दौरान गुरूग्राम से आने वाले वाहन चालक पाली चौक से MVN चौक की तरफ न जाकर पाली चौक से सीधे सैनिक कॉलोनी मोड आकर अनखीर चौक से होकर बडखल के माध्यम से दिल्ली की तरफ निकले। इसी प्रकार बल्लबगढ़ से पाली के रास्ते से आने वाले वाहन चालक पाली चौक से MVN नाका वाली मार्ग पर न जाकर दिल्ली जाने के लिये सैनिक कॉलोनी मोड से सीधे अनखीर चौक के रास्ते बडखल होकर दिल्ली की तरफ निकले। प्रहलादपुर दिल्ली बॉर्डर व सूटिंग रेंज से सूरजकुण्ड फरीदाबाद की तरफ आने वाले वाहन चालक सीधे सूरजकुण्ड न जाकर बदरपुर बॉर्डर के रास्ते से फरीदाबाद मे हाईवे से प्रवेश करें। NHPC चौक से सूरजकुण्ड के रास्ते आने वाले वाहन चालक फरीदाबाद शहर मे आने के लिये नेशनल हाईवे का प्रयोग करें।

उन्होंने आगे बतलाया कि सूरजकुण्ड मेले के दौरान यातायात पार्किंग की व्यवस्था पुलिस द्वारा कर ली गई है। आमजन के लिए 10 सामान्य पार्किंग बनाई गई है। जो इस प्रकार से होंगी:-

पार्किंग स्थल की जगह होंगी ईरोज सिटी (पार्किंग डयुटी), हेलीपेड पार्किग शूटिंग रेंज मर्ज रोड, नजदीक क्लासिक गार्डन पार्किंग, जंगल फाल पार्किंग, होटल विवेन्ता ताज के सामने पार्किंग, राधा स्वामी संतसंग स्थल पार्किंग, होटल गोल्ड पिंच के सामने पार्किंग, राधा स्वामी संतसंग स्थल के सामने नगर निगम की जमीन पर पार्किंग, लेकवुड सिटी पार्किंग, रोडी केसर स्टोक पार्किंग।

पीएम-सूर्य घर-मुफ्त बिजली योजना से सबसिडी पर सोलर पैनल लगवाएं, बिजली खर्च घटाएं : उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा

उपायुक्त की जिलावासियों से अपील, पीएम- सूर्य घर-मुफ्त बिजली योजना का लाभ उठाएं।

सौर ऊर्जा से घर जगमगाने का सुनहरा मौका, पीएम-सूर्य घर-मुफ्त बिजली योजना में सरकार दे रही विशेष सब्सिडी।

समाचार गेट/अनिल मोहनियां

नूंह। उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने बताया कि पीएम-सूर्य घर-मुफ्त बिजली योजना सरकार की महत्वाकांक्षी योजना है। इस योजना का लाभ उठाते हुए अंत्योदय परिवार अपने घर को आसानी से रोशन कर सकते हैं। अंत्योदय एवं अन्य कैटेगरी के परिवारों से इस योजना का अधिक से अधिक लाभ लेने के लिए आगे आना चाहिए। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना शुरू की है। इस योजना के तहत सामान्य कैटेगरी के उपभोक्ताओं को एक किलोवाट पर 30 हजार रुपए की सबसिडी, दो किलोवाट पर 60 हजार रुपए की सबसिडी और तीन किलोवाट पर 78 हजार रुपए की सबसिडी दी जाती है, जोकि सीधा उपभोक्ता के बैंक खाते में भेजी जाती है। अंत्योदय उपभोक्ताओं को यह सबसिडी के अलावा एक किलोवाट पर 25 हजार, 2 किलोवाट पर 50 हजार रुपये की केंद्र सरकार द्वारा अतिरिक्त सबसिडी प्रदान की जाती है। यदि कोई उपभोक्ता तीन किलोवाट से ऊपर सोलर पैनल लगवाते हैं तो भी केवल 78 हजार रुपए तक ही सबसिडी दी जाएगी। यह योजना शहरी एवं ग्रामीण सभी घरेलू कनेक्शन के लिए मान्य है। सभी कैटेगरी के उपभोक्ता इस योजना का लाभ आसानी से उठा सकते हैं। इस योजना की संपूर्ण जानकारी https://pmsuryghar.gov.in पर प्राप्त की जा सकती है। उपायुक्त ने लोगों से अपील की है कि इस योजना का लाभ उठाएं। इसके लिए बैंक लोन की भी सुविधा उपलब्ध है। इस योजना का लाभ लेने के लिए दक्षिण हरियाणा बिजली वितरण निगम के पोर्टल https://solar connections.dhbvn.org.in पर आवेदन किया जा सकता है।

जिले में 10 हजार से अधिक कनेक्शन का है लक्ष्य

उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने बताया कि इस योजना को अपनाकर गरीब परिवार एक तरह से नि:शुल्क अपना घर रोशन कर सकते हैं। अंत्योदय परिवारों को केंद्र सरकार द्वारा प्रदान की जा रही सबसिडी के साथ-साथ हरियाणा सरकार द्वारा दी जा रही अतिरिक्त आर्थिक मदद का भी लाभ मिलता है। अंत्योदय परिवार के तहत आवेदन के लिए फैमिली आईडी का होना आवश्यक है। अंत्योदय परिवार के तहत आवेदन के लिए फैमिली आईडी का होना आवश्यक है। जिले में करीब 10 हजार कनेक्शन योजना के तहत जारी किए जाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।

इन नियम के तहत होगा आवेदन

उपायुक्त ने बताया कि पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के साथ ही हरियाणा सरकार ने भी अपने बिजली उपभोक्ताओं को अतिरिक्त सहायता देने का निर्णय लिया है। इस योजना के तहत विशेष तौर पर गरीब एवं अंत्योदय परिवारों को शामिल किया गया, जिसमें 1 लाख 80 हजार रुपए तक की आय वाले और 3 लाख रुपए तक की आय वाले उपभोक्ता शामिल हैं, इसके साथ ही इन उपभोक्ताओं के मकान का स्वीकृत लोड केवल 2 किलो वाट तक का ही होना आवश्यक है जिसमे साल भर में केवल 2400 यूनिट तक ही बिजली खपत होनी चाहिए। एक लाख अस्सी हजार रुपए तक की आमदनी वाले उपभोक्ता को प्रति किलो वाट 25 हजार रुपये तक की सर्बसिडी मिलती है और यह केवल 2 किलोवाट तक ही मिलेगी। इसके साथ ही उपभोक्ता को भारत सरकार की सबसिडी का भी लाभ मिलेगा। यानी सोलर कनेक्शन एक तरह से फ्री में मिलेगा। इसी प्रकार से सोलर कनेक्शन के लिए 1 लाख 80 हजार रुपए से तीन लाख रुपए तक की आमदनी वाले उपभोक्ता को 10 हजार प्रति किलो वाट सबसिडी के रूप मिलेंगे जोकि 2 किलो वाट तक है।

बिजली खपत के अनुसार लगवाएं सोलर सिस्टम

प्रति महीना डेढ़ सौ यूनिट की खपत वाले उपभोक्ता 1 से 2 किलो वाट तक, डेढ़ सौ से 300 यूनिट खपत वाले उपभोक्ता दो से तीन किलोवाट तक और 300 यूनिट से ऊपर की खपत के उपभोक्ता 3 किलोवाट से ऊपर का सोलर सिस्टम लगवा सकते हैं।

रेजिडेंट वेलफेयर एसोसिएशन भी उठा सकते हैं इस योजना का लाभ

बिजली निगम की इस योजना के तहत आम उपभोक्ता के साथ-साथ रेजिडेंट वेलफेयर एसोसिएशन को भी शामिल किया गया है, जो अपने संस्थान पर इस योजना के तहत सोलर सिस्टम लगवा सकते हैं और सर्बसिडी का लाभ ले सकते हैं।

आचार संहित को ध्यान में रखते हुए शहर से विभिन्न राजनीतिक दलों के होर्डिंग्स को हटाने का कार्य शुरू

पोलिंग स्टेशनों पर व्यवस्थाओं का जायजा ले संबंधित वार्डों के जेई

समाचार गेट/सुमित गोयल

फरीदाबाद। नगर निगम चुनावों को लेकर निगम प्रशासन द्वारा संबंधित सभी वार्डो के जेई को निर्देश दिए गए हैं कि वे अपने अपने वार्डों में मतदान केंद्रों पर पहुंचकर मतदान के दौरान सुविधाओं का निरीक्षण करें ताकि मतदान के दिन वहाँ मौजूद सभी आधिकारियों और कर्मचारियों के साथ मतदाताओं को किसी भी परेशानी से सामना न करना पड़े। निगम कमिश्नर ए मोना श्रीनिवास के दिशानिर्देश अनुसार नगर निगम सेक्ट्री ने सभी अधिकारियों को आचार संहिता को ध्यान में रखते हुए सभी व्यवस्थाओं पर नजर बनाए रखने के निर्देश दिए गए हैं। आचार संहिता के नियमों को ध्यान में रखते हुए पोलिंग स्टेशनों पर जहां संबंधित वार्ड के जेई बिजली पानी और अन्य व्यवस्थाओं को देखेंगे और यदि किसी प्रकार की कोई कमी है तो उच्च अधिकारियों को मामले की जानकारी देकर पोलिंग स्टेशन पर दिखाई देने वाली कमियां पूरी कराएंगे। इसके अलावा नगर निगम के तोड़फोड़ विभाग को आचार संहिता के नियमों को ध्यान में रखते हुए दिशा निर्देश दिए गए हैं कि शहर में सभी जगह लगे हुए विभिन्न राजनीतिक दलों के होर्डिंग और बोर्ड्स को हटाने का कार्य करें ताकि चुनाव आयोग की गाइडलाइन को पूरा किया जा सके। नगर निगम के तोड़फोड़ विभाग ने दिशा निर्देशों को ध्यान में रखते हुए होर्डिंग्स को हटाने का कार्य शुरू भी कर दिया है।

यादगार पल

वार्ड 44 से पार्षद पद के भावी उम्मीदवार यशपाल यादव के पिता पूर्व सरपंच गिर्राज यादव से सेक्टर-62 स्थित कम्युनिटी सेंटर में एक पारिवारिक समारोह के दौरान मुलाकात की जिसमें मुख्य रूप से धर्मेंद्र फौजी, मुकेश यादव, बृह्मदत्त शर्मा, नरवीर यादव व अन्य उपस्थित रहे। चित्र: समाचार गेट

संपादकीय

भाजपा ने कहा नतीजे हमारे पक्ष में होंगे, आप के सुर ही अलग

नरवीर यादव
कार्यकारी संपादक

दिल्ली में 70 सीटों के लिए मतदान संपन्न होने के बाद अब एग्जिट पोल भी आने लगे हैं।ज्यादातर एग्जिट पोल में भाजपा को बहुमत दिखाया गया है। इसके बाद भाजपा नेताओं में जबरदस्त उत्साह देखने को मिल रहा है। भाजपा नेता यह दावा कर रहे हैं कि 8 तारीख को जब नतीजे आएंगे, वह भी हमारे पक्ष में ही होंगे। दिल्ली बीजेपी अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने कहा कि मैं दिल्ली की जनता को बधाई देना चाहता हूं, दिल्ली की जनता ने आज बीजेपी को इतना प्यार और आशीर्वाद दिया है। दिल्ली में आपदा जा रही है और बीजेपी आ रही है।

सचदेवा ने यह भी कहा कि अगर कोई फर्जी वोटिंग करेगा तो पकड़ा जाएगा। हम पहले दिन से इस बारे में कह रहे हैं और यह अच्छा है कि वे पकड़े गए हैं। दिल्ली के लोग भ्रष्टाचार मुक्त सरकार चाहते हैं और विकास चाहते हैं। एग्जिट पोल पर बोले बीजेपी सांसद हर्ष मल्होत्रा ने कहा कि भाजपा पिछले 10 वर्षों से आम आदमी पार्टी के भ्रष्ट चेहरे को उजागर कर रही है। जनता समझ गई है कि आप और अरविंद केजरीवाल ने दिल्ली की जनता को धोखा दिया है। बीजेपी पूर्ण बहुमत के साथ दिल्ली में सरकार बनाएगी। चूंकि वे (आप) चुनाव हार रहे हैं, इसलिए वे अब ईवीएम को दोष देंगे।

बीजेपी सांसद मनोज तिवारी ने कहा कि अभी जो एग्जिट पोल मैंने देखे, मुझे ऐसा लग रहा है कि हमारे सटीक पोल (नतीजे) एग्जिट पोल से बेहतर होंगे। हमने लोगों के बीच जो प्रतिक्रिया देखी, उससे पता चलता है कि बीजेपी (दिल्ली में) सत्ता में आ रही है। यह बीजेपी की घर वापसी है। मैं दिल्ली के लोगों को धन्यवाद देता हूं। नई दिल्ली विधानसभा सीट से बीजेपी उम्मीदवार प्रवेश वर्मा ने कहा कि यह तय है कि 8 फरवरी को कमल खिलेगा। हम दिल्ली में सुशासन, स्वच्छ यमुना और रोजगार देंगे। अरविंद केजरीवाल को भरोसा है कि वह हार रहे हैं। एग्जिट पोल के अनुसार ग्रेटर कैलाश विधानसभा से आप उम्मीदवार सौरभ भारद्वाज ने कहा कि हमने दिल्ली के तीन चुनाव लड़े हैं और यह चौथा विधानसभा चुनाव है जो हम लड़ रहे हैं।2013, 2015 के एग्जिट पोल में दिखाया गया था कि हम हारेंगे और 2020 में एग्जिट पोल में दिखाया गया कि हमें कम नंबर मिलेंगे। उसी तरह 2025 में भी यह दिखाया जा रहा है कि हमें कम सीटें मिलेंगी। उन्होंने कहा कि मुझे लगता है कि एग्जिट पोल में हमेशा यही दिखाया गया है कि आप को कम वोट मिलेंगे। भाजपा हमेशा आम लोगों की आवाज दबाती है ताकि वे डर के मारे कुछ न बोलें। आप का वोट शेयर हमेशा एग्जिट पोल में दिखाए गए वोट से ज्यादा आता है। आप नेता सुशील गुप्ता ने कहा कि यह हमारा चौथा चुनाव है और हर बार एग्जिट पोल में आप को दिल्ली में सरकार बनाते नहीं दिखाया गया। अरविंद केजरीवाल ने दिल्ली की जनता के लिए काम किया है। हम आम आदमी पार्टी के पक्ष में नतीजे देखेंगे और हम सरकार बनाएंगे।

जल जीवन मिशन को सफल बनाने में ग्राम पंचायत अपना योगदान दे : शमशेर सिंह नैन

संपूर्णता अभियान
PHED Haryana
Block Level PRI & Key Stakeholders Capacity Building & Trainings
For the FY 2024-25. According to Annual Action

समाचार गेट/अनिल मोहनियां

नूंह। खंड के विकास एवं पंचायत कार्यालय हाल में जल शक्ति मंत्रालय के कार्यक्रम जल जीवन मिशन के तहत जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग व जल एवं स्वच्छता सहायक संगठन की तरफ से खंड नूंह की सभी 45 ग्राम पंचायतों ने आज के इस दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम में भाग लिया। अड़बर आकेड़ा अलावलपुर बाबूपुर बडवा बाई बजेड़ा बड़ोजी बिरसीका भोपावली बीबीपुर चंदेनी देवला नंगली धांधुका शाहपुर नंगली नलहर पलड़ी सौंख रानिका मुरादबास आदि ग्राम पंचायतों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी शमशेर सिंह नैन रहे इस कार्यक्रम की अध्यक्षता जल एवं स्वच्छता सहायक संगठन के खंड संयोजक मोहम्मद जैकम ने की कार्यक्रम की रूपरेखा खंड पिंगवा के खंड संयोजक हरिओम ने की व बताया कि सभी ग्राम पंचायतों को जल जीवन मिशन के तहत ग्रामीण उपभोक्ताओं को हर घर नल से शुद्ध व स्वच्छ जल विभाग द्वारा मुहैया करवाया जा रहा है।

इसी क्रम को आगे बढ़ाते हुए बीडीपीओ नूंह शमशेर सिंह नैन ने अपनी ग्राम पंचायतों के प्रतिनिधियों को जल संरक्षण व जनजागरुकता कार्यक्रमों में बढ़ चढ़ कर हिस्सा ले ताकि ग्राम पंचायतों को अपने दायित्व व अपनी जिम्मेदारी निभाते हुए विभाग के साथ कंधे से कंधा मिलाकर ऐसे कार्यक्रमों में ग्राम स्तर पर ऐसे जागरूकता कार्यक्रम किए जाने चाहिए ताकि लोगों में जल संरक्षण के प्रति लोगों रुझान बढ़े खंड संयोजक मोहम्मद जैकम ने ग्राम जल एवं सीवरेज समिति के बारे में विस्तार से जानकारी दी व इस समिति के सदस्यों को उनका अधिकार भी बताया वही खंड संयोजक संदीप शर्मा ने फील्ड टेसटिंग किट *FTK* के बारे में जानकारी दी गई व पानी में बैक्टीरिया के बारे में बताया व विभाग के टोल फ्री नंबर *18001805678* का प्रचार प्रसार किया गया ताकि लोग ऑनलाइन अपनी शिकायत दर्ज करा सकें।

मुख्य अतिथि को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया व विभाग की तरफ से कार्यक्रम में उपस्थित सभी सरपंच व VWSC सदस्यों को दो दिवसीय ओर से प्रकाशित जल वितरण प्रणाली के रखरखाव व संचालन हेतु प्रकाशित की गई पुस्तिका भेंट की गई। सीईओ जिला परिषद की तरफ खंड संयोजक प्रेम कुमार सरपंच खुर्शीद प्रधान अलावलपुर जयपाल फौजी गोविन्द राम प्रजापत फरीद अहमद सपना देवी सारिका इमरान तरन्नुम जुनैद नफीसा राहुल कुमार समयनूर समीम अहमद नरेश कुमार आबिद अली हाकम अंजुम इरशाद खान ग्राम सचिव मनेंद्र सिंह राजकुमार विकास मोहम्मद वाजिद सुनील कुमार हसीन आदि इस मौके पर उपसथित रहे।

दो आईएएस को अतिरिक्त कार्यभार

समाचार गेट/ब्यूरो

चंडीगढ़। हरियाणा सरकार ने मुख्य सचिव डॉ. विवेक जोशी को हरियाणा भवन, नई दिल्ली के चीफ रेजिडेंट कमिश्नर का अतिरिक्त कार्यभार सौंपा है। इसके अलावा, गुरुग्राम के मण्डलायुक्त को हिपा, गुरुग्राम के महानिदेशक का अतिरिक्त कार्यभार सौंपा गया है।

बागोत के मोहित सुसाइड केस में सुनवाई के दौरान बुधवार को हाईकोर्ट ने लिया संज्ञान

परिजनों के दाह संस्कार न करने की सूरत में पुलिस प्रशासन करेगा दाह संस्कार

एसआईटी को पुर्नगठित करने के आदेश

55 दिन से मोर्चरी में रखे शव का दाह संस्कार होने की बनी उम्मीद

समाचार गेट/सुनील दीक्षित

कनीना। कनीना सब डिवीजन के गांव बागोत निवासी 26 वर्षीय युवक, मोहित सुसाइड केस में बुधवार को पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट में सुनवाई हुई। जिसमें हरियाणा सरकार की ओर से डीएजी सहित पुलिस इंस्पेक्टर व तहसीलदार पेश हुए वहीं दूसरी ओर वादी कैलाशचंद एवं अधिवक्ता पेश हुए। सीआरएम-एम 2017-2025 की सुनवाई करते हुए न्यायधीश हरप्रीत सिह बरार ने वादी कैलाशचंद को मृतक युवक का दाह संस्कार करने के आदेश दिए ओर परिजनों की ओर से एसा न करने पर पुलिस प्रशासन को दाह संस्कार करने को कहा। वादी कैलाशचंद की ओर से एसआईटी को लेकर उठाए गए सवाल पर दूसरी एसआईटी गठित करने तथा अन्य जिले के एसपी से उनके आरोपों की जांच कावाने के भी आदेश दिए। ये एसआईटी कैलाशचंद द्वारा पंजाब एवं हरियाणा हाइकोर्ट में दाखिल की गई अर्जी में लगाए गए आरोपों की जांच करेगी।

बता दें कि युवक मोहित ने बीती 13 दिसबर की रात्री के समय फांसी लगाकर आत हत्या कर ली थी। जिसकी सुचना मिलने पर पुलिस मौके पर पंहुची ओर शव को कब्जे में लेकर उसे उप नागरिक अस्पताल कनीना भिजवाया। जहां 14 दिसंबर को उसका पोस्टमार्टम करवा दिया गया। मृतक के पिता कैलाशचंद ने पूर्व मंत्री सहित 8 व्यक्तियों के विरूध केस दर्ज करने की मांग करते हुए युवक का अंतिम सस्कार न करने पर अड गया। पिछले 55 दिन से मोहित का शव उप नागरिक अस्पताल कनीना के फ्रीजर में रखा हुआ है। वादी एंव प्रतिवादी पक्ष

हाईकोर्ट के आदेश जारी होने की ओर टकटकी लगाए बैठे थे। कोर्ट के आदेश के मुताबिक अगली कार्रवाई अमल में लायी जाएगी। इससे पूर्व हाईकोर्ट ने 16 जनवरी को सुनवाई करते हुए कैलाशचंद को फांसी लगाकर मरे युवक मोहित, 26 वर्ष का 3 दिन में अंतिम संस्कार करने, अर्जी में लगाए गए आरोपों की जांच आईपीएस अधिकारी से करवाने तथा मृतक के पिता को भी शामिल तफ्तीश होने के भी आदेश दिए थे। जिन्हें नजरअंदाज कर दिया गया था।

पडतल गांव के सरपंच रोशनलाल इंदोरा ने वकील पदमकांत के माध्यम से जनहित को देखते हुए एक दरखास्त हरियाणा ह्यूमन राईट कमीशन चंडीगढ में दाखिल की थी। जिसे आयोग ने मामला हाईकोर्ट में विचाराधीन होने के दृष्टिगत 3 फरवरी को हुई सुनवाई में खारिज कर दिया है। सुनवाई में प्रशासन की ओर से निरीक्षक मुकेश कुमार व तहसीलदार उपसथित हुए।

पंजाब एंव हरियाणा हाईकोर्ट के एडवाकेट सत्यारायण यादव ने बताया मामले की सुनवाई के दौरान वादी पक्ष की ओर से एसपी की जांच व एसआईटी के गठन पर सवाल उठाए। जिस पर न्यायधीश ने इसकी जांच दूसरे जिले के एसपी से करवाने तथा दूसरी एसआईटी का गठन करने के आदेश दिए। इसके अलावा मृतक का दाह संस्कार करने का भी आदेश देते हुए कहा कि मृतक के वारिस संस्कार नहीं करते हैं तो पुलिस प्रशासन इसका दाह संस्कार करवाए।

कनीना नगरपालिका चुनाव को लेकर एसडीएम ने की मतदान केंद्रो की जांच

आदर्श चुनाव आचार संहिता का पालन करने के लिए दिए निर्देश

मतदाताओं को पोलिंग बूथ पर मिलेगीं बुनियादी सुविधाएं

समाचार गेट/सुनील दीक्षित

कनीना। आगामी 2 मार्च को होने वाले कनीना नगरपालिका चुनाव को लेकर बुधवार को एसडीएम डॉ जितेंद्र सिंह अहलावत ने 14 वार्डो के लिए बनाए गए सभी 14 मतदान केंद्रो का निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि मतदान केंद्रो पर पेयजल, बिजली, दिव्यांगजनों के लिए रैंप सहित टॉयलेट जैसी बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध रहेगीं। उन्होंने कनिष्ठ अधिकारियों से कहा कि आदर्श चुनाव आचार संहिता का सख्ती से पालन किया जाए। उन्होंने कहा कि प्रत्येक वार्ड के लिए मतदान केंद्र बनाया गया है। जहां सुरक्षा के व्यापक प्रबंध किए जाएगें।

बता दें कि कनीना में इस बार नगरपालिका चेयरमैन का सीधा चुनाव होगा। यह पद सामान्य श्रेणी की महिला के लिए आरक्षित किया गया है। जिसके लिए महिलाएं चुनाव मैदान में आ गई हैं। 14 वार्डों में से वार्ड नम्बर एक को बीसी-बी व वार्ड 4 को बीसी-ए वर्ग की महिला के लिए आरक्षित किया गया है। इसी प्रकार वार्ड 6 को एससी सामान्य व 8 को एससी महिला के लिए आरक्षित किया गया है। वार्ड 7 व 12 को सामान्य वर्ग की महिला के लिए रिर्जव किया गया है। वार्ड 2, 3 5, 9, 10, 11, 13, 14 को अनारक्षित घोषित किया है। नगर पालिका चुनाव के लिए 6 जनवरी को अंतिम तिथि मानकर तैयार की गई मतदाता सूचि के मुताबिक 14 वार्डों में कुल 10413 मतदाता शामिल हैं जो चेयरमैन सहित वार्ड पार्षदों का चुनाव करेगें। वार्ड एक में 648, दो में 877, तीन में 869, चार में 658,पांच में 794,छह में 687,सात में 797, आठ में 798, नो में 727, दस में 664,ग्यारह में 663, बारह में 813, तेरह में 770 तथा चैदह में 649 मतदाता शामिल हैं। नगरपालिका प्रशासक एसडीएम डॉ जितेंद्र सिंह अहलावत ने बताया कि नपा चुनाव के लिए प्रशासन की ओर से सभी तैयारियां शुरू कर दी गई हैं। आदर्श चुनाव आचार संहिता को लेकर कनीना में विभिन्न स्थानों पर लगे राजनीतिक होर्डिंग व बोर्ड को हटाने के निर्देश दिए गए हैं। क्रीटीकल बूथों की पहचान की जा रही है जहां सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए जाएगें।

सेवार्थ जाइए
SDM

विधायक आफताब अहमद ने शिक्षा विभाग में रिक्त पदों और विद्यालयों की समस्याओं को लेकर उठाई आवाज

समाचार गेट/अनिल मोहनियां

नूंह। नूंह विधायक आफताब अहमद ने अतिरिक्त मुख्य सचिव, शिक्षा विभाग और निदेशक से वार्ता कर जिले में शिक्षा विभाग से जुड़ी विभिन्न समस्याओं पर गहरी चिंता व्यक्त की। उन्होंने बताया कि जिले में 50% पद रिक्त हैं, जिससे शैक्षणिक व्यवस्था प्रभावित हो रही है। उन्होंने इन रिक्त पदों को जल्द से जल्द भरने की मांग की ताकि शिक्षा विभाग की सेवाएं सुचारु रूप से संचालित हो सकें। विधायक आफताब अहमद ने शिक्षा निदेशक जीतेंद्र कुमार (आईएएस) को एक पत्र सौंपते हुए जिले में शिक्षा अधिकारियों की कमी का मुद्दा भी उठाया। उन्होंने आग्रह किया कि जिले में शिक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ करने के लिए त्वरित कदम उठाए जाएं।

इसके अलावा, उन्होंने निम्नलिखित महत्वपूर्ण मांगें भी रखीं:

सीनियर सेकेंडरी स्कूल उदाका का निर्माण कार्य शीघ्र प्रारंभ किया जाए। महिला माध्यमिक विद्यालय देवला नगली को अपग्रेड किया जाए। आकेड़ा महिला स्कूल को अपग्रेड कर गांव में ही संचालित किया जाए। गजरपुर माध्यमिक विद्यालय को सीनियर सेकेंडरी स्तर तक अपग्रेड किया जाए। गजरपुर में लड़कियों के लिए 12वीं तक का विद्यालय शुरू किया जाए। कैराका गांव में लड़कियों के लिए नए विद्यालय का निर्माण किया जाए। प्राथमिक और माध्यमिक विद्यालयों के रखरखाव हेतु बजट जारी किया जाए। मॉडल स्कूल जयसिंहपुर की निर्मित इमारत में कक्षाएं जल्द शुरू कराई जाएं। कोटला प्राथमिक विद्यालय में नए भवन और अतिरिक्त कक्षों का निर्माण किया जाए। विधायक आफताब अहमद ने शिक्षा विभाग के उच्चाधिकारियों से अपील की कि जिले में शिक्षा स्तर को सुधारने के लिए शीघ्र निर्णय लिए जाएं ताकि विद्यार्थियों को बेहतर शैक्षणिक सुविधाएं प्राप्त हो सकें।

विधायक आफताब अहमद ने कहा कि भाजपा सरकार मेवात की शिक्षा प्रणाली को लेकर गंभीर नहीं है, विश्वविद्यालय देना तो दूर प्रारंभिक, माध्यमिक स्तर के स्कूलों का हाल बेहाल है। कहीं शिक्षक नहीं है तो कहीं खंडर भवन में कक्षाएं लग रही हैं और दूसरी तरफ जहां चार सालों से स्कूल बन गया है वहां कक्षाएं नहीं लगाई जा रही हैं। विधायक आफताब अहमद ने कहा कि या तो तत्काल इलाके की तालीम पर सरकार संज्ञान ले अन्यथा धरने प्रदर्शन की जरूरत पडी तो वो भी किए जा सकते हैं।

33केवी पावरग्रिड सब स्टेशन में खराबी से सप्ताहभर से बिजली सप्लाई गुल

समाचार गेट/सुनील दीक्षित

कनीना। कनीना उपमंडल के गांव रामबास सथित 33 केवी पावर ग्रिड सब स्टेशन में स्थापित बिजली उपकरण में खराबी आने से किसानों को एपी फीडर में बिजली नहीं मिल रही है। जिससे किसान फसल सिंचाई नहीं होने से वह खराब होने लगी है। किसान सत्यवीर सिंह, वेदप्रकाश, रामनिवास, पवन कुमार, राजेश ने बताया कि पिछले सप्ताहभर से बिजली सप्लाई बाधित है। पेयजल के लिए कुछ देर के लिए भोजावास पावर हाउस से बिजली सप्लाई की जा रही है। किसानों ने कहा कि बिजली कर्मचारी खराबी को दुरूस्त करने में ओर समय लगने की बात कह रहे हैं। जिससे किसानों के सामने चिंता बनी हुई है। उन्होंने प्रदेश के बिजली मंत्री अनिल विज से जल्द बिजली सप्लाई करने की मांग की है।

मजदूर विरोधी बजट 2025-26 की प्रतियां जलाकर मजदूरों ने जताया विरोध

समाचार गेट/सोनिका सूरा

सिवानी। खण्ड सिवानी के विभिन्न गांवों में बीजेपी सरकार द्वारा पेश किया गया बजट 2025-26 की प्रतियां जलाकर मजदूरों ने रोष जताया है। इस बारे में बात करते हुए इंटक के जिला सचिव साधू राम रूपाणा ने बताया कि सरकार ने जो इस साल का बजट पेश किया है, उसमें मजदूरों किसानों के लिए कोई राहत नहीं दी है । मनरेगा का हर साल की तरह इस साल भी पैसा घटाया गया है जबकि मनरेगा में काम करने वालों की संख्या लगातार बढ़ती जा रही है और ना ही शिक्षा और स्वास्थ्य के लिए कुछ दिया गया है , वहीं आईसीटीयू के प्रदेश अध्यक्ष आजाद सिंह मिरान ने कहा कि जब से देश में बीजेपी सरकार आई हैं तब से हर साल जो बजट पेश किया गया है वो कमेरा वर्ग विरोधी ही पेश किया गया है। अबकी बार बजट में किसानों को किसान क्रेडिट कार्ड लिमिट तीन लाख से बढ़ाकर पांच लाख रुपए की है जब कि किसान सरकार से बार- बार एमएसपी की मांग कर रहे हैं । क्रेडिट कार्ड लिमिट बढ़ाकर किसानों को कर्जवान करके किसानों की जमीन बड़े पूंजीपतियों को देने कि सरकार की चाल है इस बजट में शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार, के लिए कुछ नहीं दिया है । सब कुछ पूंजीपतियों के फायदे के लिए ही है । इसलिए किसान और मजदूरों में बहुत रोष हैं । वहीं उन्होंने बताया कि निर्माण मजदूरों की समस्याओं को लेकर 8 फरवरी को सिवानी एसडीएम ऑफिस पर प्रदर्शन किया जाएगा । इस मौके पर अनारों ढाणी धिरजा, सुरेन्द्र, इश्वर सिंह, सुरेश कुमार, रमेश, रामकिशन धुलकोट, लखबीर देवी कालोद आदि मौजूद रहे।

मेवात में यात्री रेल मंजूर करने के लिये भाजपा का तहेदिल से शुक्रिया और आभार : चौ. जाकिर हुसैन

मेवात में यात्री रेल को मंजूरी मिलने लोगों ने मिठाईयाँ बाँट कर ख़ुशियाँ मनाईं

कार्यकर्ताओं ने भाजपा नेता चौधरी ज़ाकिर हुसैन के निवास पहुंचकर मिठाइयाँ बाँटी व भाजपा का आभार जताया

समाचार गेट/अनिल मोहनियां

नूंह। भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं पूर्व विधायक चौधरी ज़ाकिर हुसैन ने मेवात क्षेत्र (दिल्ली-सोहना-नूंह-फ़िरोज़पुर झिरका-अलवर) को रेलवे परियोजना में शामिल करके 2500 करोड़ रुपये मंज़ूर करने के लिए देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, केन्द्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण, केन्द्रीय रेल मंत्री अश्वनी वैष्णव, केन्द्रीय ऊर्जा मंत्री मनोहर लाल, केन्द्रीय मंत्री भूपेन्द्र यादव, यशस्वी मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी, केन्द्रीय राज्य मंत्री राव इंद्रजीत सिंह का मेवात क्षेत्र की 36 बिरादरी की तरफ से और अपनी तरफ से तहेदिल से शुक्रिया व आभार जताया। मेवात वासियों को वर्षों पुरानी इस बड़ी मांग को मंजूर होने से पूरे मेवात क्षेत्र में खुशी का माहौल है। बुधवार को कार्यकर्ताओं ने भाजपा के दिग्गज नेता चौधरी ज़ाकिर हुसैन के निवास पर पहुंचकर उनसे मुलाकात की तथा उन्हें मिठाईयाँ खिलाकर व भाजपा जिंदाबाद के जोरदार नारे लगाकर भाजपा सरकार का धन्यवाद किया है। पूरे मेवात क्षेत्र में मिठाईयाँ बाँटकर खुशी का ईजहार देखने को मिला।

जाकिर हुसैन ने कहा कि उनके वालिद मरहूम चौधरी तय्यब हुसैन साहब ने गुड़गाँव से 1971 में सांसद बनने पर मेवात क्षेत्र में रेलवे लाईन की माँग उठाई थी और केंद्र सरकार ने 1971 में रेलवे लाइन का सर्वे कराया था। अब भारतीय जनता पार्टी की सरकार ने मेवात क्षेत्र के लोगों की दशकों पुरानी बड़ी मांग को मंजूर कर लिया है। ये मेवात क्षेत्र के लोगों के लिए बहुत बड़ी सौगात है। आज पूरे मेवात क्षेत्र में खुशी का माहौल है। जगह-जगह मेवात के लोग मिठाईयाँ बाँटकर खुशियाँ मना रहे हैं। जाकिर हुसैन ने कहा कि जब उन्होंने 2019 में भाजपा सरकार से प्रेरित होकर विधायक पद से इस्तीफा देकर तत्कालीन मुख्यमंत्री व देश के ऊर्जा मंत्री मनोहर लाल के नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी ज्वॉईन की थी। उन्होंने तब ही कहा था कि आने वाले समय में भारतीय जनता पार्टी विकास व रोजगार के मामले मेवात क्षेत्र को बहुत बड़ी-बड़ी सौगातें देने का काम करेगी, जिससे मेवात क्षेत्र की काया पलट होने जा रही है, जिसका जीता जागता उदाहरण यात्री रेलवे लाईन की मंजूरी, केएमपी एक्सप्रेस वे का शुभारंभ, दिल्ली-मुम्बई एक्सप्रेस वे का निर्माण, मेवात फीडर केनाल को मंजूरी, रेनीवेल परियोजनाएँ, सिंचाई के लिए नहरी पानी की व्यवस्था, सरकारी नौकरियों में मेवात क्षेत्र के बच्चों को बिना खर्ची व बिना पर्ची के लगातार नौकरियाँ, अरावली पहाड़ में एशिया की सबसे बड़ी सेंचुरी पार्क की मंजूरी, यूनानी मेडिकल कॉलेज की स्थापना, होडल से तावड़ू वाया नूँह सड़क को फोरलेन की मंजूरी, नूँह से अलवर तक सड़क को फोरलेन की मंजूरी आदि।

उन्होंने कहा कि मेवात के विकास में पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने पहिए लगाए थे, जिसे आज उनके मार्गदर्शन में प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी शानदार तरीके से रफ्तार दे रहे हैं। हुसैन ने कहा कि अब वो दिन दूर नहीं जब मेवात क्षेत्र में यात्री रेल की सीटी बजेगी और मेवात क्षेत्र भाजपा के राज में देश में उन्नति व रोज़गार में अव्वल होगा। उन्होंने सभी मेवातवासियों को मुबारक़बाद दी है।

'राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
समाचार गेट
को TITLE CODE : HARHIN11569
आवश्यकता है
◆ हरियाणा के प्रत्येक जिले में ब्यूरो चीफ
◆ उपमंडल व ब्लॉक स्तर पर संवाददाता
◆ ग्रामीण संवाददाता ◆ फोटोग्राफर
◆ विज्ञापन प्रतिनिधि
इच्छुक युवक-युवती अपना बायोडेटा मेल करें-
samachargate@gmail.com
Cont.: 9212339503

संक्षिप्त समाचार

दक्षिण अफ्रीका में शिक्षक ने हिंदू विद्यार्थी की कलाई से कलावा काटा

केप टाउन, एजेंसी। दक्षिण अफ्रीका में एक शिक्षक ने कथित तौर पर एक हिंदू विद्यार्थी की कलाई से कलावा काट दिया, जिसके बाद समुदाय के सदस्यों ने इस असंवेदनशील और गैरजिम्मेदाराना कृत्य करार दिया। जानकारी के मुताबिक, यह घटना पिछले सप्ताह क्वाजुलु-नताल प्रांत के ड्रेकेंसबर्ग सेकेंडरी स्कूल में हुई। दक्षिण अफ्रीकी हिंदू महासभा (एसएएचएमएस) ने शिक्षक द्वारा हिंदू विद्यार्थी की कलाई से कथित तौर पर पवित्र कलावा काटे जाने के बाद शिक्षा अधिकारियों से कार्रवाई की मांग की है। शिक्षक का दावा था कि स्कूल सांस्कृतिक या धार्मिक प्रतीकों को पहनने की अनुमति नहीं देता है।

इस साल सिंगापुर जलडमरूमध्य में समुद्री डकैती की 11 घटनाएं हो चुकीं

सिंगापुर, एजेंसी। एक क्षेत्रीय जहाज सुरक्षा एजेंसी ने सोमवार को कहा कि इस साल के पहले 34 दिनों में सिंगापुर जलडमरूमध्य में जहाजों पर समुद्री डकैती की 11 घटनाएं हो चुकी हैं। यह घटनाएं 1 जनवरी से 3 फरवरी के बीच हुई। एशिया में समुद्री डकैती पर नजर रखने वाले समझौते आरईसीएएपी के सूचना साझाकरण केंद्र (आईएससी) ने कहा कि सभी 11 घटनाएं पुलाऊ (द्वीप) कुला और हेलेन मार रीफ के पास एक-दूसरे के करीब हुईं। एजेंसी ने कहा कि सात घटनाओं में इंजन के पुर्जे चोरी हो गए और चार घटनाओं में कुछ भी चोरी नहीं हुआ। रिपोर्ट की गई 11 घटनाओं में से चार घटनाओं में अपराधियों ने बंदूक या बंदूक जैसी वस्तुओं के साथ हमला किया, पांच घटनाओं में अपराधियों ने चाकू के साथ हमला किया। अन्य दो घटनाओं के बारे में जानकारी उपलब्ध नहीं है। रीकैप आईएससी ने कहा कि वह सिंगापुर जलडमरूमध्य में घटनाओं की संख्या में वृद्धि से चिंतित है जो पिछले वर्ष की इसी अवधि (1 जनवरी - 3 फरवरी 2024) की तुलना में लगभग तीन गुना बढ़ गई हैं।

उत्तरी सीरिया में कार बम विस्फोट, 19 मरे

दमिश्क , एजेंसी। सीरिया के एक उत्तरी शहर के बाहरी इलाके में सोमवार को एक कार बम धमाके में 19 की मौत हो गई। युद्ध निगरानी संस्था 'सीरियन ऑब्जर्वेटरी फॉर ह्यूमन राइट्स' ने कहा, मनबीज शहर के बाहरी इलाके में महिला कृषि श्रमिकों को ले जा रहे एक वाहन के पास एक कार में विस्फोट होने से 18 महिलाओं व एक पुरुष की मौत हुई, 15 महिलाएं घायल हुईं, जिनमें से कुछ की हालत गंभीर है इससे पहले स्थानीय सीरियाई नागरिक सुरक्षा विभाग ने 14 महिलाओं व एक पुरुष की मौत की खबर देकर मृतक संख्या 15 बताई थी।

अंतरराष्ट्रीय बिग कैट अलायंस से करेगा बाघ व बड़ी बिल्ली प्रजाति का संरक्षण

वाशिंगटन, एजेंसी। बिग कैट यानी बाघ व बड़ी बिल्ली प्रजाति के अन्य जानवरों के संरक्षण के लिए अंतरराष्ट्रीय बिग कैट अलायंस (आईबीसीए) के गठन का फ्रेमवर्क समझौता आधिकारिक रूप से अमल में आ चुका है। 23 जनवरी 2025 को आईबीसीए और उसका सचिवालय पूरी तरह से समझौता आधारित अंतर सरकारी अंतराष्ट्रीय संगठन बन गया है। फ्रेमवर्क समझौते के तहत भारतीय विदेश मंत्रालय को मुख्य अमानतदार बनाया गया है। समझौते पर हस्ताक्षर करने वाले पांच देशों निकारागुआ, एस्वातिनी, भारत, सोमालिया और लाइबेरिया ने समझौते के अनुच्छेद 8 (1) के तहत अपनी मंजूरी दी है। भारत समेत 27 देशों ने आईबीसीए में शामिल होने की हामी भरी है। वन्यजीव संरक्षण के क्षेत्र में काम कर रहे कई राष्ट्रीय-अंतरराष्ट्रीय संगठनों ने भी आईसीबीए से जुड़ने की इच्छा जताई है। जिन पांच देनों ने अपनी आधिकारिक मंजूरी का पत्र सौंपा है वे इस समझौते में औपचारिक रूप से शामिल हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 9 अप्रैल 2023 को प्रोजेक्ट टाइगर के 50 साल पूरे होने पर आईबीसीए लॉन्च किया था।

पाकिस्तान में वर्ष का पहला पोलियो-रोधी अभियान शुरू

इस्लामाबाद, एजेंसी। पाकिस्तानी पीएम शहबाज शरीफ ने घातक रूप से पोलियो से जूझ रहे देश में औपचारिक रूप से वर्ष का पहला पोलियो-रोधी अभियान शुरू किया। इस्लामाबाद में एक समारोह के दौरान उन्होंने अभियान शुरू करने के लिए बच्चों को पोलियो की दवा पिलाई। पोलियो कार्यकर्ता 3-9 फरवरी तक चलने वाले सात दिनी अभियान में बच्चों को पोलियो की दवा पिलाएंगे। उन्होंने कहा, पोलियो टीमें अपनी पूरी ऊर्जा का इस्तेमाल इस कार्यक्रम में करें।

वाशिंगटन में विमान टक्कर का हटाया गया मलबा, 67 में से 55 मृतकों की हुई पहचान

वाशिंगटन, एजेंसी। सोमवार को वाशिंगटन के रीगन राष्ट्रीय हवाई अड्डे के पास पोटोमैक नदी से उस वाणिज्यिक जेट का बड़ा हिस्सा हटा लिया गया, जो पिछले सप्ताह हुई एक टक्कर में शामिल था। इस टक्कर में 67 लोग मारे गए थे। अधिकारियों ने कहा कि विमान को हटाने में कई दिन लगेंगे और उसके बाद सैन्य हेलीकॉप्टर को हटाया जाएगा। यह हादसा बुधवार को हुआ था, जब अमेरिकन एयरलाइंस का जेट और एक सेना का हेलीकॉप्टर टकरा गए थे। यह अमेरिका में 2001 के बाद से सबसे घातक विमान दुर्घटना थी। अब तक 67 मृतकों में से 55 की पहचान हो चुकी है।

ट्रंप ने शुरू किया अवैध भारतीय प्रवासियों को वापस भेजना, 205 लोगों को लेकर निकला अमेरिकी सैन्य विमान

वाशिंगटन, एजेंसी। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने चुनावी वादों के अनुसार मास डिपोर्टेशन योजना के तहत अवैध भारतीय प्रवासियों के खिलाफ कार्रवाई शुरू कर दी है. ट्रंप प्रशासन खासकर बिना दस्तावेज वाले प्रवासियों के खिलाफ अपना रुख कड़ा कर दिया है. खबर है कि अमेरिका का एक सैन्य विमान 205 नागरिकों को लेकर टेक्सास से रवाना हो गया है. मीडिया रिपोर्ट के अनुसार डिपोर्टेशन के लिए करीब 15 लाख लोगों को चिन्ह्त किया गया है जिसमें 18 हजार भारतीय शामिल हैं. इनकी सूची तैयार की जा चुकी है. इसी क्रम में टेक्सास में 205 भारतीय नागरिकों को लेकर सी-17 सैन्य विमान भारतीय समयानुसार करीब लगभग 3 बजे रवाना हुआ. विमान में सवार सभी भारतीयों का सत्यापन भारत सरकार द्वारा किया गया. ट्रंप के मास डिपोर्टेशन प्लान से अमेरिका में रह रहे भारी संख्या में भारतीय प्रभावित होंगे. प्रवासियों को निर्वासित करने वाली अमेरिकी सैन्य उड़ानों के लिए भारत सबसे अधिक दूरी तय करने वाला गंतव्य है. पेंटागन ने कहा है कि एल पासो, टेक्सास, सैन डिएगो, कैलिफोर्निया से 5,000 से अधिक प्रवासियों को निर्वासित करने के लिए उड़ानें तैनात हैं. ट्रंप ने पिछले सप्ताह इमिग्रेशन पर अपनी आपातकालीन घोषणा के हिस्से के रूप में सैन्य निर्वासन उड़ानें शुरू की. अब तक लैटिन अमेरिका के लिए प्रवासियों से भरे छह विमान भेजे गए. अमेरिकी राष्ट्रपति ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ बातचीत के बाद कहा था कि जब अमेरिका से अवैध भारतीय अप्रवासियों को

वापस लेने की बात आएगी तो प्रधानमंत्री वही करेंगे जो सही होगा. अमेरिका द्वारा जारी किए जाने वाले कुशल श्रमिक एच-1बी वीजा में अधिकांश भारतीय हैं. निर्वासन और सीमा नियंत्रण तब हुआ जब ट्रंप ने पदभार ग्रहण करने के पहले दिन कहा था कि वे दक्षिणी सीमा पर राष्ट्रीय आपातकाल की घोषणा करते हुए लाखों प्रवासियों को निर्वासित करेंगे. इस संबंध में अमेरिकी सरकार ने एक विधेयक को भी मंजूरी दी जिसके तहत बिना अनुमति के देश में प्रवेश करने वाले और कुछ अपराधों के आरोपी अप्रवासियों को हिरासत में लेना और निर्वासित करना आवश्यक होगा. अपने चुनाव अभियान के दौरान भी उन्होंने कहा था, जब मैं फिर से निर्वाचित होऊंगा, तो हम अमेरिकी इतिहास में सबसे बड़ा निर्वासन अभियान शुरू करेंगे. ट्रंप ने अक्सर अपने इमिग्रेशन एजेंडे को लागू करने के लिए सेना का इस्तेमाल किया. मैक्सिको सीमा पर सेना तैनात की गई. अवैध प्रवासियों को रखने के लिए सैन्य ठिकानों का इस्तेमाल किया गया. साथ ही उन्हें अमेरिका से बाहर निकालने के लिए सैन्य विमानों का इस्तेमाल किया है. इमिग्रेशन के अलावा ट्रंप ने कनाडा, मैक्सिको और चीन पर भी टैरिफ लगाने की घोषणा की. हालांकि, बाद में कनाडा, मैक्सिको को फिलहाल एक महीने की राहत दी है. उन्होंने कहा कि यूरोप के लिए भी इसी तरह के उपाय किए जा रहे हैं. कनाडा पर टैरिफ वृद्धि भी एक महीने के लिए टाल दी क्योंकि उसने उत्तरी सीमा के माध्यम से अमेरिका में ड्रग्स और अवैध प्रवासियों के प्रवाह को रोकने के उपायों पर 1.3 बिलियन डॉलर खर्च करने का वादा किया. वहीं मैक्सिको ने अमेरिका के साथ अपनी सीमा पर 10,000 सैनिकों को बहाल करने की प्रतिबद्धता जताई. मैक्सिको और कनाडा से आयात पर 25 प्रतिशत का अतिरिक्त शुल्क मंगलवार से लागू होना था, क्योंकि इन देशों की सीमाओं से अमेरिका में अवैध प्रवासियों और ड्रग्स का प्रवाह होता है. चीन में 10 प्रतिशत की कम वृद्धि होने वाली है, लेकिन इस पर आगे कोई बातचीत नहीं हुई।

60 फिलिस्तीनी कैदियों को भेजा जाएगा तुर्किये, कतर, मलेशिया और पाकिस्तान

रामल्लाह, एजेंसी। इजरायल-हमास के बीच युद्धविराम के समझौते बाद इजरायली बंधकों की रिहाई का सिलसिला जारी है। इस बीच एक फिलिस्तीनी अधिकारी ने फिलिस्तीनी कैदियों के बारे में जानकारी दी है। फिलिस्तीनी अधिकारी ने बताया कि युद्ध विराम समझौते के तहत इजरायल द्वारा रिहा किए गए और वर्तमान में मिस्र में मौजूद 60 फिलिस्तीनी कैदियों को तुर्किये, कतर, मलेशिया और पाकिस्तान भेजा जाएगा। समाचार एजेंसी सिन्हुआ के अनुसार, फिलिस्तीनी कैदी क्लब के प्रमुख अब्दुल्ला जगारी ने कहा कि चारों देशों में से प्रत्येक देश 15 फिलिस्तीनी कैदियों को आश्रय देगा। उन्होंने यह भी बताया कि मिस्र की नई प्रशासनिक राजधानी के एक होटल में वर्तमान में 70 फिलिस्तीनी कैदी रुके हुए हैं। अब्दुल्ला जगारी ने बताया कि अन्य देशों के साथ बातचीत जारी है, ताकि बचे हुए कैदियों के लिए आश्रय सुनिश्चित किया जा सके। इसके अलावा भविष्य में रिहा होने वाले कुछ कैदियों को लेकर काहिरा के साथ भी बातचीत चल रही है। मिस्र, कतर और अमेरिका ने मध्यस्थ के रूप में काम करते हुए 15 जनवरी को एक संयुक्त बयान में घोषणा की थी कि हमास और इजरायल एक युद्धविराम समझौते पर पहुंच गए हैं। इसके तहत कैदियों और बंधकों की अदला-बदली की जाएगी, जिसका उद्देश्य दोनों पक्षों के बीच निरंतर शांति और स्थायी युद्ध विराम है। 19 जनवरी को युद्ध विराम लागू होने के बाद से हमास ने इजरायल द्वारा अपनी जेलों से सैकड़ों फिलिस्तीनियों को रिहा करने के बदले में 18 बंधकों को रिहा किया है। सबसे गंभीर अपराधों के दोषी फिलिस्तीनियों को गाजा पट्टी या वेस्ट बैंक में नहीं छोड़ा जाए। मिस्र ने इन व्यक्तियों को अस्थायी रूप से रखने पर सहमति व्यक्त की।

ग्रीस के सेंटोरिनी में भूकंप के कारण स्कूल बंद, उठाए गए एहतियाती कदम

एथेंस, एजेंसी। ग्रीस के सेंटोरिनी द्वीप स्थित लोकप्रिय पर्यटन स्थल, एजियन सागर में स्थित स्कूल सोमवार को बंद कर दिए गए। फुटबॉल मैदानों पर टेंट लगा दिए गए हैं। अधिकारियों ने सप्ताहांत में आए भूकंपों के बाद ये एहतियाती कदम उठाए हैं। एथेंस की राष्ट्रीय वेधशाला के वैज्ञानिकों के अनुसार, शुक्रवार से अब तक सेंटोरिनी और अमोरगोस सहित आस-पास के द्वीपों में 300 से अधिक भूकंप के झटके महसूस किए गए हैं, जिनकी तीव्रता रिक्टर पैमाने पर 5 तक पहुंची है। हालांकि, ग्रीस कई फॉल्ट लाइनों पर स्थित है और यहां प्रतिदिन भूकंप आते हैं, लेकिन 2012 के बाद से एजियन सागर के इस हिस्से में भूकंपीय गतिविधि में इतनी वृद्धि दर्ज नहीं की गई है। वैज्ञानिकों ने कहा कि उस समय, भूकंप के झटके कई महीनों तक चले, लेकिन इससे जान-माल का कोई नुकसान नहीं हुआ। सेंटोरिनी हेलेनिक ज्वालामुखी आर्क का हिस्सा है। इतिहासकारों के अनुसार, 3,600 साल पहले एक बड़े ज्वालामुखी विस्फोट के कारण विनाशकारी सुनामी आई थी, जो क्रेते तक पहुंच गई थी। हालांकि, आधुनिक इतिहास में कोई भी बड़ी ज्वालामुखी आपदा दर्ज नहीं की गई है। स्थानीय वैज्ञानिकों ने मौजूदा भूकंपों के लिए ज्वालामुखीय गतिविधि के बजाय टेक्टोनिक गतिविधि को जिम्मेदार ठहराया है। प्रोफेसर एफ़थिमियोस लेक्कास ने सोमवार को सेंटोरिनी से ग्रीक राष्ट्रीय समाचार एजेंसी एएमएनए को बताया कि मौजूदा भूकंपीय गतिविधि और हाल के महीनों में ज्वालामुखी क्षेत्र में देखी गई।

ट्रम्प ने कनाडा और मेक्सिको पर टैरिफ का फैसला टाला, 30 दिन की रोक लगाई

वॉशिंगटन, एजेंसी। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने कनाडा और मेक्सिको पर टैरिफ लगाने के फैसले को 30 दिन के लिए टाल दिया है। ट्रम्प ने इसे लेकर सोमवार को कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो और मेक्सिको की राष्ट्रपति क्लाउडिया शिनबाम से बात की। ट्रम्प ने बाद में बताया कि ट्रूडो और शिनबाम के साथ उनकी बातचीत अच्छी रही। दोनों देशों ने अमेरिका के साथ बॉर्डर को सिक्योर करने पर सहमति जताई है। इसके बाद ट्रम्प ने दोनों देशों पर टैरिफ रोकने से जुड़े कार्यकारी आदेश पर साइन किए। दरअसल ट्रम्प ने कनाडा और मेक्सिको पर 25प्रतिशत और चीन पर 10प्रतिशत टैरिफ लगाने का फैसला लिया था, जो आज यानी मंगलवार से लागू होने वाला था। हालांकि चीन पर 10 टैरिफ का आदेश आज से लागू हो रहा है।

अमेरिका से टैरिफ पर आमने-सामने आ गए थे कनाडा-मेक्सिको : डोनाल्ड ट्रम्प ने 20 जनवरी को राष्ट्रपति पद की शपथ के बाद कनाडा, मेक्सिको और चीन पर टैरिफ लगाने की घोषणा की थी। उन्होंने 1 फरवरी को इससे जुड़े आदेशों पर साइन भी कर दिया था। ट्रम्प के इस फैसले के बाद कनाडा ने भी 2 फरवरी को अमेरिका पर 25प्रतिशत टैरिफ लगाने का ऐलान किया था। इसमें अमेरिका से होने वाले 106 अरब डॉलर के निर्यात को शामिल किया गया था। दूसरी तरफ मेक्सिको ने भी जवाबी कार्रवाई की बात कही थी।

बॉर्डर सिक्योरिटी में निवेश करेगा करेगा : सोमवार को ट्रम्प के

फैसले के बाद ट्रूडो ने एक्स पर पोस्ट कर बताया कि टैरिफ पर रोक के बदले में कनाडा बॉर्डर सिक्योरिटी में भारी निवेश करेगा। साथ ही संगठित अपराध, फेंटेनाइल की तस्करी और मनी लॉन्ड्रिंग से निपटने के लिए दोनों देश मिलकर कनाडा-यूएस ज्वाइंट स्ट्राइक फोर्स बनाएंगे। इसके अलावा कनाडा फेंटेनाइल जार (फेंटेनाइल की तस्करी रोकने वाला अधिकारी) की नियुक्ति भी करेगा। तस्करी में शामिल कार्टेल (समूह) को आतंकवादी समूहों की सूची में शामिल किया जाएगा। ट्रूडो ने इस आदेश पर साइन भी कर दिए हैं। कनाडा इस पर 200 मिलियन डॉलर खर्च करेगा। ट्रम्प के फैसला टालने को मेक्सिको राष्ट्रपति ने जीत बताया मेक्सिको की राष्ट्रपति शिनबाम ने एक प्रेस ब्रीफिंग में इसकी जानकारी दी। शिनबाम जब प्रेस ब्रीफ को संबोधित करने पहुंचीं तो वहां उनका स्वागत तालियों से हुआ। उन्होंने वहां मौजूद लोगों से पूछा कि क्या उन्होंने उनका सोशल मीडिया पोस्ट देखा है? ट्रम्प टैरिफ टालने पर राजी हो गए हैं। उन्होंने ट्रम्प के फैसले के बदलने को मेक्सिको की जीत बताया। शिनबाम ने अमेरिका को हथियारों की सप्लाई पर लगाम लगाने को कहा शिनबाम ने बताया कि ट्रम्प से उनकी बातचीत 35 से 40 मिनट तक चली। इस दौरान उन्होंने अमेरिका से मेक्सिको में सप्लाई होने वाले खतरनाक हथियारों की सप्लाई को लेकर शिकायत की।

दुर्लभ खनिज के बदले यूक्रेन की मदद करेगा अमेरिका

वॉशिंगटन, एजेंसी। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने यूक्रेन को युद्ध में मदद जारी रखने के बदले रेयर अर्थ मटेरियल (दुर्लभ मृदा संसाधन) को लेकर एक समझौता करने की बात कही। एपी न्यूज के मुताबिक सोमवार को ट्रम्प ने ओवल ऑफिस में मीडिया से कहा कि अमेरिका ने यूक्रेन को अपने यूरोपीय सहयोगियों के मुकाबले ज्यादा सैन्य और आर्थिक सहायता भेजी है।

ट्रम्प ने कहा- हम यूक्रेन के साथ एक ऐसा समझौता करना चाहते हैं कि जिसके तहत वो अपने रेयर अर्थ मटेरियल और अन्य महत्वपूर्ण संसाधनों की सुरक्षा करेगा। ट्रम्प ने बताया कि कि उन्हें यूक्रेनी सरकार से यह मैसेज मिला है कि वे अमेरिका को आधुनिक तकनीकी अर्थव्यवस्था बनने में मदद करने के लिए रेयर अर्थ मटेरियल को लेकर एक समझौता करने को तैयार हैं। अमेरिकी राष्ट्रपति ने मीडिया से कहा कि मैं रेयर अर्थ मटेरियल की सुरक्षा चाहता हूं। हम सैकड़ों अरब डॉलर लगा रहे हैं। उनके पास बहुत बढ़िया रेयर अर्थ मटेरियल है।

यह 17 एलिमेंट्स का एक ग्रुप है, जो कंज्यूमर इलेक्ट्रॉनिक्स से लेकर मिलिट्री इक्विपमेंट तक में इस्तेमाल होता है। इसका उपयोग आईटी इंडस्ट्रीज, सौर ऊर्जा, केमिकल इंडस्ट्रीज के अलावा आधुनिक



तकनीक ऑयल रिफाइनरी में केटेलिस्ट समेत कई इंडस्ट्रीज में उपयोग होता है।

ट्रम्प ने कहा- बेतुके युद्ध को खत्म करने जा रहे हैं : इससे पहले ट्रम्प ने कहा था कि जिन्होंने पहले कहा था कि वे यूक्रेन में संघर्ष को खत्म करने के लिए चर्चा जारी है। हम जल्द ही युद्ध खत्म कर देंगे। उन्होंने कहा- हमने रूस और यूक्रेन के मामले में काफी प्रगति की है। हम देखेंगे कि क्या होता है। हम उस बेतुके युद्ध को रोकने जा रहे हैं। युद्ध शुरू होने के बाद से अमेरिका यूक्रेन को करीब 63 अरब डॉलर (5.45 लाख करोड़ रुपए) की मदद दे चुका है। ट्रम्प अपने इलेक्शन कैंपेन के दौरान भी एक दिन में यूक्रेन वॉर खत्म कराने की बात कह चुके हैं। हालांकि उन्होंने इसके बारे में कोई डिटेल नहीं दी थी।

जेलेंस्की बोले हमें शामिल किए बिना कोई भी वार्ता स्वीकार नहीं : वहीं यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने शनिवार को कहा कि जब उनके देश को शामिल किया बिना अमेरिका और रूस के बिना कोई भी वार्ता स्वीकार नहीं है। उन्होंने कहा कि उनके (ट्रम्प और पुतिन) अपने संबंध हो सकते हैं, लेकिन हमारे बिना यूक्रेन के बारे में बात करना सभी के लिए खतरनाक है। जेलेंस्की ने कहा हमारी टीम ट्रम्प सरकार के संपर्क में हैं। जल्द ही हमारी आमने सामने की बैठक होगी। हमें इस पर और ज्यादा काम करने की जरूरत है। डोनाल्ड ट्रम्प के चुनाव जीतने के बाद से उनसे अरबपति सहयोगी इलॉन मस्क लगातार चर्चा में बने हुए हैं।

मंगोलिया का लगभग 80 प्रतिशत भूभाग बर्फ से ढका

उलानबटोर, एजेंसी। राष्ट्रीय मौसम विज्ञान और पर्यावरण निगरानी एजेंसी ने सोमवार को बताया कि मंगोलिया का लगभग 80 प्रतिशत भूभाग बर्फ से ढका हुआ है। मौसम निगरानी एजेंसी ने एक बयान में कहा, 31 जनवरी तक देश का लगभग 80 प्रतिशत क्षेत्र 60 सेमी मोटी बर्फ से ढका हुआ है। मंगोलिया अपनी कठोर सर्दियों के लिए जाना जाता है, जो काफी हद तक साइबेरियाई उच्च दबाव प्रणाली से प्रभावित होता है। पिछली सर्दियों में, इस एशियाई देश ने दशकों में सबसे अधिक ठंड का अनुभव किया, यहां 1975 के बाद से सबसे अधिक रिकॉर्ड बर्फबारी हुई। लगभग 90 प्रतिशत क्षेत्र 100 सेमी मोटी बर्फ से ढका था, जिससे भयंकर स्थिति उत्पन्न हो गई, जो मंगोलिया के लिए एक प्राकृतिक आपदा है। अत्यधिक ठंड और भारी बर्फबारी के कारण पशुधन को भोजन तक पहुंच नहीं मिल पाता है, जिससे बड़े पैमाने पर पशुओं की मृत्यु हो जाती है। समाचार एजेंसी शिन्हुआ के अनुसार, पिछली सर्दियों में भयंकर तूफान दजुड के कारण लाखों पशुधन नष्ट हो गए, जिससे देश के चरवाहों और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को भारी नुकसान पहुंचा। दजुड एक मंगोलियन शब्द है, जो एक भयावह सर्दी का वर्णन करता है। इसमें पशु, चरागाहों के जम जाने या बर्फ से ढक जाने के कारण मर जाते हैं, तथा खानाबदोश चरवाहों की आजीविका को खतरा पैदा हो जाता है। पिछले सप्ताह, मंगोलियाई सरकार ने कहा कि उसने 2025 के वसंत ऋतु के दौरान राष्ट्रीय राजधानी के निवासियों के लिए निरंतर आपूर्ति सुनिश्चित करने

के लिए कम से कम 10,000 टन पशुधन मांस का भंडार करने का निर्णय लिया है। बुधवार को सरकार के प्रेस कार्यालय की ओर से जारी एक बयान के अनुसार, आरक्षित मांस की आपूर्ति, वितरण, बिक्री, गुणवत्ता और सुरक्षा की निगरानी के लिए संबंधित अधिकारियों को नियुक्त किया गया है। कठोर वसंत ऋतु के दौरान, जब खानाबदोश पशुधन कम हो जाता है और चरवाहों के पास बेचने के लिए पशु कम हो जाते हैं, तो शहरी क्षेत्रों में मांस की कीमतें बढ़ जाती हैं, जिससे संभावित कमी हो जाती है। उलानबटोर में मंगोलिया की 3.5 मिलियन आबादी का लगभग आधा हिस्सा निवास करता है, तथा पशुओं का मांस मंगोलियाई लोगों का मुख्य भोजन है। राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय के अनुसार, दुनिया के अंतिम बचे खानाबदोश देशों में से एक मंगोलिया में 2024 के अंत तक 57.6 मिलियन पशुधन होंगे।

डोनाल्ड ट्रंप ने मार्को रुबियो को बनाया यूएसएआईडी का कार्यवाहक प्रशासक

वाशिंगटन डीसी, एजेंसी। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने विदेश मंत्री मार्को रुबियो को यूएस एजेंसी फॉर इंटरनेशनल डेवलपमेंट (यूएसएआईडी) का कार्यवाहक प्रशासक नियुक्त किया, जिससे मानवीय एजेंसी का राज्य विभाग द्वारा वास्तविक अधिग्रहण की पुष्टि हुई. यह खबर अमेरिकी टेक अरबपति एलन मस्क द्वारा संघीय सरकार में बदलाव करने के आरोप के कुछ घंटों बाद आई, उन्होंने कहा कि राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने एजेंसी को बंद करने पर हस्ताक्षर किए हैं. डेमोक्रेट्स का कहना है कि राष्ट्रपति के लिए कांग्रेस से परामर्श किए बिना संघीय एजेंसी को बंद करना कानूनी नहीं है. अमेरिकी विदेश विभाग ने एक्स पर एक पोस्ट साझा की, जिसमें कहा गया कि यूएसएआईडी की विदेशी सहायता गतिविधियों की समीक्षा चल रही है, जिसमें पुनर्गठन की संभावना है. इस कदम का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि यूएसएआईडी की गतिविधियां संयुक्त राज्य अमेरिका के मूल राष्ट्रीय हितों और अमेरिका फर्स्ट एजेंडे के साथ संरेखित हों. विदेश विभाग के अनुसार, यूएसएआईडी विदेश में अमेरिकी हितों को आगे बढ़ाने के अपने मूल मिशन से भटक गया है, इसके वित्तपोषण का महत्वपूर्ण हिस्सा अमेरिकी राष्ट्रीय हितों के साथ संरेखित नहीं है. इसे संबोधित करने के लिए, राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने सचिव मार्को रुबियो को यूएसएआईडी का कार्यवाहक प्रशासक नियुक्त किया है. अमेरिकी विदेश विभाग ने एक्स पर लिखा संयुक्त राज्य अमेरिका की अंतर्राष्ट्रीय विकास एजेंसी (यूएसएआईडी) लंबे समय से विदेश में अमेरिकी हितों को जिम्मेदारी से आगे बढ़ाने के अपने मूल मिशन से भटक गई है, और अब यह पूरी तरह से स्पष्ट है कि यूएसएआईडी वित्तपोषण का महत्वपूर्ण हिस्सा संयुक्त राज्य अमेरिका के मूल राष्ट्रीय हितों के साथ संरेखित नहीं

है, इसमें आगे कहा गया है एजेंसी की गतिविधि पर नियंत्रण और बेहतर समझ हासिल करने की दिशा में एक अंतरिम कदम के रूप में, राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने सचिव मार्को रुबियो को कार्यवाहक प्रशासक नियुक्त किया है. सचिव रुबियो ने अब कांग्रेस को यह भी सूचित किया है कि संभावित पुनर्गठन की दिशा में यूएसएआईडी की विदेशी सहायता गतिविधियों की समीक्षा चल रही है, पोस्ट में आगे कहा गया, जैसा कि हम यूएसएआईडी का मूल्यांकन करते हैं और सुनिश्चित करते हैं कि यह अमेरिका फर्स्ट एजेंडा और स्टेट डिपार्टमेंट के प्रयासों के अनुरूप है, हम अमेरिकी लोगों के हितों की रक्षा करना जारी रखेंगे और सुनिश्चित करेंगे कि उनके कर के पैसे बर्बाद न हों।

एलन मस्क ने यूएसएआईडी को बताया आपराधिक संगठन : एक्स पर एक पोस्ट में, मस्क ने लिखा, यूएसएआईडी एक आपराधिक संगठन है. इसे खत्म करने का समय आ गया है. उन्होंने एक पोस्ट के जवाब में यह बयान दिया, जिसमें उल्लेख किया गया था कि यूएसएआईडी के वरिष्ठ अधिकारियों को छुट्टी पर भेज दिया गया था, क्योंकि उन्होंने डिपार्टमेंट ऑफ गवर्नमेंट एफिशिएंसी (डीओजीई) के अधिकारियों को एजेंसी सिस्टम तक पहुंचने से रोकने की शारीरिक कोशिश की थी. मस्क का यह बयान उन बढ़ती रिपोर्टों के बीच आया है, जिनमें कहा गया है कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प यूएसएआईडी, एक स्वतंत्र संघीय एजेंसी को समाप्त करना चाहते हैं और इसे अमेरिकी विदेश विभाग में शामिल करना चाहते हैं, सीएनएन ने बताया, व्हाइट हाउस में नीति के लिए डिप्टी चीफ ऑफ स्टाफ, स्टीफन मिलर ने यूएसएआईडी के कार्यबल पर भारी डेमोक्रेट होने का आरोप लगाया है. यूएसएआईडी के दो शीर्ष वरिष्ठ अधिकारियों को शनिवार रात को प्रशासनिक छुट्टी पर भेज दिया गया, क्योंकि उन्होंने डीओजीए के अधिकारियों को एजेंसी में सिस्टम तक पहुंचने से मना करने की कोशिश की, जबकि डीओजीई के अधिकारियों ने कानून प्रवर्तन को बुलाने की धमकी दी थी।

नया इनकम टैक्स कानून करदाताओं की जिंदगी आसाना बनाएगा : अग्रवाल

इस बार के बजट से करोड़ करदाता खुश

नई दिल्ली ।

केंद्रीय वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण ने बजट 2025 में नया इनकम टैक्स कानून लाने की बात कही थी। इस घोषणा के बाद से ही टैक्सपेयर्स के बीच यह कयास शुरू हुआ है कि आखिर नया इनकम टैक्स कानून कैसा होगा और इसका उन पर क्या असर होगा। टैक्सपेयर्स की दुविधा और शंका को शांत कर केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड (सीबीडीटी) के चेयरमैन रवि अग्रवाल ने बताया कि नया इनकम टैक्स कानून प्रत्यक्ष कर को काफी आसान करेगा और करदाता की जिंदगी भी आसान होगी। रिपोर्ट के अनुसार सीबीडीटी चेयरमैन ने बताया कि यह बहुत संतोष की बात है कि इस बार बजट को इतनी सकारात्मकता से लिया गया है और इतना ही नहीं हमारे करोड़ करदाता खुश हैं। टैक्स में दिया गया पूरा लाभ करीब 1 लाख करोड़ रुपये का है और इस साल का बजट लक्ष्य 22.37 लाख करोड़ रुपये है, तब यह कुल करों का 5 प्रतिशत बनता है। लोगों के हाथ में यह 1 लाख करोड़ रुपये होने का अर्थव्यवस्था पर प्रभाव दिखेगा। व्यापार विकसित होगा।

सीबीडीटी चेयरमैन अग्रवाल के मुताबिक, टैक्स छूट के रूप में हमारी ओर से दिया गया पैसा वापस लौटेगा। यह कंपनियों के माध्यम से आएगा, यह व्यापार आय के माध्यम से आएगा, यह वेतन के माध्यम से भी आ सकता है, क्योंकि अगर कंपनियां बढ़ती हैं, तब वेतन भी बढ़ेगा। इस 1 लाख करोड़ रुपये की राहत का सकारात्मक प्रभाव देश की इकानामी पर दिखाई देगा। हम इस साल 15 प्रतिशत की दर से बढ़ रहे हैं, क्योंकि इस राहत के कारण बजट लक्ष्य 12.46 प्रतिशत रखा गया है। सीबीडीटी अध्यक्ष ने कहा कि इसका फायदा उठाने के लिए दो चीजें हैं। एक करदाता को रिटर्न फाइल करना होगा और फिर अगर रिफंड बनता है, तब वह व्यक्ति रिफंड ले सकता है। रिटर्न की संख्या लगभग वहीं रहेगी। यह लगभग 9 करोड़ होगी। पहले 7 लाख रुपये तक की आय पर छूट मिलती थी, अब यह 12 लाख रुपये तक हो गई है। इस बजट में डेढ़ करोड़ करदाताओं के लिए, जो इस श्रेणी (7 से 12 लाख रुपये) में थे, उनकी टैक्स देनदारी शून्य होगी। लाभ पाने वाले वास्तविक करदाताओं की संख्या करीब 3 करोड़ होगी।

एपीएसईजेड ने जनवरी 2025 में अब तक का सबसे अधिक 39.9 मिलियन मीट्रिक टन कार्गो हैंडल किए

पिछले साल की तुलना में 13 फीसदी अधिक

अहमदाबाद ।

अदाणी पोर्ट्स एंड स्पेशल इकोनॉमिक जोन लिमिटेड (एपीएसईजेड) ने जनवरी 2025 में अब तक का सबसे अधिक 39.9 मिलियन मीट्रिक टन (एमएमटी) कार्गो हैंडल किए है। यह पिछले साल की तुलना में 13 फीसदी अधिक है। उपलब्धि में कंटेनर कार्गो में 32 फीसदी और तरल पदार्थ और गैस में 18 फीसदी की वृद्धि दर्ज की गई। यह जानकारी एपीएसईजेड ने दी।

अदाणी समूह के प्रमुख बंदरगाह ने जनवरी 2025 में कुल 372.2 एमएमटी कार्गो हैंडल किया। यह सालाना आधार पर 20 फीसदी अधिक है। इसमें तरल पदार्थ और गैस की हैंडलिंग में भी 9 फीसदी की बढ़ोत्तरी है। कंपनी ने बताया कि विभिन्न कार्गो सेगमेंट में शानदार प्रदर्शन ने अदाणी पोर्ट्स को वैश्विक स्तर पर एक अग्रणी बंदरगाह के रूप पहचान दिखाई है। इसके अलावा मुंद्रा पोर्ट ने भी जनवरी में कई बड़ी उपलब्धियां हासिल की। कंपनी ने कहा, विभिन्न कार्गो सेगमेंट में रिकॉर्ड तोड़ प्रदर्शन ने अदाणी पोर्ट को एक अग्रणी वैश्विक बंदरगाह और भारतीय अर्थव्यवस्था के इंजन के रूप में रेखांकित किया है। एपीएसईजेड मुंद्रा ने 17.20 मिलियन मीट्रिक टन कार्गो का मासिक रिकॉर्ड बनाया, जो समुद्री व्यापार के इतिहास में किसी भी भारतीय बंदरगाह द्वारा अब तक का सबसे अधिक है। इसके पहले का रिकॉर्ड 17.11 मिलियन मीट्रिक टन था, जिसे मुंद्रा पोर्ट ने खुद ही पार किया। कंटेनर कार्गो हैंडलिंग में भी मुंद्रा पोर्ट ने नया राष्ट्रीय रिकॉर्ड बनाया। मुंद्रा पोर्ट ने एक महीने में 7.72 लाख ट्वेंटी-फुट इक्विवेलेंट (टीईयू) कंटेनर संभाले, जो पहले के रिकॉर्ड से कई अधिक है। कंपनी के अनुसार, यह उपलब्धि वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला में अदाणी पोर्ट्स की महत्वपूर्ण भूमिका को दिखाती है। मुंद्रा पोर्ट की मरीन टीम ने 415 जहाजों को हैंडल किया, जो पिछले 406 जहाजों के रिकॉर्ड से अधिक है। जहाजों के मूवमेंट के बारे में बताए तब इस बार 884 मूवमेंट दर्ज किए गए, जबकि पिछला रिकॉर्ड 876 था। रेलवे डिवीजन ने भी शानदार प्रदर्शन किया। रेलवे एक महीने में 1.47 लाख टीईयू कंटेनर संभाले, जो पहले के 1.44 लाख टीईयू के रिकॉर्ड से अधिक है। रेलवे टीम ने 682 ट्रेनों को हैंडल कर नया रिकॉर्ड बनाया, जबकि पहले यह संख्या 662 थी।

रतन टाटा के सबसे खास दोस्त शांतनु नायडू को मिली बड़ी जिम्मेदारी

सोशल मीडिया पर भावुक पोस्ट में खुशी के साथ गम का भी किया इजहार

नई दिल्ली।

उद्योगपति रतन टाटा का निधन हुआ था तो उनका सबसे करीबी और खास दोस्त शांतनु नायडू अकेला रह गया था। अब उन्हें एक बडी जिम्मेदारी मिली तो खुशी के साथ-साथ उन्हें रतन टाटा के ना होने का अफसोस भी हुआ। दरअसल शांतनु को टाटा ग्रुप की ऑटो कंपनी टाटा मोटर्स में जनरल मैनेजर और स्ट्रैटजिक इनिशिएटिव्स का प्रमुख बनाया गया है। इस नई जिम्मेदारी को लेकर उन्होंने एक भावुक पोस्ट में उन्होंने अपनी सफलता का श्रेय टाटा ग्रुप और अपने पिता को दिया। शांतनु नायडू ने लिखा-मुझे ये बताते हुए ख़ुशी हो रही है कि मैं टाटा मोटर्स में जनरल मैनेजर, हेड-स्ट्रेटेजिक इनिशिएटिव्स के रूप में नई जिम्मेदारी संभाल रहा हूं। मुझे याद है जब मेरे पिता सफेद शर्ट और नेवी ब्लू पेंट पहनकर टाटा मोटर्स प्लांट से घर आते थे, और मैं खिड़की से उनका इंतजार करता था। जिंदगी जहां से चली थी फिर वहीं आ गई। शांतनु रतन टाटा के निजी सचिव रह चुके हैं। रतन टाटा ने खुद शांतनु को फ़ोन कर कहा था कि आप जो करते हैं मैं उससे बहुत प्रभावित हूं, क्या मेरे असिस्टेंट बनोगे। शांतनु और टाटा कई सालों से एक साथ काम कर रहे थे। उम्र के अंतर के बावजूद दोनों की बॉन्डिंग काफी अच्छी थी। यह दोनों मिलकर सड़क पर दुर्घटनाग्रस्त आवारा पशुओं की मदद के लिए काम करते थे। कहा जाता है कि रतन टाटा अपना पर्सनल निवेश जिन स्टार्टअप्स में करते हैं, उनके पीछे शांतनु का दिमाग होता था। यह भी जा रहा है कि शांतनु ने ही रतन टाटा को सोशल मीडिया से परिचित कराया था। उन्हें हैशटैग, ट्रेंड और इमोजी के बारे में सब कुछ सिखाया। अपनी किताब आई केम ओपन ए लाईटहाउस में शांतनु नायडू ने रतन टाटा के साथ अपनी दोस्ती के बारे में लिखा है। वहीं जब उनके दोस्त का निधन हुआ तो वह बिल्कुल टूट गए थे।

कार में पानी जाने से खराब हो सकता है इलेक्ट्रिकल सिस्टम, इंजन

नई दिल्ली ।

क्या आप जानते है कि कार में पानी जाने से इलेक्ट्रिकल सिस्टम, इंजन और अन्य जरूरी कंपोनेंट्स खराब हो सकते हैं, जिससे मरम्मत का भारी खर्च उठाना पड़ सकता है। कार के इंजन में कई इलेक्ट्रिकल कंपोनेंट्स और वायरिंग होती हैं, जहां पानी जाने से शॉर्ट सर्किट का खतरा होता है। इससे पूरी इलेक्ट्रिकल प्रणाली फेल हो सकती है और कार की परफॉर्मेंस पर असर पड़ सकता है। इसके अलावा, इंजन के एयर इनटेक में पानी जाने से हाइड्रोलॉक जैसी गंभीर समस्या हो सकती है, जिससे इंजन पूरी तरह बंद हो सकता है और महंगी मरम्मत की जरूरत पड़ सकती है। फ्यूल टैंक के ढक्कन और फ्यूल फिलर के आसपास पानी चला जाए तो ईंधन में पानी मिल सकता है, जिससे इंजन के प्रदर्शन पर नकारात्मक प्रभाव पड़ सकता है। इसी तरह, आधुनिक कारों में लगे एबीएस सेंसर, पार्किंग सेंसर और रिवर्स कैमरा जैसे इलेक्ट्रॉनिक उपकरण भी पानी के कारण खराब हो सकते हैं, जिससे उनकी रिपेयरिंग का खर्च बढ़ सकता है। सस्पेंशन और ब्रेक सिस्टम पर पानी का ज्यादा संपर्क जंग लगने की समस्या पैदा कर सकता है, जिससे कार की सुरक्षा प्रभावित हो सकती है। वहीं, कार के इंटीरियर में पानी जाने से फर्श, सीट्स और डैशबोर्ड पर फंगस और बदबू की समस्या हो सकती है, जिससे सफाई और मरम्मत का अतिरिक्त खर्च बढ़ सकता है। इसलिए, कार धोते समय हमेशा सावधानी बरतनी चाहिए और संवेदनशील हिस्सों पर पानी जाने से बचना चाहिए ताकि आपकी कार लंबे समय तक बेहतरीन स्थिति में बनी रहे। बता दें कि कार की सही देखभाल उसके प्रदर्शन और जीवनकाल को बढ़ाने में अहम भूमिका निभाती है।

8वें वेतन आयोग लागू होते ही चपरासी से अधिकारी तक की होगी बल्ले-बल्ले

सैलरी में 2.86 के फिटमेंट फैक्टर के आधार पर हो सकती है बढ़ोतरी

नई दिल्ली।

पीएम नरेंद्र मोदी ने जनवरी 2025 में 8वें वेतन आयोग के गठन को मंजूरी दी थी, जो 1 जनवरी 2026 से लागू होगी। इसके बाद देशभर के सरकारी कर्मचारियों की सैलरी में बढ़ोतरी हो जाएगी। विशेषज्ञों के मुताबिक 8वें वेतन आयोग में कर्मचारियों की सैलरी में 2.86 के फिटमेंट फैक्टर के आधार पर बढ़ सकती है। जैसे चपरासी और सपोर्ट स्टाफ कर्मचारियों की मौजूदा बेसिक सैलरी 18,000 रुपए है। 2.86 फिटमेंट फैक्टर से इनकी सैलरी बढ़कर 51,480 रुपए हो जाएगी, जो कि 33,480 रुपए की बढ़ोतरी होगी। वहीं लोअर डिविजन क्लर्क की सैलरी 19,900 रुपए है। इनकी सैलरी 56,914 रुपए हो जाएगी, जिसमें 37,014 रुपए की बढ़ोतरी होगी। पुलिस कॉन्स्टेबल और स्किल स्टाफ की मौजूदा सैलरी 21,700 रुपए है। 8वें वेतन आयोग के बाद इनकी सैलरी 62,062 रुपए हो जाएगी, जो कि 40,362 रुपए बढ़ेगी। पुलिस स्टेनोग्राफर और जूनियर क्लर्क की सैलरी 25,500 रुपए है। इनकी सैलरी बढ़कर 72,930 रुपए हो जाएगी, जो कि 47,430 रुपए की वृद्धि होगी। सीनियर क्लर्क और हाई लेवल टेक्निकल ऑफिसर की मौजूदा सैलरी 29,200 रुपए है। 8वें वेतन आयोग के लागू होने के बाद इनकी सैलरी 83,512 रुपए हो जाएगी, जिसमें 54,312 रुपए की बढ़ोतरी होगी। इंस्पेक्टर और सब-इंस्पेक्टर की सैलरी 35,400 रुपए है। 8वें वेतन आयोग के लागू होने पर इनकी सैलरी 1,01,244 रुपए हो जाएगी, जो कि 65,844 रुपए बढ़ेगी। वहीं सुपरिटेंडेंट, सेक्शन ऑफिसर और असिस्टेंट इंजीनियर की मौजूदा सैलरी 44,900 रुपए है। इनकी सैलरी 1,28,414 रुपए हो जाएगी, जिसमें 83,514 रुपए की बढ़ोतरी होगी।

मर्सिडीज की 1954 मॉडल रेसिंग कार ने बनाया रिकॉर्ड, नीलामी में 460 करोड़ में बिकी

वर्लिन ।

मर्सिडीज की 1954 मॉडल रेसिंग कार ने नीलामी में एक नया रिकॉर्ड बनाया है। यह ऐतिहासिक ग्रां प्री कार 460 करोड़ में नीलाम हुई, जिससे यह अब तक की सबसे महंगी बिकने वाली रेसिंग कार बनी है।

क्यों खास है यह मर्सिडीज रेसिंग कार?

नीलामी में बनाया रिकॉर्ड- यह कार एक अज्ञात खरीदार ने खरीदी, जिसकी पहचान उजागर नहीं की गई है। इसके पहले 2013 में एफ1 कार मॅकलारेन एमपी 4/4 करीब 140 करोड़ में बिकी थी, लेकिन अब इस मर्सिडीज ने नया रिकॉर्ड बनाया है। मर्सिडीज-बेंज डब्ल्यू 196 को 1954-55 में ग्रां प्री रेसिंग के लिए बनाया गया था। इस कार ने जर्मनी, स्विट्जरलैंड और इटली जैसी प्रतिष्ठित रेसों में जीत दर्ज की थी। यह मर्सिडीज के लिए उस दौर में एक नई तकनीकी क्रांति लेकर आई थी। इस ऐतिहासिक नीलामी से साफ है कि विंटेज रेसिंग कारों की लोकप्रियता लगातार बढ़ रही है और ये ऑटोमोबाइल प्रेमियों के लिए बेहद कीमती धरोहर बनती जा रही हैं।

क्रिप्टो की कमाई को छुपाने पर 60 फीसदी टैक्स और 50 फ़ीसदी जुर्माना

नई दिल्ली । 2025 के केंद्रीय बजट में क्रिप्टो करेंसी के निवेशकों को बड़ा झटका लगा है। बजट में क्रिप्टो से होने वाली आय पर मौजूदा टेक्स को बरकरार रखा गया है। क्रिप्टो के ट्रांजैक्शन में सरकार निगाह रखेगी। क्रिप्टो के किसी भी निवेशक ने यदि अपनी जानकारी छुपाई,ऐसी स्थिति पर उनके ऊपर 60 फ़ीसदी टैक्स और 50 फ़ीसदी जुर्माना लगाने का प्रावधान किया गया है।

मारुति सुजुकी ने की 2,12,251 यूनिट्स की बिक्री

नई दिल्ली । मारुति सुजुकी इंडिया लिमिटेड ने जनवरी 2025 में 2,12,251 यूनिट्स की बिक्री कर अपनी अब तक की सबसे अधिक मासिक सेल दर्ज की। यह आंकड़ा जनवरी 2024 में बेची गई 1,99,364 यूनिट्स से ज्यादा है, जिससे कंपनी ने सालाना आधार पर ग्रोथ दर्ज की। हालांकि, छोटी कारों के सेगमेंट में गिरावट देखी गई। ऑल्टो और एस-प्रेसो जैसी कारों की बिक्री में कमी आई, जिससे यह आंकड़ा जनवरी 2024 में 15,849 यूनिट्स से घटकर 14,247 यूनिट्स रह गया। इस सेगमेंट की वायटीडी सेल भी गिरकर 1,03,889 यूनिट्स पर आ गई, जो पिछले साल इसी अवधि में 1,15,483 यूनिट्स थी। दूसरी ओर, बलेनो, सेलेरियो और डिजायर जैसी कॉम्पैक्ट कारों की बिक्री में वृद्धि दर्ज की गई। जनवरी 2024 में 76,533 यूनिट्स बिकी थीं, जो बढ़कर 82,241 यूनिट्स हो गई। हालांकि, इस सेगमेंट की वायटीडी सेल पिछले साल 6,86,544 यूनिट्स के मुकाबले घटकर 6,30,889 यूनिट्स रह गई। मारुति की सेडान सियाज़ की मांग में भी इजाफा हुआ। जनवरी 2024 में 363 यूनिट्स की बिक्री हुई थी, जो जनवरी 2025 में बढ़कर 768 यूनिट्स हो गई। वहीं, मारुति ईको की बिक्री जनवरी 2024 में 12,019 यूनिट्स थी, जो जनवरी 2025 में घटकर 11,250 यूनिट्स रह गई। कुल मिलाकर, जनवरी 2025 में मारुति सुजुकी की पैसेंजर व्हीकल्स की घरेलू बिक्री 1,73,599 यूनिट्स रही, जबकि वायटीडी आधार पर 14,49,233 यूनिट्स दर्ज की गई, जिससे कंपनी ने शानदार ग्रोथ हासिल की।हालांकि, वायटीडी सेल घटकर 6,629 यूनिट्स हो गई, जबकि पिछले साल यह 9,266 यूनिट्स थी। यूटिलिटी वाहनों की मजबूत मांग ने कंपनी की कुल बिक्री में बड़ा योगदान दिया। जनवरी 2025 में इस सेगमेंट में 65,093 यूनिट्स बिकीं।

अल्ट्रावॉयलेट ऑटोमोटिव ने लांच की एफ77 सुपरस्ट्रीट बाइक

नई दिल्ली । भारत में दोपहिया वाहन निर्माता कंपनी अल्ट्रावॉयलेट ऑटोमोटिव ने अपनी एफ77 सुपरस्ट्रीट इलेक्ट्रिक मोटरसाइकिल लांच की है जिसकी शुरुआती कीमत 2.99 लाख रुपये (एक्स-शोरूम) है। इलेक्ट्रिक मोटरसाइकिल एफ77 मैक 2 की तरह दो वेरिएंट में आती है - स्टैंडर्ड और रिकॉन। नई इलेक्ट्रिक बाइक के लिए बुकिंग आज से शुरू हो रही है, और डिलीवरी मार्च 2025 में शुरू होगी। इसके रेंज 211 किमी और टॉप स्पीड 151 केएमपीएच है। एफ77 सुपरस्ट्रीट के स्टैंडर्ड वेरिएंट की कीमत 2,99,000 रुपये है, जबकि रिकॉन वेरिएंट की कीमत 3,99,000 रुपये है। दोनों कीमतें शुरुआती और एक्स-शोरूम हैं। नई इलेक्ट्रिक मोटरसाइकिल को आप कंपनी की आधिकारिक वेबसाइट के जरिए बुक कर सकते हैं। यह टर्बो रेड, आफ्टरबर्नर येलो, स्टेलर व्हाइट और कॉस्मिक ब्लैक में उपलब्ध है। इलेक्ट्रिक बाइक सिंगल-पीस हैंडलबार के साथ आती है जो मैक 2 की तुलना में चौड़ी और ऊंची है। इसके अलावा,अपराइट राइडिंग को ज्यादा कंफर्टेबल बनाने के लिए फुटपेग की पोजीशन में भी बदलाव किया गया है।अल्ट्रावायलेट एफ77 सुपरस्ट्रीट को बेहतर राइडिंग एर्गोनॉमिक्स के साथ लॉन्च किया गया है। इसका मतलब है कि नई लॉन्च की गई मोटरसाइकिल में अपराइट राइडिंग पोजीशन दी गई है जो सिटी कम्यूट और शार्ट राइड्स को आरामदायक बनाती है।

अब एटीएम से बार-बार कैश निकालने वालों को देनी होगी ज्यादा फीस

आरबीआई एटीएम चार्ज और इंटरचेंज फीस बढ़ाने पर कर रहा विचार

नई दिल्ली। रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (आरबीआई) एटीएम से कैश निकालने वाले लोगों के लिए बदलाव करने की तैयारी कर रहा है। अब एटीएम से कैश निकालना महंगा हो सकता है क्योंकि आरबीआई एटीएम इंटरचेंज फीस और मुफ्त निकासी की सीमा के बाद लगने वाले चार्ज बढ़ाने पर विचार कर रहा है। रिजर्व बैंक मौजूदा समय में महीने में 5 कैश विथड्रावल फ्री देता था लेकिन अब आरबीआई इन 5 लेनदेन की लिमिट से ज्यादा पर लगने वाले चार्ज और एटीएम इंटरचेंज फीस को बढ़ाने की प्लानिंग कर रहा है। एक रिपोर्ट में जानकारी रखने वाले लोगों का हवाला देते हुए बताया गया कि एनपीसीआई ने पांच बार फ्री लिमिट पूरी होने के बाद कैश निकालने के चार्ज को मौजूदा चार्ज 21 रुपए से बढ़ाकर 22 रुपए करने की सिफारिश की है। इसके अलावा एनपीसीआई ने कैश लेनदेन के लिए एटीएम इंटरचेंज फीस को 17 रुपए से बढ़ाकर 19 रुपए करने की भी सिफारिश की गई है। इंटरचेंज फीस दूसरे बैंक के एटीएम से एक लिमिट के बाद पैसे निकालने पर लगाई जाती है यानी कि यह एटीएम सर्विस इस्तेमाल करने के बदले एक बैंक की तरफ से दूसरे बैंक को दी जाने वाली फीस है। रिपोर्ट के मुताबिक बैंक और व्हाइट-लेबल एटीएम ऑपरेटर मेट्रो और नॉन-मेट्रो शहरों में फीस बढ़ाने की एनपीसीआई की सिफारिश से सहमत हैं लेकिन अभी इस मामले में भारतीय रिजर्व बैंक और एनपीसीआई ने कोई आधिकारिक टिप्पणी नहीं की है। रिपोर्ट के मुताबिक बढ़ती महंगाई और पिछले दो सालों में 1.5-2 फीसदी की दर से बढ़ते उधार लागत, ट्रांसपोर्टेशन पर ज्यादा खर्च, कैश रीप्लेनिशमेंट और लागत के कारण नॉन-मेट्रो शहरों में एटीएम चलाने का खर्चा तेजी से बढ़ रहा है।

शेयर बाजार गिरावट पर बंद

मुम्बई ।

भारतीय शेयर बाजार बुधवार को गिरावट पर बंद हुआ। बाजार में ये गिरावट दुनिया भर के बाजारों से मिले कमजोर संकेतों के साथ ही बिकवाली हावी रहने से आई है। आज कारोबार के दौरान 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 312.53 अंकों या 0.40 फीसदी की गिरावट के साथ ही 78,271.28 पर बंद हुआ। दिनभर के कारोबार में सेंसेक्स ने 78,735.41 के उच्चतम स्तर और 78,226.26 के निचले स्तर पर पहुंचा।

वहीं 50 शेयरों वाला एनएसई निफ्टी भी 42.95 अंक तकरीबन 0.18 फीसदी नीचे आकर 23,696.30 पर बंद हुआ।

निफ्टी के 25 शेयर नुकसान के साथ ही आज लाल निशान में बंद हुए। इनमें एशियन पेंट्स, टाइटन कंपनी, नेस्ले इंडिया, ब्रिटानिया इंडस्ट्रीज और टाटा कंज्यूमर शामिल रहे, जिनमें सबसे अधिक 3.40 फीसदी तक की गिरावट देखी गई जबकि ओएनजीसी, हिंदाल्को, अपोलो हॉस्पिटल्स और बीपीसीएल सबसे अधिक लाभ के साथ ही हरे निशान पर बंद हुए। इनमें 2.90

फीसदी तक की बढ़त दर्ज की गयी।

बेंचमार्क इंडेक्स से बेहतर प्रदर्शन किया, जहां स्मॉल-कैप शेयरों में सबसे ज्यादा बढ़त रही। वहीं निफ्टी स्मॉलकैप100 इंडेक्स 1.85 फीसदी की तेजी के साथ बंद हुआ, जबकि निफ्टी मिडकैप100 इंडेक्स ने 0.68 फीसदी की बढ़त दर्ज की। एनएसई के सेक्टोरल इंडेक्स भी अधिकतर लाभ के साथ ही ऊपर आकर बंद हुए। एफएमसीजी, रियल्टी, ऑटो और कंज्यूमर ड्यूरेबल्स इंडेक्स 1.75 फीसदी तक की गिरावट रहीए। दूसरी ओर अन्य सेक्टर्स में निफ्टी पीएसयू बैंक, मेटल, ओएमसी और मीडिया इंडेक्स एक फीसदी से अधिक की बढ़त रही। वहीं गत दिवस बाजार भारी तेजी के साथ बंद हुआ था। इससे पहले आज सुबह बाजार की सकारात्मक शुरुआत हुई। वहीं आज एशियाई बाजारों की कमजोर शुरुआत रही। सेंसेक्स और 50 शेयरों वाला एनएसई निफ्टी अभी 27 सितंबर के अपने रिकॉर्ड हाई लेवल से तकरीबन 8.6 फीसदी और 9.7 फीसदी नीचे हैं। ये आंकड़े विदेशी निवेशकों की लगातार बिकवाली के साथ-साथ धीमी आर्थिक और कंपनियों के तिमाही परिणामों से प्रभावित हुए है। अमेरिकी शेयरों में तेजी के बाद बुधवार को एशिआई बाजारों में भी तेजी रही।

BS6
NSE
NIFTY

दालों में आत्मनिर्भर बनेगा भारत, 2029 तक आयात खत्म करने के लिए 1 हजार करोड़ होंगे खर्च

नई दिल्ली।

भारत को दालों की आपूर्ती के लिए किसी देश की तरफ नहीं देखना पड़ेगा। 2029 तक दालों के मामले में भारत आत्म निर्भर हो जाएगा। इसके लिए वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने एक हजार करोड़ का प्रावधान किया है। निर्मला सीतारमण ने कहा, हमारी सरकार अब दलहन में आत्मनिर्भरता के लिए छह साल का मिशन शुरू करेगी। जिसमें तुअर (अरहर), उड़द और मसूर की दाल की पैदावार पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। भारत मुख्य रूप से कनाडा, ऑस्ट्रेलिया, म्यांमार, मोजाम्बिक, तंजानिया, सूडान और मलावी से दालों का आयात करता है। इसके लिए केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान को एक लक्ष्य दिया गया है। लक्ष्य यह है कि साल 2029 तक देश में दालों की मांग को पूरा करने के लिए आयात पर भारत की निर्भरता को खत्म करना है। 2025-26 के केंद्रीय बजट में इस योजना के लिए 1,000 करोड़ रुपये आवंटित किए गए हैं। इस पैसे से तीन दलहन फसलों के संबंध में न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) आधारित खरीद और भंडारण की सुविधा प्रदान की जाएगी।

पिछले साल 4 जनवरी को केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने एक महत्वाकांक्षी लक्ष्य घोषित किया था कि भारत 2028-29 तक दालों का आयात बंद कर देगा। अमित शाह ने नेशनल एग्रीकल्चरल कोऑपरेटिव मार्केटिंग फेडरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड (नेफेड) द्वारा तुअर (अरहर) खरीदने के कार्यक्रम की शुरुआत करते हुए कहा था, दिसंबर 2027 तक देश को दालों के मामले में आत्मनिर्भर बनने की कोशिश करनी चाहिए। हम जनवरी 2028 से एक किलो दाल भी आयात नहीं करेंगे। पिछले साल अल नीनो मौसमी पैटर्न के कारण दालों की कीमतें बढ़ गईं, जो अधिकांश भारतीयों के लिए प्रोटीन का एक सामान्य सोर्स है। जबकि 2015-16 के बाद से कुल घरेलू उत्पादन में 37 फीसदी की वृद्धि हुई है, जिससे भारत को पहले ही आयात में कटौती करने में मदद मिली है।

फिर भी, दालों में आत्मनिर्भरता का लक्ष्य हासिल नहीं हो पाया है, जिससे कीमतें ऊंची बनी हुई हैं। प्रोटीन आधारित दालों की कीमतों में तेजी इंफ्लेशन और घरेलू खर्च बढ़ने का एक महत्वपूर्ण कारण हो सकती है। पिछले साल दालों में इंफ्लेशन लगभग 17 फीसदी बढ़ी, जिसका मुख्य कारण लगातार दो सालों से खराब मौसम और खराब मानसून के कारण कम उत्पादन था।

लोगों के सिर पर चढ़ा म्युचुअल फंड का जादू, पिछले 10 वर्षों में ही कारोबार 6 गुना बढ़ा

मुंबई । भारत में म्युचुअल फंड का क्रेज तेजी से बढ़ रहा है। पिछले 10 वर्षों में ही म्युचुअल फंड कारोबार 6 गुना से ज्यादा बढ़ी है। इसका एसेट्स अंडर मैनेजमेंट (एयूएम) दिसंबर 2024 में 67 लाख करोड़ तक पहुंच गया। रिपोर्ट के अनुसार, इस ग्रोथ में इक्विटी फंड्स का दबदबा कायम रहा, जो कुल एयूएम का 60.19 प्रतिशत है। दिसंबर तिमाही में म्युचुअल फंड्स में 198 हजार करोड़ का नेट इनफ्लो आया, जिसमें सक्रिय इक्विटी और फ्लेक्सी कैप फंड्स प्रमुख रहे। रिपोर्ट के अनुसार, भारत की एसेट मैनेजमेंट इंडस्ट्री ने पिछले 10 वर्षों में 6 गुना से अधिक की शानदार वृद्धि दर्ज की है। दिसंबर 2014 में जहां इसका एसेट्स अंडर मैनेजमेंट (एयूएम) 10.51 लाख करोड़ था, वह दिसंबर 2024 तक बढ़कर 66.93 लाख करोड़ पर पहुंच गया है। रिपोर्ट में बताया गया है कि कुल एसेट्स अंडर मैनेजमेंट (एएमयू) में सबसे बड़ा हिस्सा 60.19 प्रतिशत के साथ इक्विटी फंड्स का है। इसके बाद 26.77 प्रतिशत डेट फंड्स में, 8.58 प्रतिशत हाइब्रिड फंड्स में और 4.45 प्रतिशत अन्य निवेश विकल्पों में है। इन आंकड़ों से स्पष्ट होता है कि निवेशकों की पहली पसंद अभी भी इक्विटी फंड्स बने हुए हैं। दिसंबर तिमाही में म्युचुअल फंड इंडस्ट्री ने 198 हजार करोड़ रुपये का शुद्ध निवेश दर्ज किया, जिसमें सबसे अधिक योगदान इक्विटी फंड्स का रहा, खासतौर पर एक्टिव सेगमेंट में।

इंग्लैंड के खिलाफ एकदिवसीय सीरीज में जीत से शुरुआत करने उतरेगी भारतीय टीम

नागपुर (एजेंसी)। रोहित शर्मा की कप्तानी में भारतीय टीम गुरुवार से यहां इंग्लैंड के खिलाफ तीन मैच की एकदिवसीय क्रिकेट सीरीज के पहले मुकाबले में जीत से अपना अभियान शुरु करने उतरेगी। भारतीय टीम के हौंसले टी20 सीरीज में जीत से उत्साहित है और उसका लक्ष्य इस सिलसिले को बनाये रखना रहेगा। इसी माह शुरु हो रही आईसीसी चैम्पियंस ट्रॉफी को देखते हुए भी ये सीरीज बेहद अहम मानी जा रही है। ऐसे में दोनो ही टीमों का लक्ष्य इसमें बेहतर प्रदर्शन कर लय हासिल करना रहेगा। इस सीरीज के जरिये भारत और इंग्लैंड का लक्ष्य आईसीसी टूर्नामेंट के लिए टीम संयोजन तैयार करने के साथ ही खिलाड़ियों के फार्म और फिटनेस पर भी नजर रखना रहेगा। ये सीरीज भारतीय टीम के कप्तान रोहित शर्मा और अनुभवी बल्लेबाज विराट कोहली के लिए बेहत अहम है। ये दोनो पिछले कुछ समय से रन बनाने के लिए संघर्ष कर रहे हैं और ऐसे में इनके प्रदर्शन पर सभी की निगाह रहेगी। यह हाल में महीने रणजी ट्रॉफी में भी असफल रहे थे। अब इन इन दोनों के खराब प्रदर्शन को देखते हुए टीम में इनकी जगह को लेकर भी सवाल उठने लगे हैं।

इंग्लैंड के खिलाफ सीरिज चैम्पियंस ट्रॉफी से पहले भारत की अंतिम प्रतियोगिता होगी। ऐस में इसी पर सब कुछ निर्भर करता है। इसके बाद अभ्यास का कोई अवसर नहीं मिलेगा। भारतीय टीम के लिए कुछ खिलाड़ियों की फॉर्म ही चिंता का विषय नहीं है, उसे इस सीरीत से ये भी तय करना होगा कि ऋषभ पंत और केएल राहुल में से विकेटकीपर की जिम्मेदारी किसे दी जाये।

रोहित और शुभमन गिल पारी की शुरुआत करेंगे। उनके बाद कोहली और श्रेयस अय्यर उतरेंगे जबकि विकेटकीपर बल्लेबाज को पांचवें नंबर पर उतारा जा सकता है। इसके बाद हार्दिक पंड्या का नंबर आता है। भारतीय बल्लेबाजी क्रम में ऋषभ बाएं हाथ का बल्लेबाज होने के कारण विविधता लाते हैं। वह आक्रामक अंदाज में बल्लेबाजी करते हैं और ऐसे में वह टीम के लिए तुरुप का इक्का साबित हो सकते हैं। भारतीय टीम प्रबंधन इन दोनों के साथ उतर सकता है पर ऐसे में अय्यर को बाहर बैठना पड़ेगा जो उपयोगी योगदान देते रहे हैं।

इंग्लैंड के खिलाफ सीरीज से तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी और स्पिनर कुलदीप यादव को भी मैच अभ्यास का मौका मिलेगा। यह दोनों चोट से उबर कर वापसी कर रहे हैं। तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह पीठ की चोट के कारण इस सीरीज से बाहर हैं। इंग्लैंड के खिलाफ टी20 सरीजी में शानदार प्रदर्शन करने के कारण स्पिनर वरुण चक्रवर्ती को भारतीय टीम में शामिल किया गया है। उन्हें यहां एकदिवसीय सीरीज में पदार्पण का अवसर मिल सकता है और अगर वह अच्छा प्रदर्शन जारी रखते हैं तो चैम्पियंस ट्रॉफी के लिए टीम में उन्हें जगह मिल सकती है।

टीम प्रबंधन को स्पिन ऑलराउंडर के लिए भी कड़ा फैसला करना होगा। इस स्थान के लिए रविंद्र जडेजा, अक्षर पटेल और वाशिंगटन सुंदर दावेदार हैं। वहीं दूसरी ओर इंग्लैंड की टीम टी20 सीरीज में मिली हार से उबरकर जीत के साथ वापसी करना चाहेगी। इंग्लैंड की टीम में जो रूट को छोड़कर अधिकतर वही बल्लेबाज हैं जो सीरीज में शामिल थे। उसके बल्लेबाज टी20 में भारतीय गेंदबाजों विशेषकर स्पिनरों के सामने संघर्ष करते दिखे थे और जीत के लिए उसे इस कमी को दूर करना होग। इसके साथ ही उसके गेंदबाजों को भी प्रभावि प्रदर्शन करना होगा।

दोनो ही टीमें इस प्रकार हैं

भारत: रोहित शर्मा (कप्तान), शुभमन गिल (उपकप्तान), यशस्वी जयसवाल, विराट कोहली, श्रेयस अय्यर, केएल राहुल (विकेटकीपर), ऋषभ पंत (विकेटकीपर), हार्दिक पांड्या, रवींद्र जड़ेजा, वाशिंगटन सुंदर, अक्षर पटेल, कुलदीप यादव, हर्षित राणा, मोहम्मद शमी, अर्शदीप सिंह, वरुण चक्रवर्ती।

इंग्लैंड : जोस बटलर (कप्तान), हैरी ब्रूक, बेन डकेट, जो रूट, फिलिप साल्ट, जेमी स्मिथ, जैकब बेथेल, ब्रायडन कार्स, लियाम लिविंगस्टोन, जेमी ओवरटन, जोफ्रा आर्चर, गस एटकिंसन, साकिब महमूद, आदिल राशिद, मार्क वुड।

रोनाल्डो मना रहे अपना 40वां जन्मदिन, कहा- मैं सर्वकालिक सर्वश्रेष्ठ फुटबॉलर

मैड्रिड (एजेंसी)। क्रिस्टियानो रोनाल्डो अपना 40वां जन्मदिन उसी आत्मविश्वास और आत्मसम्मान के साथ मना रहे हैं जिस पर उन्होंने अपने सफल करियर के दौरान हमेशा गर्व किया है। रियाल मैड्रिड के पूर्व स्टार और अब सऊदी अरब में खेल रहे रोनाल्डो बुधवार को 40 साल के हो गए और उन्हें इसमें कोई संदेह नहीं कि दुनिया का सर्वकालिक सर्वश्रेष्ठ फुटबॉलर कौन है।

रोनाल्डो ने स्पेनिश टेलीविजन चैनल ला सेक्स्टा के साथ इंटरव्यू में कहा, 'मैं फुटबॉल इतिहास का सर्वश्रेष्ठ स्कोरर हूं। हालांकि मैं बाएं पैर का अधिक इस्तेमाल नहीं करता लेकिन बाएं पैर से गोल करने के मामले में मैं इतिहास में शीर्ष 10 में हूं। इन आंकड़ों से पता चलता है कि मैं अब तक का सबसे संपूर्ण खिलाड़ी हूं। मैं खेल में अपने दिमाग का अच्छा इस्तेमाल करता हूं। मैं अच्छी फ्री किक लेता हूं। मैं तेज दौड़ लगाता हूं। मैं दमदार हूं। मैं अच्छी कूद लगाता हूं। मैंने कभी भी खुद से बेहतर किसी को नहीं देखा।'

पुर्तगाल के इस स्टार खिलाड़ी ने अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल में सर्वाधिक 217 मैच खेले हैं जिनमें उनके नाम पर 135 गोल दर्ज हैं जो विश्व रिकॉर्ड है। रोनाल्डो ने पहले भी कई बार कहा है कि उन्हें लगता है कि वह फुटबॉल के इतिहास में अब तक के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी बनकर उभरेंगे। जब भी उनसे इस चर्चा के बारे में पूछा गया कि उनमें और लियोनेल मेस्सी में कौन सर्वश्रेष्ठ है तो उन्होंने हमेशा अर्जेंटीना के खिलाड़ी की प्रशंसा की लेकिन वह खुद को बेहतर बताने से भी पीछे नहीं हटे।

रोहित शर्मा ने रिटायरमेंट की अटकलों पर तोड़ी चुप्पी, चैंपियंस ट्रॉफी के बाद ले सकते हैं फैसला

नागपुर (एजेंसी)। भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ने बुधवार को अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में अपने भविष्य के बारे में अटकलों को खारिज करते हुए कहा कि ऐसे समय में उनके करियर के बारे में बात करना अप्रासंगिक है जब उनका ध्यान इंग्लैंड के खिलाफ तीन एकदिवसीय मुकाबलों और आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी पर है। भारत 19 फरवरी से शुरू हो रही चैंपियंस ट्रॉफी की तैयारी इंग्लैंड के खिलाफ तीन एकदिवसीय मैच की श्रृंखला के साथ करेगा जिसका पहला मैच बृहस्पतिवार को यहां खेला जाएगा।

रोहित ने मैच से पहले प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा, 'जब तीन एकदिवसीय और चैंपियंस ट्रॉफी का आयोजन होना है तो मेरे लिए अपने भविष्य की योजनाओं के बारे में बात करना कितना प्रासंगिक है। (मेरे भविष्य पर) खबरें कई वर्षों से चल रही हैं और मैं उन खबरों पर स्पष्टीकरण देने के लिए यहां नहीं हूं।' भारतीय कप्तान ने कहा, 'मेरे लिए तीन मैच (इंग्लैंड के खिलाफ) और चैंपियंस ट्रॉफी बहुत महत्वपूर्ण हैं। मेरा ध्यान इन मुकाबलों पर है और मैं देखूंगा कि इसके बाद क्या होता है।'

रोहित पिछले कुछ समय से खराब फॉर्म से जूझ रहे हैं और ऑस्ट्रेलिया में बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी में उन्होंने पांच पारियों में 6.20 की औसत से केवल 31 रन बनाए। इसमें कोई संदेह नहीं है कि वह निकट भविष्य में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास लेने के बारे में नहीं सोच रहे हैं लेकिन ऐसी खबरें हैं कि भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने उनसे चैंपियंस ट्रॉफी के बाद अपनी भविष्य की योजनाओं के बारे में बताने को कहा है।

जसप्रीत बुमराह को लेकर रवि शास्त्री का बयान, कहा- भारत के चैंपियंस ट्रॉफी जीतने के चांस 35 प्रतिशत घटेंगे

नई दिल्ली (एजेंसी)। पूर्व कप्तान रवि शास्त्री का मानना है कि जसप्रीत बुमराह की संभावित अनुपस्थिति चैंपियंस ट्रॉफी में भारतीय टीम को काफी कमजोर कर सकती है लेकिन उन्होंने इस मुख्य तेज गेंदबाज की राष्ट्रीय टीम में वापसी में जल्दबाजी नहीं करने की सलाह दी। बुमराह की जनवरी में सिडनी में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पांचवें टेस्ट में पीठ की मांसपेशियों में खिंचाव आ गया था और उन्होंने दूसरी पारी में गेंदबाजी नहीं की थी।उन्होंने तब से भारत के लिए गेंदबाजी नहीं की है, हालांकि उन्हें प्रतिष्ठित वनडे टूर्नामेंट चैंपियंस ट्रॉफी के लिए शुरूआती टीम में शामिल किया गया है।

बुमराह इस समय राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी (एनसीए) में रिहैबिलिटेशन की प्रक्रिया से गुजर रहे हैं और बृहस्पतिवार से इंग्लैंड के खिलाफ शुरू होने वाली तीन मैचों की श्रृंखला के लिए वनडे टीम में नहीं हैं। खेल विज्ञान विशेषज्ञों से भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) को उनकी फिटनेस पर अपडेट देने की उम्मीद है जिसके बाद चैंपियंस ट्रॉफी पर फैसला लिया जाएगा जो पाकिस्तान और संयुक्त अरब अमीरात में आयोजित की जाएगी। इसका पहला मैच 19 फरवरी को कराची में होना है जबकि भारत अपने सभी मैच दुबई में खेलेगा।

शास्त्री ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) 'रिव्यू' में कहा, ''बुमराह के फिट नहीं होने से भारत की (चैंपियंस ट्रॉफी जीतने की) संभावना 30 प्रतिशत, नहीं 30 से 35 प्रतिशत कम हो जाएगी।'' शास्त्री ने कहा, ''पूरी तरह से फिट बुमराह के खेलने से आपके पास 'डेथ ओवरों' में अच्छी गेंदबाजी की गारंटी होती है।'' पिछले साल शानदार प्रदर्शन करने वाले बुमराह को आईसीसी के साल के सर्वश्रेष्ठ पुरुष क्रिकेटर के लिए सर गारफील्ड सोबर्स ट्रॉफी के साथ आईसीसी के साल के सर्वश्रेष्ठ पुरुष टेस्ट क्रिकेटर चुना गया। उन्होंने भारत को 2024 टी20 विश्व कप जीतने में अहम भूमिका निभाई थी।

ऑस्ट्रेलिया में पांच मैचों की बॉर्डर-गावस्कर टेस्ट श्रृंखला में दोनों टीम में सबसे ज्यादा 32 विकेट लेने वाले गेंदबाज रहे थे। शास्त्री ने इस दिग्गज को जल्दबाजी में वापसी कराने के खिलाफ चेतावनी दी। उन्होंने कहा, ''मुझे लगता है कि उनका जल्दबाजी में वापसी कराना बहुत जोखिम भरा है। भारत को आगे काफी क्रिकेट खेलना है। और अपने करियर के इस पड़ाव पर मुझे लगता है कि वह बहुत ही ज्यादा अहम हैं और उन्हें अचानक एक मैच के लिए नहीं बुलाया जाना चाहिए।''

उन्होंने कहा, ''उम्मीदें बहुत ज्यादा लगी होंगी। उन्हें लगेगा कि वह आते ही धूम मचा देगा। जब आप चोट से वापसी करते हैं तो यह कभी भी इतना आसान नहीं होता।'' ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेटर रिकी पोंटिंग ने कहा कि बुमराह की अनुपस्थिति से ध्यान शमी पर लग सकता है जिन्होंने चोट और रिहैबिलिटेशन के बाद 14 महीने के बाद भारतीय टीम में वापसी की है। उन्हें यह भी लगता है कि ऑस्ट्रेलिया में बुमराह की पीठ की मांसपेशियों में खिंचाव इसलिये भी हुआ हो सकता है क्योंकि दूसरे छोर पर उन्हें शमी का समर्थन नहीं मिला।

पोंटिंग ने आईसीसी रिव्यू' में कहा, ''टेस्ट श्रृंखला में मेरी सबसे बड़ी चिंता यह थी कि बुमराह के पास बैकअप के तौर पर शमी नहीं थे और उन्हें गेंदबाजी की ज्यादातर जिम्मेदारी उठानी पड़ी।'' उन्होंने कहा, ''और शायद यही हुआ और शायद इसका भी कुछ लेना-देना हो कि वह (बुमराह) चोटिल हुए। शमी के नहीं होने की वजह से उन्हें शायद उस श्रृंखला में थोड़ी ज्यादा गेंदबाजी करनी पड़ी। इसलिए अगर शमी फिट है तो यह सकारात्मक बात है।

दो बार की ग्रैंड स्लैम चैंपियन सिमोना हालेप ने टेनिस को कहा अलविदा

बुखारेस्ट । दो बार की ग्रैंड स्लैम चैंपियन सिमोना हालेप ने टेनिस से संन्यास ले लिया हैं। रोमानिया की टेनिस स्टार हालेप ने इटली की लूसिया ब्रोंजेटी से 6-1, 6-1 से पहले दौर की हार के बाद ट्रांसिल्वेनिया ओपन में कोर्ट पर अपने संन्यास की घोषणा की। मैच के बाद हालेप ने कहा, 'मैं अपनी अंतरआत्मा से यह फैसला किया है। मैं विश्व की नंबर एक खिलाड़ी बनी, मैंने ग्रैंड स्लैम जीते, यह अच्छी बात रही मैं यही सब चाहती थी। जीवन ऐसे ही चलता रहता है, टेनिस के बाद भी जीवन है और मुझे उम्मीद है कि हम एक-दूसरे से फिर मिलेंगे।' मीडिया रिपोर्ट के अनुसार दो साल तक चले डोपिंग मामले में डब्ल्यूटीए टूर में वापसी के बाद इस सप्ताह आयोजित उनका पांचवां टूर्नामेंट था। पिछले महीने उन्हें घुटने की चोट के कारण ऑस्ट्रेलियन ओपन क्वालीफाइंग से हटना पड़ा था। हालेप ने 2018 में फ्रेंच ओपन में स्लोएन स्टीफंस को हराकर अपना पहला प्रमुख खिताब जीता था। इसके बाद उन्होंने 2019 में विंबलडन में जीत हासिल की।

सूर्यकुमार के एक ही प्रकार से आउट होने पर भड़के हरभजन

चेन्नई । हाल में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट को अलविदा कहने वाले स्पिनर आर अश्विन ने इंग्लैंड के खिलाफ टी20 सीरीज में खराब शॉट लगाकर विकेट गंवाने के लिए कप्तान सूर्यकुमार यादव की आलोचना की है। अश्विन ने कहा कि सूर्या की कप्तानी अच्छी थी पर उनकी बल्लेबाजी चिन्ता का कारण रही। वह सीरीज की पांच पारियों में केवल 28 रन ही बना पाये। पूरी सीरीज में सूर्यकुमार फ्लिक शॉट खेलने के प्रयास में आउट हुए जबकि ये उनका पसंदीदा शॉट है। इसी प्रकार बल्लेबाज संजू सैमसन का प्रदर्शन भी बेहद खराब रहा। वह भी सभी पारियों में नाकाम रहे। सेमसन जोफ्रा आर्चर, मार्क वुड और ब्रायडन कार्स की गेंदों के सामने टिक नहीं पाये। अश्विन ने कहा कि समस्या सूर्यकुमार की बल्लेबाजी है। बेशक इस सीरीज में उनकी कप्तानी अच्छी थी पर उनके लिए रन बनाने भी जरुरी थी। सूर्या और सैमसन एक ही गेंद पर आउट हो रहे हैं। एक या दो मैचों में माना जा सकता है कि वह गलती है पर सभी मैचों में इसी प्रकार आउट होना चिन्ता की बात है। खिलाड़ियों को अपने अनुसार खेलना चाहिए पर उन्हें अपनी जिम्मेदारी भी निभानी होगी। सूर्या की तरह ही सैमसन भी सभी मैचों में विफल रहे और इसी कारण अब उनकी टीम में जगह भी खतरे में पड़ गयी है।

मैं अपने लिए नहीं, बल्कि भारत के लिए खेलता हूं : हार्दिक पांड्या

नई दिल्ली (एजेंसी)। भारत के स्टार ऑलराउंडर आत्मविश्वास से लबरेज हैं। वह मैदान पर कदम रखने, गेंद को स्टैंड में भेजने और अपनी तेज गेंदबाजी से स्टंप्स को हिलाने के लिए उत्सुक हैं। खेल को पलटने के लिए मशहूर हार्दिक पांड्या बहुप्रतीक्षित आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी के लिए पूरी तरह तैयार हैं। भारत अपने सभी आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी मैच दुबई इंटरनेशनल स्टेडियम में खेलेगा जिसका पहला मैच 20 फरवरी को बांग्लादेश के खिलाफ होगा। चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान के खिलाफ बहुप्रतीक्षित मुकाबला 23 फरवरी को होगा, इसके बाद 2 मार्च को न्यूजीलैंड के खिलाफ उनका अंतिम लीग-स्टेज मुकाबला होगा।

बुधवार को अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) द्वारा साझा किए गए एक साक्षात्कार में पांड्या ने मेलबर्न में भारत और पाकिस्तान के बीच 2022 टी20 विश्व कप के रोमांचक मुकाबले को याद किया जिसे भारत ने चार विकेट से जीता था। उस मैच में तीन विकेट लेने के बाद पांड्या ने बताया कि उन्होंने पाकिस्तान के खिलाफ इस बड़े मुकाबले में किस तरह से दबाव का सामना किया।

पांड्या ने आईसीसी द्वारा पोस्ट किए गए एक इंटरव्यू में बताया, 'यह सिर्फ इस बारे में है कि कौन दबाव को बेहतर तरीके से संभालता है। मैं हार्दिक पांड्या के लिए नहीं खेलता; मैं टीम के लिए खेलता हूं। मैं भारत के लिए खेलता हूं - यही मेरा लक्ष्य है। चाहे इसका मतलब अंत में सिर्फ दो गेंद खेलना हो या 60 गेंदों तक बल्लेबाजी करना हो, मेरा ध्यान गेंद दर गेंद खेल को आगे बढ़ाने और जीत के करीब पहुंचने पर है। देखते हैं कि कौन दबाव में टूटता है।'

भारत ने अपने टी20 विश्व कप अभियान की शुरुआत पाकिस्तान के खिलाफ की जिसमें उसने टॉस जीतकर प्रतिष्ठित मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड पर खचाखच भरे दर्शकों के सामने फील्डिंग करने का फैसला किया। उन्होंने कहा, 'जब मैं मैदान में घुसा और माहौल देखा - प्रशंसक और दर्शक किस तरह की ऊर्जा लेकर आ रहे थे - यह अद्भुत था। मुझे इसे आत्मसात करने के लिए कुछ समय लेना पड़ा। भले ही मैंने कई खेल खेले हों, लेकिन यह एक तरह से अभिभूत करने वाला था जिसने मुझे उत्साहित और खुश दोनों किया। इस मैच का माहौल, खासकर जब से यह भारत बनाम पाकिस्तान था, ने सब कुछ एक पायदान ऊपर उठा दिया। यह प्रतिद्वंद्विता वर्षों से चली आ रही है। हमारे बीच मैदान पर कड़ी प्रतिस्पर्धा होती है, इसमें बहुत सारी भावनाएं भी शामिल होती हैं। जुड़ाव, उत्साह - यह एक ऐसा टकराव है जिसे लोग याद करते हैं और बेसब्री से इंतजार करते हैं।'

एकदिवसीय सीरीज से चैम्पियंस ट्रॉफी के पहले लय हासिल करने का अवसर मिलेगा : रुट

नागपुर । इंग्लैंड के अनुभवी बल्लेबाज जो रूट ने कहा है कि भारतीय टीम के खिलाफ होने वाली एकदिवसीय सीरीज से उनकी टीम को चैम्पियंस ट्रॉफी लिए फायदा होगा। रुट के अनुसार इस सीरीज से उनकी टीम के खिलाड़ियों को लय हासिल करने का अवसर मिलेगा। दोनो ही टीमों के बीच 6 फरवरी से तीन मैचों की एकदिवसीय सीरीज होगी। वहीं चैम्पियंस ट्रॉफी 19 फरवरी से पाकिस्तान में खेली जाएगी। रुट के अनुसार एकदिवसीय सीरीज में वे अपना आंकलन कर सकेंगे। इससे टीम को अपनी कमजोरियों को दूर करने का अवसर मिलेगा। चैम्पियंस ट्रॉफी में भाग लेने वाली टीमें जीतने वाले संयोजन का पता लगाने और टूर्नामेंट में जाने से पहले कुछ गति प्राप्त करने के लिए एकदिवसीय सीरीज खेल रही हैं। रूट का मानना ??है कि तीन मैचों की सीरीज उन्हें जीत के इरादे से पाकिस्तान जाने से पहले अच्छी स्थिति में आने का अवसर देगी। उन्होंने कहा, जब आप कुछ करने के लिए प्रतिबद्ध होते हैं, तो आप इसे पूरा करना चाहते हैं और पूरे टूर्नामेंट में खेलना चाहते हैं। इसके साथ ही सभी खिलाड़ी इंग्लैंड और अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट के लिए खेलना चाहते हैं। टी20 सीरीज में भारतीय टीम से मिली हार के बाद हालांकि कोच ब्रेंडन मैकुलम की इंग्लैंड टीम एकदिवसीय प्रारूप में बेहतर प्रदर्शन कर वापसी करना चाहेगी। कोच ने कहा कहा, चैंपियंस ट्रॉफी से पहले तीन एकदिवीसय मैच हमारे लिए एक समूह के रूप में एक साथ रहने और उस टूर्नामेंट में जाने से पहले खुद को वास्तव में अच्छी स्थिति में लाने के लिए वास्तव में लाभदायक साबित होंगे। रूट ने इस प्रारूप में इंग्लैंड के लिए आखिरी बार भारत में आईसीसी पुरुष क्रिकेट विश्व कप 2023 के दौरान खेला था।

ऋषभ पंत का ऐलान- अपनी कमाई का 10 फीसदी हिस्सा करेंगे दान

स्पोर्ट्स डेस्क । भारतीय विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत ने सामाजिक कार्यों को आगे बढ़ाते हुए बड़ी घोषणा की है। पंत ने बुधवार को घोषणा की कि वह अपनी कमर्शियल कमाई का 10 फीसदी ऋषभ पंत फाऊंडेशन को देंगे जोकि जरूरतमंद लोगों के लिए काम करती है। पंत ने सोशल मीडिया पर एक वीडियो और नोट डालकर इसकी घोषणा की। उन्होंने कहा कि मेरे पास जो कुछ भी है वो इस खूबसूरत गेम क्रिकेट के कारण ही है। अब मैं इस पोजीशन में हूं कि लोगों के लिए कुछ कर सकूं। हादसे के बाद जिस तरह आपने मेरा सहयोग किया, प्यार दिखाया उसके लिए शुक्रिया। मैं इसके बारे में बहुत सोचता हूं कि जो लोगों ने मुझे दिया है वो मैं उन्हें वापस भी करूं। इसीलिए मैंने फैसला लिया है कि मैं अपनी कमर्शियल कमाई का 10 फीसदी हिस्सा ऋषभ पंत फाऊंडेशन को दूंगा।

पंत ने इसके साथ एक नोट भी शेयर किया जिसमें उन्होंने लिखा- ईश्वर और जीवन मुझ पर अविश्वसनीय रूप से दयालु रहे हैं, मुझे आशीर्वाद दे रहे हैं। अपने देश के लिए क्रिकेट खेलने के अपने सपने को जीने के अवसर के साथ। मैं प्यार, समर्थन और के लिए बहुत आभारी हूं। अपने क्रिकेट करियर के दौरान मुझे लोगों का खूब प्रोत्साहन मिला। मैंने जाना कि जो मुझे पसंद है उसे करने के लिए मैं कितना भाग्यशाली हूं।

40 से सीधे दूसरे स्थान पर, अभिषेक शर्मा ने आईसीसी टी20आई रैंकिंग में लगाई लम्बी छलांग

नई दिल्ली (एजेंसी)। भारतीय सलामी बल्लेबाज अभिषेक शर्मा आईसीसी द्वारा बुधवार को जारी नई पुरुष ञ्20ढ्ढ रैंकिंग में बल्लेबाजों की सूची में 38 पायदान ऊपर चढ़कर दूसरे स्थान पर पहुंच गए। इससे पहले वह 40वें स्थान पर थे। भारत के दो बेहतरीन फॉर्म में चल रहे सफेद गेंद के खिलाड़ियों को इंग्लैंड के खिलाफ हाल ही में घरेलू श्रृंखला के दौरान मजबूत प्रदर्शन के लिए ढ्ढष्ट पुरुष ञ्20ढ्ढ खिलाड़ी रैंकिंग में बड़ी छलांग लगाकर पुरस्कृत किया गया है।

अभिषेक ने मुंबई में श्रृंखला के पांचवें और अंतिम मैच में 135 रनों की तेज पारी खेलकर अपने नई अंतरराष्ट्रीय करियर की सर्वश्रेष्ठ पारी खेली और इसके परिणामस्वरूप बल्लेबाज ञ्20ढ्ढ रैंकिंग में 38 पायदान ऊपर चढ़ गए। अभिषेक की पारी सिर्फ 54 गेंदों पर पूरी हुई और यह सबसे छोटे प्रारूप में किसी भारतीय पुरुष खिलाड़ी द्वारा खेली गई सर्वोच्च व्यक्तिगत पारी थी। परिणामस्वरूप अनुसार 24 वर्षीय बल्लेबाज नई रैंकिंग में दूसरे स्थान पर पहुंच गए। उन्होंने 55.80 की औसत और 219.68 की स्ट्राइक रेट से 279 रन बनाकर श्रृंखला का समापन शीर्ष स्कोरर के रूप में किया जिसमें एक शतक और एक अर्धशतक शामिल है।

ऑस्ट्रेलिया के स्टार ट्रैविस हेड टी20आई बल्लेबाजों की रैंकिंग में आगे बने हुए हैं, लेकिन वानखेड़े में अपने रिकॉर्ड-तोड़ प्रयासों के बाद अभिषेक उनसे केवल 26 रेटिंग अंक पीछे हैं जबकि भारत के तीन खिलाड़ी शीर्ष पांच में हैं। तिलक वर्मा तीसरे स्थान पर हैं और कप्तान सूर्यकुमार यादव पांचवें स्थान पर खिसक गए हैं और सभी हेड के करीब हैं, जबकि भारत के साथी हार्दिक पांड्या (पांच पायदान ऊपर 51वें स्थान पर) और शिवम दुबे (38 पायदान ऊपर 58वें स्थान पर) भी इंग्लैंड के खिलाफ कुछ अच्छे स्कोर के बाद टी20आई बल्लेबाजों की रैंकिंग में बड़ी छलांग लगाते हैं।

टी20आई गेंदबाजों की ताजा रैंकिंग में भी यही कहानी है। स्पिनर वरुण चक्रवर्ती 14 विकेट (एक पांच विकेट सहित) और जोस बटलर की टीम के खिलाफ प्लेयर ऑफ द सीरीज की बदौलत तीन पायदान ऊपर चढ़कर दूसरे स्थान पर पहुंच गए हैं। टीम के साथी रवि बिश्नोई (चार पायदान ऊपर छठे स्थान पर) भी इंग्लैंड के खिलाफ सीरीज में पांच विकेट लेने के बाद टी20आई गेंदबाजों की सूची में ऊपर आए हैं। शीर्ष पर एक और बदलाव हुआ है, वेस्टइंडीज के स्पिनर अकील होसेन ने एक सप्ताह पहले आदिल राशिद के हाथों हार के बाद फिर से नंबर 1 गेंदबाज का स्थान हासिल कर लिया है।

पाक के साथ मुकाबले में भारतीय टीम प्रबल दावेदार रहेगी : बासित

कराची । पाकिस्तान के पूर्व क्रिकेटर बासित अली ने कहा है कि 23 फरवरी को दुबई में होने वाले आईसीसी चैम्पियंस ट्रॉफी मैच में भारतीय टीम जीत की प्रबल दावेदार रहेगी। भारत और पाक के बीच होने वाले इस मुकाबले का प्रशंसक बेसब्री इंतजार कर रहें हैं। चैम्पियंस ट्रॉफी में हालांकि पाकिस्तान का पलड़ा भारी रहा है। बासित का कहना है कि भारतीय टीम के पास पाक से कहीं अधिक अनुभव है। बासित ने कहा, 70 फीसदी भारत और 30 फीसदी पाक जीत का दावेदार रहेगा। इसका कारण है कि भारत के पास अधिक अनुभवी टीम है। वहीं अगर भारतीय टीम के स्टार खिलाड़ी विराट कोहली और कप्तान रोहित फॉर्म में नहीं रहे तो मुकाबला बराबरी पर आ जाएगा। चैम्पियंस ट्रॉफी 2017 में अपने आखिरी मुकाबले में पाकिस्तान ने फाइनल में भारत को 180 रनों से हराकर बड़ी जीत दर्ज की थी। आठ टीमों के इस टूर्नामेंट में 15 मैच होंगे और ये मैच पाकिस्तान और दुबई में खेले जाएंगे। टूर्नामेंट की तैयारी के लिए दोनों टीमें अपने-अपने अभियान शुरू करने से पहले एकदिवसीय सीरीज खेल रही है। भारतीय टीम जहां इंग्लैंड से तीन मैचों की सीरीज खेल रही है। वहीं पाकिस्तान भी दक्षिण अफ्रीका और न्यूजीलैंड से त्रिकोणीय सीरीज खेलेगी।

समाचार गेट
TITLE CODE : HARHIN11569
स्वामी (मुद्रक, प्रकाशक) रवीना यादव द्वारा साई प्रिंटिंग प्रेस, डी-85, सेक्टर-6, नोएडा 201301, उत्तर प्रदेश से मुद्रित करवाकर कार्यालय मकान नंबर 2, नियर सेक्टर-61, विलेज मलेरना, बल्लभगढ़ फरीदाबाद, (हरियाणा) से प्रकाशित किया। संपादक: कृष्णा शर्मा। संपादकीय कार्यालय: मकान नंबर 2, नियर सेक्टर-61, विलेज मलेरना, बल्लभगढ़ फरीदाबाद, (हरियाणा) पीआरपी एक्ट के अंतर्गत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। सभी विवादों का न्याय क्षेत्र फरीदाबाद न्यायालय होगा। कानूनी सलाहकार: बृहमदत शर्मा, 9818180269, ईमेल : krishna24news@gmail.com

मेरे काम में मदद करती है शोभिता

नागा चैतन्य और शोभिता धूलिपाला ने अपना रिलेशनशिप दो साल तक सीक्रेट रखा। हालांकि, अब भी शादी के बंधन में बंधने के बाद दोनों साथ में बहुत कम तस्वीरें शेयर करते हैं। नागा अपनी फिल्म थंडेल में नजर आने वाले हैं। इस फिल्म के प्रमोशन के द चैतन्य ने अपने रिश्ते को लेकर कुछ बातें की हैं।

तनाव से निकलने में करती हैं मदद

नागा चैतन्य ने अपनी आगामी फिल्म थंडेल के प्रमोशन के दौरान अपने रिश्ते को लेकर भी बात की है। उन्होंने कहा कि उनकी पत्नी काम में भी उनकी बहुत मदद करती हैं। चैतन्य ने कहा कि उनकी पत्नी बहुत समझदार हैं, जो हर तनावपूर्ण परिस्थिति से बाहर आने में उनकी मदद करती हैं। उनके चुने प्रोजेक्ट्स के बारे में उन्हें सलाह देती हैं। हर जरूरी राय उनके काम के बारे में वे हमेशा देती रहती हैं।

पत्नी शोभिता देती हैं सही सलाह

नागा चैतन्य ने कहा, मैं अपने सभी विचार उनके पास लेकर जाता हूं। जब भी किसी तरह की उलझन होती है, तो मैं उनके पास जाता हूँ। जब मैं तनाव में होता हूं, तो वह उसे समझ लेती हैं। वह तुरंत मुझसे पूछती हैं, क्या गड़बड़ है? क्या है? वह निश्चित रूप से मेरी बाउंसिंग बोर्ड हैं। वह मुझे बेहतरीन सलाह देती हैं। उनकी राय बहुत ही तटस्थ होती है और वह सही जगह से सोचती हैं। मैं उनकी राय को बहुत महत्व देता हूं। हर चीज उनके जरिए फिल्टर होती है। वह बहुत समझदार हैं।

इस दिन रिलीज होगी फिल्म

नागा चैतन्य की फिल्म 7 फरवरी 2025 को रिलीज होने वाली है। फिल्म का निर्देशन चंदू मोंडेती ने किया। नागा के साथ इस फिल्म में साई पल्लवी भी नजर आने वाली हैं। इससे पहले नागा चैतन्य को अपनी फिल्म 'लव स्टोरी' के लिए काफी सराहनाएं मिली थीं। इस फिल्म में उनके साथ साई पल्लवी नजर आई थीं। दोनों की केमिस्ट्री को काफी पसंद किया गया था।

एटली की ए6 में हुई रश्मिका की एंट्री

सलमान खान और रश्मिका मंदाना पहली बार सिकंदर में साथ नजर आएंगे। वे इस समय फिल्म की शूटिंग भी कर रहे हैं। इसी बीच एक रिपोर्ट आ रही है कि दोनों डायरेक्टर एटली के अगले प्रोजेक्ट के लिए फिर से साथ आने वाले हैं। बताया जा रहा है कि मेकर्स पुष्पा 2 में रश्मिका की एक्टिंग से बहुत प्रभावित हैं।

सूत्रों के हवाले से बताया है, सलमान खान और रश्मिका मंदाना दोनों ने सिकंदर के सेट पर शानदार काम किया। पुष्पा 2 में रश्मिका की एक्टिंग ने सलमान और एटली दोनों को प्रभावित किया। यही वजह है कि निर्माताओं ने सलमान और एटली की आने वाली फिल्म में भी उन्हें साइन करने का फैसला किया है।

रजनीकांत या कमल हासन की कास्टिंग

दिसंबर 2024 में एटली ने कंफर्म किया था कि उनकी फिल्म में सलमान लीड रोल में नजर आएंगे। इसका नाम अभी तय नहीं हुआ है और इसे ए6 टाइटल दिया गया है। कथित तौर पर एटली भारतीय सिनेमा की सबसे बड़ी फिल्मों में से एक बनाने के लिए रजनीकांत या कमल हासन को लेकर कास्टिंग में बदलाव करने की कोशिश कर रहे हैं।

जल्द होगा धमाकेदार ऐलान

एटली ने बताया ए6 ऐसी फिल्म है, जिसमें बहुत समय और एनर्जी लगती है। हमने स्क्रिप्ट लगभग पूरी कर ली है और हम तैयारी के चरण में हैं। भगवान के आशीर्वाद से जल्द ही एक धमाकेदार ऐलान होगा।

सिकंदर में रश्मिका होंगी

सिकंदर की बात करें तो निर्माताओं ने फिल्म का टीजर जारी कर दिया है। 80 सेकंड के धमाकेदार ट्रेलर में सलमान खान पूरी तरह से एक्शन मोड में नजर आए हैं। ईद 2025 पर रिलीज होने वाली इस फिल्म में सलमान खान और रश्मिका मंदाना के साथ सत्यराज, प्रतीक बब्बर, काजल अग्रवाल और शरमन जोशी जैसे कलाकारों की टुकड़ी है।

एसएसएमबी 29 के लिए प्रियंका चोपड़ा ने ली इतनी मोटी रकम

बॉलीवुड अभिनेत्री प्रियंका चोपड़ा एसएस राजामौली की बहुप्रतीक्षित फिल्म एसएसएमबी 29 में महेश बाबू के साथ लीड रोल में नजर आ सकती हैं। हालांकि, इस खबर की आधिकारिक पुष्टि अभी तक नहीं हुई है, लेकिन रिपोर्ट्स के मुताबिक प्रियंका इस प्रोजेक्ट के लिए तैयारी कर रही हैं।

प्रियंका ने ली मोटी फीस

रिपोर्ट्स के मुताबिक इस फिल्म के लिए प्रियंका चोपड़ा की फीस लगभग 30 करोड़ रुपये बताई जा रही है। बताया जा रहा है कि शुरुआती बातचीत में प्रियंका ने इससे भी ज्यादा फीस की मांग की थी, लेकिन निर्माता और प्रियंका के बीच सफल बातचीत के बाद इस रकम पर सहमति बनी। प्रियंका का नाम जुड़ने से एसएसएमबी 29 की लोकप्रियता भारत के साथ विदेश में भी बढ़ने की उम्मीद जताई जा रही है।

विदेशी कलाकारों को कास्ट करने पर हो रहा विचार

एसएसएमबी 29 को लेकर जो जानकारी सामने आई है उसके मुताबिक फिल्म एक अफ्रीकी एडवेंचर होगी। यह इंडियाना जोंस जैसी क्लासिक फिल्म की लोगों को याद दिला सकती है। फिल्म की टीम विदेशी कलाकारों को भी कास्ट करने पर विचार कर रही है ताकि फिल्म की वैश्विक अपील को और बढ़ाया जा सके।

बड़े बजट में बन रही फिल्म

एसएस राजामौली की फिल्में हमेशा बड़े बजट की शानदार फिल्में बनाने के लिए जाने जाते हैं। एसएसएमबी 29 भी इससे अलग नहीं होने वाली है। महेश बाबू की मौजूदगी और राजामौली की निर्देशन क्षमता इस फिल्म को एक बड़े हिट के रूप में स्थापित कर सकती है।

दो साल से चल रहा काम

यह फिल्म प्री-प्रोडक्शन में लगभग दो साल से तैयार हो रही है। फिल्म की पटकथा विजयेंद्र प्रसाद ने लिखी है जो राजामौली के पिता हैं। इसकी शूटिंग अप्रैल 2025 में शुरू होने की उम्मीद है। फिल्म की शूटिंग के लिए प्रमुख स्थानों में केन्या और आंध्र प्रदेश के बोर्रा गुफाएं शामिल हैं। महेश बाबू ने अपनी भूमिका के लिए कड़ी ट्रेनिंग ली है और उनकी भूमिका का हनुमान से प्रेरित हो सकता है।

लवयापा के ट्रेलर रिलीज पर कांप रही थीं खुशी कपूर

खुशी कपूर सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली फिल्म लवयापा के लिए पूरी तरह तैयार हैं। अभिनेत्री जल्द ही जुनैद खान नजर आएंगी। फिल्म 7 फरवरी 2025 को फिल्म की रिलीज से पहले इस फिल्म की रिलीज को लेकर बात की है। उन्होंने बताया कि फिल्म की रिलीज को लेकर वे बहुत नर्वस हो रही हैं। जब उन्होंने ट्रेलर लॉन्च पर सिनेमा में ट्रेलर और कुछ गाने देखे तो वह कांप रही थीं। खुशी कपूर ने स्वीकार किया कि सिनेमाघरों में लवयापा की रिलीज के साथ उनकी ओटीटी फिल्म, द आर्चीज की तुलना से उन्हें तनाव हो रहा है। उस पल को याद करते हुए जब उन्होंने फिल्म के ट्रेलर लॉन्च पर पहली बार खुद को बड़े पर्दे पर देखा तो खुशी कपूर ने स्वीकार किया कि वह वास्तव में कांप रही थीं। इस फिल्म को सिनेमाघरों में रिलीज किए जाने को लेकर जुनैद ने कहा कि ओटीटी बनाम सिनेमा का सवाल वितरकों के लिए है, न कि कलाकारों के लिए। जुनैद के मुताबिक माध्यम के फर्क से कलाकारों के लिए कुछ भी नहीं बदलता है। अद्वैत चंदन के निर्देशन में बनी लवयापा 07 फरवरी को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

जॉन अब्राहम के हाथ लगी रोहित शेट्टी की एक्शन थ्रिलर फिल्म

बॉलीवुड अभिनेता जॉन अब्राहम की नई फिल्म को लेकर चर्चा शुरू हो गई है। खबर है कि अभिनेता बॉलीवुड के निर्देशक रोहित शेट्टी के साथ अपनी अगली फिल्म के लिए बातचीत कर रहे हैं। रिपोर्ट्स में दावा किया गया है कि यह एक एक्शन थ्रिलर फिल्म होगी। हालांकि, यह फिल्म रोहित शेट्टी की कॉप यूनिवर्स का हिस्सा नहीं होगी।

अप्रैल में शुरू होगी फिल्म की शूटिंग

रिपोर्ट्स के अनुसार, इस फिल्म की कहानी अभी लिखी जा रही है। बताया गया है कि रोहित शेट्टी और जॉन अब्राहम इस फिल्म की शूटिंग अप्रैल, 2025 तक शुरू करने की योजना बना रहे हैं। रिपोर्ट में दावा किया गया कि रोहित के मन में इस फिल्म का आइडिया काफी समय से था। सिंघम अगेन (2024) रिलीज होने के बाद उन्होंने इस प्रोजेक्ट पर काम करना शुरू कर दिया, जबकि गोलमाल 5 की स्क्रिप्ट लॉक हो गई है।

क्या बायोपिक होगी रोहित शेट्टी की फिल्म?

रोहित शेट्टी पुलिस की कहानियों और कॉमेडी फ्रेंचाइजी से आगे जाना चाहते हैं। जॉन के साथ कुछ प्रारंभिक बैठकें हो चुकी हैं। एक रिपोर्ट में कहा गया था कि यह फिल्म मुंबई पुलिस के पूर्व संयुक्त आयुक्त राकेश मारिया की बायोपिक होगी।

फिल्म का शूटिंग शेड्यूल

फिल्म की शूटिंग मुंबई में 45 दिनों तक चलेगी। बताया गया कि अभिनेता और निर्देशक ने संभावित तारीखों पर चर्चा की है। वे दोनों गर्मियों में इसकी शूटिंग करने करना चाहते हैं, जिसके बाद रोहित खतरों के खिलाड़ी 15 की शूटिंग के लिए चले जाएंगे। यह जॉन अब्राहम की योजना के साथ पूरी तरह मेल खाता है, क्योंकि वह अगस्त में आइल ऑफ मैन पर अपनी मोटरसाइकिल रेसिंग फिल्म की शूटिंग शुरू करेंगे।

फरीदाबाद के उभरते हरियाणवी सिंगर भूप्पी ने सीएम नयाब सिंह से की मुलाकात

सीएम नायब सिंह सैनी पर बनाए हुए संगीत की कॉपी भेंट की

समाचार गेट/सुमित गोयल

फरीदाबाद। हरियाणवी सिंगर भूप्पी (भूपेंद्र सैनी) ने हरियाणा के माननीय मुख्यमंत्री सीएम नयाब सिंह सैनी के निवास चंडीगढ़ में मुलाकात की और सीएम सैनी के ऊपर बनाए गए गाने को सुनाया और उस गाने कॉपी उनको भेंट भी की। हरियाणवी संगीत में अपनी पहचान बनाने वाले भूप्पी का जीवन और करियर संगीत के प्रति उनकी गहरी समर्पण और हरियाणवी संस्कृति की छवि को जीवंत बनाने की कहानी है। भूप्पी का जन्म फरीदाबाद के एक छोटे से गाँव अजरोंदा में हुआ था। जहाँ से उनकी संगीत यात्रा की भी शुरुआत हुई। परिवार और गाँव का समर्थन हमेशा उनके साथ रहा, लेकिन संगीत में करियर बनाना उनके लिए कोई आसान काम नहीं था। एक साधारण परिवार से आने वाले भूपेंद्र सैनी को शुरुआत में कई संघर्षों का सामना करना पड़ा।

बचपन से ही संगीत में रुचि थी। हरियाणा के पारंपरिक गीत-संगीत से जुड़े माहौल में पले-बढ़े भुप्पी ने धीरे-धीरे यह समझा कि संगीत ही उनका सच्चा साथी है और उन्होंने इसे अपनी पहचान बनाने का जरिया बना लिया। अपने शुरुआती दिनों में उन्होंने स्थानीय स्तर पर कई छोटे-मोटे कार्यक्रमों में गाना शुरू किया। धीरे-धीरे उनकी आवाज का जादू लोगों पर चढ़ने लगा और उनके नाम की चर्चा हरियाणा के संगीत प्रेमियों के बीच होने लगी उन्होंने हरियाणवी संगीत इंडस्ट्री के कई प्रसिद्ध कलाकारों के साथ काम करना शुरू किया। उनका पहला बड़ा हिट गाना फैन मोदी केथा, जिसने हरियाणवी युवाओं के बीच धूम मचा दी। इस गाने में उनकी मधुर आवाज और हरियाणवी बोलियों का खूबसूरत मिश्रण था, जो श्रोताओं को तुरंत ही पसंद आ गया।

इसके बाद उन्होंने मरोड़ , सेनी गुर्जर ब्रांड, जैसे सुपरहिट गाने गाए, जल्द ही इनके गाने बॉलीवुड में आने वाले हैं। इस उपलब्धि पर उनके पिता अमर सिंह सैनी ने कहा क्यों उनके बेटे ने यहां तक पहुंचाने के लिए बहुत बड़ी मेहनत की है हमें उस पर गर्व है जल्द ही वह हरियाणवी गानों के साथ-साथ बॉलीवुड में भी गाने जा रहा है जल्द ही फरीदाबाद का नाम भी रोशन करेगा।